सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 7:14
आज का तापमान
| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 31 अधि |

बाजार
| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,599.91 |
| निफ्टी | 24,565.35 |

सोना 97,971 चांदी 1,09,819

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


महेंद्र सिंह धोनी बोले- सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 4 अगस्त 2025 | 20 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 217, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला रविवार को रावी नदी में मिंजर विसर्जन की रस्म अदायगी के साथ संपन्न हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का चौपर रविवार को खराब मौसम के चलते चंबा के लिए उड़ान नहीं भर पाया, इसलिए रावी नदी में मिंजर विसर्जन की रस्म विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने निभाई। इससे पहले मिंजर मेले के समापन मौके पर अखंड चंडी पैलेस से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। अखंड चंडी पैलेस से निकली शोभायात्रा का नेतृत्व शहर के प्रमुख देवता भगवान रघुवीर ने किया। शोभायात्रा में भगवान रघुवीर के अलावा स्थानीय देवी-देवताओं ने हिस्सा लिया।

### तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस



**एजेंसी, पटना।** चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को नोटिस भेजा है। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईपिक संख्या आरएबी 2916120 दिखाया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इस ईपिक कार्ड का विवरण और मूल कार्ड आयोग को उपलब्ध कराए, ताकि इसकी गहन जांच की जा सके। वहीं, एनडीए नेताओं ने तेजस्वी के खिलाफ दो वोटर आईडी रखने के मामले में एफआईआर करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### राहुल के घर 7 को विपक्षी गठबंधन की अहम बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की अगली अहम बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हमीरपुर जिले में 20 हजार किसानों ने की प्राकृतिक खेती -पेज 2
- हिमाचल के किसानों को मिला पीएम किसान निधि का लाभ: बिंदल -पेज 3
- हिमाचल में शिमला की ऑर्गेनिक सेब की बर्फी का अनोखा जाइका -पेज 6
- आपदा पीड़ित 4 परिवारों को गोद लेंगे डॉ. एसएस गुलेरिया -पेज 9
- बागवानी में डिजिटल एग्रीटेक सेवाओं पर 5 करोड़ की योजना -पेज 12




# यूपी के गोंडा में सरयू नहर में गिरी बोलेरो, 11 लोगों की मौत

## मरने वालों में एक ही परिवार के 9 सदस्य, जल चढ़ाने मंदिर जा रहे थे

**एजेंसी, गोंडा**

यूपी के गोंडा में तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के 9 सदस्य बताए जा रहे हैं। बोलेरो में 15 लोग थे, जिनमें से 4 को शीशा तोड़कर स्थानीय लोगों ने बचा लिया। मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 बच्चे हैं। ये सभी जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे।

हादसा इतना भयावह था कि बोलेरो से एक भी शख्स खुद बाहर नहीं निकल पाया। वहीं, पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त गाड़ी की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे थी। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी के गेट लॉक हो गए। कुछ ही सेकंड में पूरी गाड़ी में पानी भर गया।

**गाड़ी में 15 थे सवार, 4 को लोगों ने शीशा तोड़कर निकाला**

अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई। जहां हादसा हुआ, वहां आसपास ग्रामीण थे। बोलेरो नहर में गिरती देख वे बचाने के लिए पानी में कूद गए, लेकिन गेट नहीं खोल पाए। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर 4 लोगों को बचाकर बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)



### खदान में श्रमिकों पर गिरी चट्टान, छह की मौत

**बल्लीकुरवा।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में छह प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी। पूरी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम मौके पर भेजी गई है।' (अनंत ज्ञान)

### भारत ने यूएस से अप्रैल से जून तक खरीदा 32 हजार करोड़ का तेल

# ट्रंप के टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद दोगुना हुआ अमेरिका से तेल आयात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल महीने में टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपए का तेल खरीदा था, जबकि 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यह जानकारी न्यूज एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दी है।

आकड़ों की बात करें तो भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच यह आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई, 2025 में जून के मुकाबले 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से खरदा गया। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर पेनल्टी की दी है धमकी



**अमेरिकी** राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीददार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है, इसलिए भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी। बता दें कि भारत अभी भी रूस से अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत तेल इंपोर्ट करता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत अभी रूस से हर दिन 1.15 मिलियन बैरल क्रूड ऑयल खरीदता है।

### रॉयटर्स का दावा भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद किया

**रॉयटर्स** ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीद को रोक दिया है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। रॉयटर्स ने दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है। इसके बाद गत शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है।

### 24 घंटे में 5 फुट बढ़ा पानी, 1365.26 फुट पर पहुंचा

# खतरे के निशान के करीब पहुंचा पौंग बांध का जलस्तर

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

हिमाचल में हो रही तेज बारिश के कारण पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में बांध में 5 फुट जलस्तर की वृद्धि दर्ज की गई है। बांध द्वारा 24 घंटे पहले जारी आंकड़ों के अनुसार जलस्तर 1361.07 फुट था। रविवार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह बढ़कर 1365.26 फुट हो गया है। यह स्तर खतरे के निशान के बहुत करीब पहुंच चुका है। अगर अगले दो दिनों में भी इसी तरह पानी का स्तर बढ़ता रहा तो बांध के फ्लड गेट खोले जा सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पौंग बांध प्रबंधक ने हिमाचल के जिला कांगड़ा, होशियारपुर सहित ब्यास दरिया के किनारे बसे गांवों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जिलाधीशों, स्वास्थ्य अधिकारियों और अन्य विभागों को एडवाइजरी जारी कर दी है।

### 1380 से 1390 फुट तक पानी भरना खतरनाक



**पौंग** बांध की कुल भरण क्षमता 1380 से 1390 फुट तक खतरनाक मानी जाती है। हालांकि इस बांध की अधिकतम क्षमता 1420 फुट है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, बांध में 125099 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। वहीं, 16500 क्यूसेक पानी महाराणा प्रताप झील की 6 टरबाइनों से ब्यास नदी और शाह नहर विराज में छोड़ा जा रहा है।

# हिमाचल पुलिस कांस्टेबल भर्ती का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 15 जून, 2025 को आयोजित हुई इस परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती अभियान में कुल 1088 पद शामिल हैं, जिनमें 380 महिला कांस्टेबल और 708 पुरुष कांस्टेबल के लिए हैं। चयनित उम्मीदवारों को अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह सूची केवल प्रारंभिक है। उम्मीदवारों को अपनी पात्रता साबित करने के लिए सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंचना अनिवार्य है। अंतिम चयन दस्तावेज सत्यापन और अन्य सभी शर्तों को पूरा करने के बाद ही किया जाएगा। किसी भी उम्मीदवार के दस्तावेजों में विसंगति पाए जाने पर उसकी उम्मीदवारी स्वत: निरस्त कर दी जाएगी।

### अब रूस के कुरील में आया 7.0 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के कामचटका में 8.8 तीव्रता के आए भूकंप के बाद अब कुरील द्वीप समूह पर 7.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इस भूकंप के बाद रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कामचटका के तीन हिस्सों में सुनामी की आशंका जताई गई है। रूस के आपात सेवा मंत्रालय ने इसे लेकर रविवार को चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर जारी संदेश में कहा, उम्मीद है कि लहरों की ऊंचाई कम रहेगी, लेकिन इसके बावजूद आपको तट से दूर जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# सेना के अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों को पीटा

## एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा तोड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई, दूसरे का जबड़ा टूट गया। व तीसरे के नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। एयरलाइन की तरफ से भी बयान जारी करके आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं, सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

**सेना ने कहा आरोपी के खिलाफ करेंगे कड़ी कार्रवाई**

दरअसल, 26 जुलाई को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टाफ सदस्यों पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टाफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है, इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। स्टाफ ने जब रोका, तो उसने उनसे मारपीट करना शुरू कर दी। (अनंत ज्ञान)


# नितिन गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर में बम लगाने की झूठी धमकी देने पर एक शख्स को नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नागपुर के डीसीपी रुशिकेश सिंगा रेड्डी ने बताया कि उन्हें एक फोन आया, जिसमें कहा गया कि नितिन गडकरी के घर में बम लगाया गया है और वह जल्द ही फटने वाला है। इस फोन के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बम स्क्वाड को बुलाया गया, केंद्रीय मंत्री के घर की सुरक्षा को सतर्क किया गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बम स्क्वाड ने घर की पूरी तरह से जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तब पुलिस को समझ में आ गया कि यह एक झूठी कॉल है। इसके बाद पुलिस ने फोन करने वाले की लोकेशन ट्रेस की और जल्द ही उसे तलाश कर गिरफ्तार कर लिया। (अनंत ज्ञान)


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार**

ABHILASHI GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
ADMISSION OPEN 2025-26
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH. — B.TECH (CE/EE/CSE), DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE — ITI in ELECTRICIAN, SANITARY HEALTH INSPECTOR, SOLAR TECHNICIAN (ELECTRICAL), FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY — B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES — M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING — B.Sc. NURSING, M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION — D.EL.Ed, B.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply
CONTACT FOR ADMISSION:
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238
Website: www.abhilashi-edu.in, www.tramiet.in
Email: abhilashigroup@gmail.com




### राहत | एचपीएसईबीएल में सालों से अटके मामले सरकार के हस्तक्षेप से 4 महीने में सुलझे

# हिमाचल सरकार ने विद्युत बोर्ड पेंशनर्स को दी राहत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के 16,200 से अधिक पेंशनभोगियों की लंबे समय से लंबित पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बाद एचपीएसईबीएल प्रबंधन ने एक विशेष टीम का गठन कर इन सभी मामलों को केवल चार महीनों में निपटा दिया है। जानकारी के अनुसार, साल 2024 में एचपीएसईबीएल में पेंशनभोगियों के कई मामले लंबित थे, जिसमें चिकित्सा बिलों का भुगतान, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण शामिल था।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित हुई विशेष टीम**

सबसे गंभीर समस्या 16,200 पेंशनभोगियों की पेंशन का छठे वेतन आयोग के अनुसार संशोधन न होना था। इस समस्या को देखते हुए, मुख्यमंत्री सुक्खू ने एचपीएसईबीएल को समयबद्ध तरीके से इन समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। सीएम के निर्देशों के बाद, एचपीएसईबीएल प्रबंधन ने 12 सेवानिवृत्त अधिकारियों और 14 डाटा एंट्री ऑपरेटरों की एक विशेष टीम बनाई। इस टीम ने जुलाई से अक्तूबर, 2024 तक, चार महीने के भीतर ही सभी 16,200 लंबित पेंशन मामलों को संशोधित कर दिया, जिससे हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों का समय पर होगा निपटारा

**विभाग** के अनुसार, इस कदम से न केवल बिजली बोर्ड की प्रशासनिक क्षमता बढ़ी है, बल्कि यह सरकार की अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति के सभी दावों का भी समय पर निपटारा हो।

### भ्रामक सूचना से भ्रमित न हों

**विभाग** ने सभी हितधारकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की भ्रामक सूचना से भ्रमित न हों और कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में एचपीएसईबीएल अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सड़क में गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा

## 500 मीटर तक पड़े गड्ढों की मरम्मत भी नहीं कर पाया एनएचएआई

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर से भोटा सड़क पर मटटन सिद्ध के पास बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा बन गए हैं। गर्मियों से पहले लोगों ने स्थानीय दुकानदारों ने इन गड्ढों को भरने को गुहार लगाई थी, लेकिन कुछ हिस्से को पक्का कर बाकी हिस्से में पड़े गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया।

भारी बरसात के चलते अच्छी खासी सड़कों को नुकसान हुआ है। वहीं इस सड़क पर पड़े गड्ढों को और भी गहरा कर दिया है। अब छोटे-छोटे गड्ढे बारिश से काफी गहरे हो गए हैं जिससे कोई भी छोटा या बड़ा वाहन ले जाना आसान नहीं है। ऐसा ही एक गड्ढा मटटन सिद्ध मंदिर के मोड़ पर बना हुआ है वहां से छोटे वाहन ले जाना तो मुश्किल है बसों को भी एक तरफ से निकाला जा रहा है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, ऐसे में मानों विभाग अभी तक हादसे का ही इंतजार कर रहा है।



लोगों को सता रहा हादसे का डर

**गौर** रहे कि यह हमीरपुर से भोटा जाने वाली सड़क पहले नेशनल हाइवे विभाग के पास थी, लेकिन जब से फोरलेन बनाने का कार्य शुरू किया गया है तब से यह सड़क एनएचएआई के अधीन आ गई है। व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अनिल सोनी व स्थानीय दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई विभाग से इन गड्ढों को भरने का आग्रह किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसकी वजह से इस सड़क पर हमेशा हादसे का डर लोगों और वाहन चालकों को सता रहा है।

### सड़क की मरम्मत करवाने में विभाग भी कतरा रहा

**लोगों** ने सीमेंट से गड्ढों को भरा था, लेकिन वो भी अब उखड़ने लग पड़े हैं। विभाग द्वारा ठेकेदार को गड्ढों को भरने के लिए कहा था, लेकिन बजट न होने पर काम रोक दिया था। सरकारी विभागों की गाड़ियां भी इसी सड़क से गुजरती हैं, फिर भी विभाग इस सड़क की मरम्मत करवाने से कतरा रहा है।

### एनएचएआई ही करेगा सड़क की मरम्मत : दीपक

**लोक** निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने बताया कि हमीरपुर से भोटा जाने वाली सड़क एनएचएआई के अधीन हो गई है। इसलिए न तो एनएच विभाग और न ही लोक निर्माण विभाग के पास बजट है। अब इस सड़क की मरम्मत एनएचएआई विभाग ही करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महाविद्यालय को दान किया वाटर कूलर



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय नादौन को राशिद अहमद लाइब्रेरियन राजकीय महाविद्यालय नादौन द्वारा एक 150 लीटर का अत्याधुनिक वाटर कूलर भेंट किया गया। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम ने इस अत्याधुनिक वाटर कूलर का उद्घाटन किया। अत्यधिक गर्मी से विद्यार्थियों को राहत देने के लिए राशिद अहमद ने सराहनीय पहल की है। इससे अब महाविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। महाविद्यालय प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम ने इस कार्य के लिए राशिद अहमद का आभार व्यक्त किया।

### शौचालय का टैंक चढ़ा भूस्खलन की भेंट

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज ग्राम पंचायत बजड़ोह के अंतर्गत आने वाले गांव बड़ोह में बीती रात भारी बारिश के चलते सिमरो देवी पत्नी स्वर्गीय ब्रह्म दास के घर के पास बने शौचालय टैंक के साथ भूस्खलन से शौचालय टैंक क्षतिग्रस्त हो गया है। सिमरो देवी के सुपुत्र कृष्ण चंद ने बताया कि उन्होंने आज से दो साल पहले बरसात के समय भी संबंधित ग्राम पंचायत में शिकायत दर्ज करवाई थी उस समय भी बरसात में टैंक के नीचे की जगह पर भूस्खलन हुआ था, लेकिन अभी तक विभाग और पंचायत की तरफ से किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई, जिसका खमियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। शौचालय का टैंक तो भूस्खलन की भेंट चढ़ गया और साथ में मकान को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। वार्ड सदस्य कमलेश कुमारी ने भी मौके की रिपोर्ट ली और ग्राम पंचायत प्रधान को सारे मामला से अवगत करवा दिया है। ग्राम सुधार सभा के पूर्व उपप्रधान राकेश शर्मा ने कहा जिस समय सड़क का निर्माण हुआ उस समय विभाग ने साथ के साथ सुरक्षा दीवारें क्यों नहीं लगाई जिसके कारण आज ग्रामीणों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

### जमली धाम में रूद्र महा अभिषेक शुरू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुर द्वारा गोशाला परिसर जमली धाम में 9 अगस्त को जिला के पहले महाकाल ज्योतिर्लिंग की स्थापना हो रही है जिसके लिए आज से आचार्य सुनील गौतम (सोनू) के नेतृत्व में 18 विद्वानों द्वारा रूद्र महा अभिषेक का कार्यक्रम रविवार प्रातः 9 बजे से शुरू हो गया। इस कार्यक्रम में दर्जनों शिवभक्त भाग ले रहे है। कमेटी द्वारा सर्वप्रथम सभी आचार्यों को श्री फल व अंग वस्त्र देकर सुशोभित किया गया उसके बाद, गोशाला परिसर की परिक्रमा करने के बाद शाम 5 बजे तक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम होता रहा। 6 दिनों तक कार्यक्रम चलता रहेगा।

### वरिष्ठता सूची जारी करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड हमीरपुर के प्रधान नरेश शर्मा ने अपनी संपूर्ण कार्यकारिणी सहित उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कमल किशोर भारती का जेबीटी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी करने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उपनिदेशक के अथक प्रयासों एवं सूझबूझ से वर्षों से लंबित जेबीटी अध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी हो पाई है। जिसका सारा श्रेय प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक एवं उनके स्टाफ को जाता है, क्योंकि वरिष्ठता सूची जारी न होने पर अध्यापकों की पदोन्नति नहीं हो पा रही थी। प्राथमिक शिक्षक संघ खंड हमीरपुर ने प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षक संघ ने उपनिदेशक से मांग की है कि केंद्रीय मुख्य शिक्षकों और मुख्य शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र अति शीघ्र की जाए ताकि पात्र अध्यापकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

### श्रावण मास पर शतरुद्री यज्ञ का आयोजन



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण गोपाल गोशाला, भदरूं धनेटा में भक्तिभाव और विधिपूर्वक शतरुद्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भक्तजन शामिल हुए। यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और आचार्य पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक के साथ हुआ। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। रुद्राभिषेक के पश्चात हवन का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रावण मास में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और गो सेवा के महत्व को भी बल मिलता है। अगले कल इस शतरुद्री रुद्राभिषेक का समापन हो जाएगा, जिसमें क भाग लेंगे और रुद्राष्टाध्यायी का पाठ करके शतरुद्री यज्ञ को संपन्न करेंगे जिसमें काफी लोग भाग लेंगे।

### चोरी की तीन बाइकों में एक चंडीगढ़ से बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना के तहत तीन बाइकों की चोरी मामले में पुलिस ने एक बाइक चंडीगढ़ से बरामद की है। चोर इस बाइक को यहां पर खड़ी कर चला गया। पुलिस आरोपियों को ढूंढने का प्रयास कर रही है। तीन बाइकों की चोरी में एक ही गिरोह के संलिप्तता की आशंका है। दो दिन के भीतर बाईपास पर हमीर पब्लिक स्कूल के समीप और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दो बाइकें चोरी हो गई थीं। इससे पहले एक बैंक कर्मी की भी बाइक चोरी हो गई। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि चोरी की बाइक चंडीगढ़ से बरामद कर ली है। मामले में जांच जारी है।

# नादौन के भवड़ा में 45 लाख से विकसित हो रहा भव्य गुग्गा धाम



निर्माणाधीन गुग्गा धाम में पौधरोपण के बाद मुख्यमंत्री की माता लोगों से चर्चा करती हुई।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन विकास खंड की पंचायत अमलेहड़ के गांव भवड़ा पर्यटन स्थल बनकर उभरेगा इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। गांव के धार्मिक स्थल गुग्गा मंदिर को लगभग 45 लाख की लागत से गुग्गा नाम के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भवड़ा में श्री गुग्गा धाम जन सेवा परिसर एवं वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना मनरेगा एवं अन्य विकास योजनाओं के समन्वय से साकार हो रही है। यहां जनसहयोग से श्री गुग्गा महाराज की 20 फुट ऊंची रथ पर सवार भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यह परिसर सामुदायिक भवन, हॉल, किचन शेड, ग्राउंड, शौचालय तथा पंचवटी वाटिका जैसी सुविधाओं से युक्त होगा जिससे आम लोगों को सार्वजनिक कार्यक्रमों, ओपन जिम, विश्राम वाटिका व चिल्ड्रन पार्क की भी सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री की पूज्य माता संसार देवी द्वारा गुग्गा धाम परिसर में पौधरोपण किया गया, जो इस स्थल को आध्यात्मिक गरिमा को विशेष आयाम प्रदान करता है। बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर ग्रामीण पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। 45 लाख की लागत से बन रहा यह परिसर अगले एक माह में पूर्ण हो जाएगा, जिससे पार्क सहित अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर आमजन को उपलब्ध होंगी।

# टीजीटी कला संघ ने जारी की चुनावी अधिसूचना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने खंड, जिला और प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव हेतु अंतिम अधिसूचना जारी कर दी है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर द्वारा अधिसूचना के अनुसार सदस्यता अभियान पूर्ण करते हुए 15 से 20 अगस्त तक खंड कार्यकारिणी, 31 अगस्त तक कार्यकारिणी और 15 सितंबर तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

जिला और खंड चुनावों का जिम्मा पर्यवेक्षक और निरीक्षक निभाएंगे। इसके लिए कांगड़ा में कुलबीर सिंह, टीजीटी पर्यवेक्षक, यशपाल सिंह निरीक्षक, चंबा में राजेंद्र पर्यवेक्षक, डॉ. मोहिंद्र निरीक्षक, ऊना में रामपाल सौंखला पर्यवेक्षक, जरनैल निरीक्षक, हमीरपुर में संजय पर्यवेक्षक, अजय कुमार निरीक्षक, बिलासपुर में राकेश पर्यवेक्षक, पवन धीमान निरीक्षक, मंडी में विजय पर्यवेक्षक, पीसी चैहान निरीक्षक, कुल्लू में सुभाष भारती पर्यवेक्षक, दिनेश निरीक्षक, शिमला में रमेश पर्यवेक्षक, डॉ. अजय निरीक्षक, सिरमौर में बृजेश अत्री पर्यवेक्षक, मनोज निरीक्षक, सोलन में अमित पर्यवेक्षक, नरेश निरीक्षक, किन्नौर में कपिल नेगी किन्नौर, नरेंद्र निरीक्षक, लाहौल स्पीति में रिग्जिन संदप पर्यवेक्षक, अजीत निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। संघ के संस्थापक सदस्य राकेश कानूनगो, सोमदत्त कालिया, सुरेश पन्याली को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### लॉटरी प्रणाली को शुरू करने का फैसला निंदनीय: राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लॉटरी प्रणाली को फिर से शुरू करने के फैसले की कड़ी निंदा की है, जिसकी घोषणा चार



दिवसीय महामंथन समिति की बैठक के प्रमुख निष्कर्षों में से एक के रूप में की गई थी। इस कदम को एक विनाशकारी और प्रतिगामी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि यह फैसला एक ऐसी सामाजिक बुराई को वापस लाता है जिस पर लोगों ने कभी बड़ी मेहनत से विजय पाई थी। राकेश ठाकुर ने कहा कि लॉटरी से आय बहुत कम थी बमुश्किल 4-5 करोड़ रुपए परंतु इसकी क्षति बहुत बड़ी थी।

# व्यापारी पार्किंग में खड़ी करें गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, जाहू**

व्यापार मंडल लदरौर और स्थानीय पुलिस प्रशासन के मध्य एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर मंथन किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी व्यापारी अपनी अपनी गाड़ियां दुकानों के आगे लगाने के बजाय शहर से बाहर पार्किंग में लगाए ताकि समान की खरीदारी करने के लिए शहर में आने वाले उपभोक्ता अपनी गाड़ी में आकर आराम से सामान की खरीदारी कर सके तथा कुछ समय के लिए अपनी गाड़ियां शहर में दुकानों के सामने लगा सके। इससे आम जनता की परेशानी भी दूर होगी तथा व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा, वहीं इस बैठक में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बसों को निर्धारित स्थानों पर खड़ी करने का भी निर्णय लिया गया तथा बस संचालकों को हिदायत दी गई कि वे निर्धारित समय पर ही गाड़ी चलाना सुनिश्चित करें तथा चौक पर गाड़ी न मोड़ें।



बैठक के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी और व्यापार मंडल के सदस्य।

- बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था पर किया मंथन
- बस मालिकों से निर्धारित स्थानों पर ही बस खड़ी करने का किया आग्रह

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान मदन शर्मा, सचिव सुदेश कुमार, उपप्रधान अक्षय शर्मा व सचिन कुमार, प्रेमलाल संख्यान, कर्म चंद, लीलाधर गुप्ता व सुशील शर्मा सहित व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### धूम्रपान करने पर 19 के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा धूम्रपान व तम्बाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध जारी अभियान की के तहत समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तम्बाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करने पर कार्रवाई करते हुए 19 लोगों के चालान करके कुल 1900 रुपए जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए तम्बाकू के सेवन के दुष्प्रवाभों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है।

# कांग्रेस ने प्रदेश को बदहाली की ओर धकेला : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा फिर से लॉटरी शुरू करने के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने पहले तो प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेला अब लॉटरी के जरिए ये परिवारों को बर्बाद करना चाह रहे हैं।



- कहा-लॉटरी के जरिए परिवारों को बर्बाद करना चाह रहे

अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब से मौजूदा कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है इन्होंने एक से बढ़कर एक जनविरोधी फैसले लेकर देवभूमि को त्रस्त करने का काम किया है। कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीतियों ने प्रदेश को आर्थिक बदहाली के की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और इनके कुप्रबंधन के चलते हिमाचल एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के कर्जे में डूब गया है।

बेपरवाह कांग्रेस सरकार प्रदेश सरकार के निशाने पर हिमाचल की भोली-भाली जनता और परिवार हैं। हिमाचल में फिर से लॉटरी शुरू कर ये सरकार छात्रों, युवाओं, दुकानदारों और नौकरीपेशा लोगों को बर्बाद करना चाहती है। लॉटरी को फिर से शुरू करना जनता के आर्थिक हितों के साथ खिलवाड़ है।

आर्थिक नीतियों के अभाव में चल रही यह सरकार अपना खजाना भरने के लिए लोगों के घरों को लुटाना चाह रही है। अनुराग ने कहा कि लॉटरी के दुष्प्रभाव के चलते कई परिवार बर्बाद हो गए थे इसी कारण इसे बंद किया गया था, लेकिन कांग्रेस सरकार द्वारा पुनः शुरू करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। युवाओं को नौकरी देने की बजाय यह सरकार उन्हें लॉटरी खरीदने या बेचने में लगा रही है।

# राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने एक बार फिर मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि हिमाचल में अब कुछ भी गलत मुमकिन बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार ऐसे फैसले ले रही है जो आम जनता के साथ-साथ प्रदेश के दुर्भाग्य को भी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सरकारी नियुक्तियां अब मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत मर्जी पर हो रही हैं। इसका ताजा उदाहरण बिजली बोर्ड के असिस्टेंट अकाउंट्स ऑफिसर अविनाश की नियुक्ति है, जिसे बिना किसी नियमानुसार प्रक्रिया के पहले एएओ फिर 2023 में जनरल मैनेजर और अब केवल दो साल में ही डायरेक्टरेट ऑफ एनर्जी का ज्वाइंट डायरेक्टर बना दिया गया है।

यह नियुक्ति खुलेआम अवहेलना का बड़ा उदाहरण है। इस पदोन्नति में न तो कोई वैकेंसी नोटिफिकेशन जारी हुआ, न ही पब्लिक सर्विस कमीशन की मंजूरी ली गई। सरकार ने सिर्फ अपने क्षेत्र के चहेते अफसर को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रख दिया।

# मोटापे के कारण लग रही अनेक बीमारियां : निखिल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन प्रेजेंट टीम मेंबर निखिल कानूनगो हर रोज सैकड़ों जिंदगियों को बदल रहे हैं। हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन की फैमिली-डे प्रोग्राम में लोगों को फिट एवं फाइन रखने का जो बीड़ा उठा रखा है उसे आगे बढ़ते हुए कानूनगो ने कहा कि मानव शरीर में मोटापे के चलते अनेकों बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है।

उन्होंने कहा अगर जीवन में हमेशा के लिए फिट रहना है तो खान पीन की आदतों को बदलना तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वास्थ्य वर्धक न्यूट्रीश फूड लेने से मानव शरीर में जो एक्स्ट्रा फैट्स होते हैं वह कम हो जाते हैं हर एक व्यक्ति आज स्वस्थ और दूसरों के सामने एकदम सुंदर दिखे इसके लिए कई तरह के प्रलोभन में भी आ जाता है परंतु हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन को अपने से हर एक व्यक्ति अपनी जीवन शैली को शत प्रतिशत बदलकर एकदम सुंदर दिखने लगता है। हर्बलाइफ न्यूट्रिशन में प्रेजेंट टीम मेंबर निखिल कानूनगो ने अपनी एक लीडरशिप के चलते आज दिन तक 15000 तक करीब लोगों की जिंदगियों को संभारा है। फैमिली-डे कार्यक्रम में आए हुए लोगों का मनोरंजन करना उनका मनोबल बढ़ाना तथा जीवन शैली को कैसे स्वस्थ रखना इस पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए।



स्वस्थ शरीर के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देने के दौरान लोगों के साथ निखिल व अन्य।

# लदरौर कलां में डंगा गिरने से घर को बना खतरा

**अनंत ज्ञान, जाहू**

लदरौर खुर्द गांव में नरेश ठाकुर के घर के साथ लगा डंगा भारी बारिश के कारण अचानक गिर गया। इस स्थान पर भूस्खलन होने से डंगे का मलबा लदरौर कलां से धसमाहीं सड़क पर पड़ गया जिससे सड़क पर आवाजाही बाधित हो गई।

भवन मालिक नरेश ठाकुर ने बताया कि इससे पांच कमरों वाले रिहायसी मकान को खतरा पैदा हो गया है। डंगे के साथ मिट्टी भी बह जाने के कारण घर के पिल्लर व नींब भी खोखली हो चुकी है। इससे घर के गिरने का खतरा पैदा हो गया है।



इससे करीब दो लाख रूपए से अधिक नुकसान होने का अनुमान है। झरलोग पंचायत प्रधान मोनिका देवी का कहना है कि हल्का पटवारी को नुकसान की रिपोर्ट बनाने को कहा गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर पडे मलबे को जेसीबी मशीन से हटा कर सड़क को वाहनों के लिए खोल दिया।

### रोपड़ी-बिझड़ी सड़क पर गिरे मलबे को जेसीबी से हटाया

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा वाया रोपड़ी-बिझड़ मार्ग पर भारी बारिश के कल रात के समय ल्हासे और चट्टाने गिरने से सड़क मार्ग छोटे व बडे वाहनों के लिए बंद हो गया था। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने सड़क पर गिरे लहासे को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया है।

अब इस मार्ग से छोटे व बड़े जा सकते हैं। लोक निर्माण विभाग के भोटा के कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार का कहना है कि बारिश होने का वजह से भोटा वाया रोपड़ी बिझड़ मार्ग पर गिरे लहासे और चट्टानों को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया और अब वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

### मार्बल के नीचे दबने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर में जिला अस्पताल डॉ. आरकेजीमसी हमीरपुर से एक व्यक्ति को मृत हालत में अस्पताल लाने की सूचना प्राप्त हुई।

थाना पुलिस द्वारा जिला अस्पताल हमीरपुर पहुंचने पर गहनता से हालात जांच करने पर पाया कि मृतक व्यक्ति रमेश कुमार पुत्र विद्या राम गांव उतरना डाकघर गुडरिया तहसील व जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था जो रविवार सुबह गांव बोहणी में एक ट्रक से मार्बल उतारते समय मार्बल के नीचे दब गया जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों के बयान कलमबद्ध किए गए। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

**पहल** गांव-गांव में जगाई जा रही प्राकृतिक खेती की अलख

# जिले में 20 हजार किसानों ने की प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रयास सराहनीय परिणाम लाने लगे हैं।

जिला हमीरपुर के गांव-गांव में आतमा परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती की अलख जगाई जा रही है और किसानों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में 20 हजार से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। प्राकृतिक खेती आरंभ करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से दी जा रही सबसिडी और इस विधि से तैयार फसलों के लिए उच्च दाम निर्धारित किए जाने से किसानों को डबल फायदा हो रहा है। प्राकृतिक खेती से स्वयं के लिए सुरक्षित खाद्यान्न पैदा कर रहे हैं, वहीं खाद्यान्नों को उच्चतम दाम मिलने से आय भी अर्जित कर रहे हैं।

उनकी खेती की लागत लगभग शून्य हो गई है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी अच्छी होने लगी है। सरकार ने प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के लिए विशेष रूप से 40 प्रति किलोग्राम, गेहूं के लिए 60 और हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम दाम निर्धारित किए हैं।

### प्राकृतिक खेती के लिए दिया जा रहा अनुदान

**आतमा** परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को देसी गाय की खरीद पर 25 हजार का अनुदान दिया जाता है। पांच हजार की परिवहन सबसिडी तथा पशु मंडी की दो हजार तक की फीस की अदायगी परियोजना के तहत की जाती है। जरूरी सामग्री तैयार करने तथा ड्रम इत्यादि के लिए भी 2250 रुपए तक सबसिडी का प्रावधान किया गया है।

### प्राकृतिक खेती बनी नई उम्मीद

**नादौन** उपमंडल की ग्राम पंचायत अमलैहड़ की शकुंतला देवी और सुषमा देवी, आतमा परियोजना से जुड़े धनेटा क्षेत्र के सुनील दत्त और अन्य किसानों का कहना है कि प्राकृतिक खेती उनके लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। इससे जहां उनकी खेती की लागत कम हुई है, वहीं उनकी फसलों को काफी अच्छे दाम भी मिल रहे हैं तथा उनका खान-पान भी जहरमुक्त हुआ है।

### मदन लाल कौंडल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक मदन लाल कौंडल के आकस्मिक निधन से कांग्रेस संगठन व क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि मदन लाल कौंडल संगठन के प्रति अत्यंत निष्ठावान और समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने हमेशा समाज सेवा और संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्य किया।

उनका योगदान कांग्रेस परिवार के लिए अमूल्य है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करें। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी मदन लाल कौंडल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# मदन लाल कौंडल को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला कांग्रेस सेवादल हमीरपुर के पांच बार अध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन लाल कौंडल के निधन पर कांग्रेस जनों सहित क्षेत्र भर में शोक की लहर छा गई। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा में प्रदेश के असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के चेयरमैन राजीव राणा ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

राजीव राणा ने कहा कि मदन लाल कौंडल जी एक कर्मठ और निष्ठावान कांग्रेस सिपाही थे। अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा, एपीएमसी चेयरमैन अजय शर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के कोऑर्डिनेटर करतार चंद भाटिया, सेवादल भोरंज से सुरेंद्र जरियाल, प्रताप कंवर, राजेश, मोहिंद्र शहोत्रा, नितिन राणा, सुनील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस का झंडे से पार्थिव देह पर पुष्प चढ़ाकर अंतिम सम्मान दिया गया।





*पंचायतनामा की इस सीरीज में आज हम बात शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र की रतनाड़ी पंचायत की करेंगे, जहां की बेपनाह खूबसूरती और लाल-लाल सेबों के बागान हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। हमारी यह पड़ताल इस जगमगाती तस्वीर के पीछे छुपी जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए है। 'अनंत ज्ञान' ने यहां के प्रबुद्ध नागरिकों से सीधी बातचीत की, जहां सेब का मुद्दा सबसे ज्यादा हावी रहा। इसके अलावा, सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं पर भी लोगों ने खुलकर अपनी राय रखी।*

## कोटखाई की रतनाड़ी पंचायत

# सेब बागवान बेहाल

# प्रशासन-विशेषज्ञों से अधूरी आस



विकास के वादे अधूरे, जमीनी हकीकत कुछ और, फंड में भारी कटौती, खस्ताहाल सड़कें और पगडंडियां बनी मुसीबत

विशेष रिपोर्ट
सत्यदेव भारद्वाज
शिमला

### समान विकास और पंचायत की कोशिशें बेहतर : पंचायत प्रधान



**रतनाड़ी** पंचायत की प्रधान कुसम लता ने दावा किया कि उनकी पंचायत में सार्वजनिक और सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी गांवों में समान रूप से राशि आवंटित की जा रही है और इसमें कोई भेदभाव नहीं है। मनरेगा का फंड भी सभी गांवों में समान रूप से वितरित हो रहा है। मैं बागवानी विभाग की टीमों को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने का प्रयास कर रही हूं। अपने कार्यकाल के बाकी बचे 3-4 महीनों में मैं पूरी लगन से काम करूंगी।

### सेब की फसल में आ रही समस्या बड़ी चिंता : हेमराज चौहान

**सेब** की फसल में आ रही समस्याओं को लेकर जब बागवान हेमराज चौहान से बात की तो उन्होंने बताया कि हमारे इलाके में बागवान बहुत परेशान हैं। सेब की फसल की हालत ठीक नहीं है और हम यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि कौन-सी दवा (स्प्रे) का इस्तेमाल करें। जब बागवानी विशेषज्ञों की टीम आती है, वो सिर्फ पंचायत के मुख्यालय तक जाती है और दिखावटी प्रदर्शन करके लौट जाती है, जबकि असली समस्या और अधिकांश बगीचे ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। वे केवल खानापूर्ति करते हैं, जिससे हमें कोई फायदा नहीं होता। हमारे सेब के पौधों में रूट रोट और अन्य बीमारियां बहुत ज्यादा फैल रही हैं। हमें सही जानकारी नहीं मिल पाती।



इसके अलावा, मिट्टी और पत्तियों की जांच में भी हमें गुमराह किया जाता है। विभाग कभी कुछ बताता है, तो कभी कुछ, लेकिन इसका नतीजा हमेशा शून्य ही निकलता है। हमारे गांव में सड़कें तो हैं और हर बगीचे तक गाड़ी से पहुंच सकते हैं, लेकिन यहां की पगडंडियों की हालत बहुत खराब है। हम मुश्किल से चल पाते हैं। पंचायत स्तर पर इस तरह के विकास में कमी साफ नजर आती है। यह एक गंभीर मुद्दा है।

### मनरेगा फंड में कटौती और विकास की रुकावट : बबलू शर्मा

**ग्रामीण** बबलू शर्मा ने बताया कि हमारी पंचायत में मनरेगा के फंड में कटौती बड़ा मसला है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कटौती एक तरह से हमारे विकास को रोकने का काम कर रही है, क्योंकि अब हम ग्रामीण विकास के काम ठीक से नहीं करवा पा रहे हैं और लोगों को रोजगार भी नहीं दे पा रहे हैं। बबलू ने पंचायत स्तर पर विकास में आ रही एक और बड़ी रुकावट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत मिलने वाला फंड पहले एक लाख रुपए था, जिसे घटाकर अब 50 हजार कर दिया गया है। यह राशि इतनी कम है कि पंचायत ग्रामीण विकास के छोटे-मोटे काम भी ढंग से नहीं करवा पा रही है, जिससे गांव के विकास का काम ठप हो गया है और जरूरतमंद लोगों को रोजगार के अवसर भी नहीं मिल पा रहे हैं। उनके अनुसार, यह कटौती एक तरह से हमारे विकास को रोकने का काम कर रही है।



### विजय बोले-आपदा के साल बाद भी रास्ते और डंगों के लिए नहीं मिला फंड

**ग्रामीण** विजय शर्मा ने कहा कि हमारी पंचायत में आपदा आए हुए एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन लोगों को न तो कोई स्वीकृति मिली है और न ही डंगे लगाने के लिए कोई सहयोग दिया गया है। साथ ही, गांव के रास्ते भी बेहद खराब हैं और उनकी मरम्मत के लिए अब फंड जारी नहीं हो रहा है, जिससे बागवानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है। विजय ने गांव के रास्तों की खस्ता हालत पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि गांव की पगडंडियां पक्की होनी चाहिए, लेकिन पंचायत इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इसके लिए जो फंड आते हैं, वे सही तरीके से प्रदान नहीं किए जाते, जिसकी वजह से पगडंडियां कच्ची रह गई हैं। उन्होंने कहा कि वे पंचायत को इस बारे में बार-बार बताते हैं, लेकिन पंचायत इस पर जरा भी ध्यान नहीं दे रही है। इस वजह से उन्हें और गांव वालों को बहुत दिक्कत आ रही है और उनका खेत जाना भी मुश्किल हो गया है।



### रतनाड़ी और बाघी पंचायत का किया एकसमान विकास : हरिदत्त

**पंचायत** समिति सदस्य हरिदत्त ने कहा कि रतनाड़ी और बाघी पंचायतों में समान विकास किया है। हमारी प्राथमिकता रही है कि कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। मैंने दोनों पंचायतों में समान रूप से 6-6 लाख रुपए की राशि आवंटित की। रतनाड़ी में हमने एक आधुनिक व्यावसायिक परिसर बनाया है, जिससे हमें हर महीने अच्छी आय हो रही है। इस आय का उपयोग हम गांव की सफाई व्यवस्था और गरीबों के उत्थान के लिए कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम अपनी पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि यह सच है कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का भरपूर आशीर्वाद हमें मिला है, लेकिन एक बीडीसी सदस्य के रूप में मेरी मुख्य भूमिका स्थानीय समस्याओं को पहचानना और उन्हें उचित स्तर तक पहुंचाना रही है। मैंने गांव-गांव जाकर लोगों से बात की, उनकी समस्याओं को समझा और फिर उन समस्याओं की एक सूची बनाकर ग्राम पंचायत और जिला प्रशासन के सामने रखी।



## पूर्व पंच राकेश शर्मा बागवानी के बढ़ते संकट को लेकर चिंतित

**पूर्व** पंच राकेश शर्मा ने कहा कि हमारे इलाके में बागवानी विभाग की बड़ी कमियां हैं। यह केवल एक समस्या नहीं, बल्कि हमारे लिए एक संकट है। हमारे बगीचों पर हर साल बीमारियों का एक नया और गंभीर हमला होता है। सबसे निराशाजनक बात यह है कि बागवानी विभाग के विशेषज्ञ जो रिपोर्ट भेजते हैं, वह सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती है। वे जमीनी हकीकत को नहीं समझते और उनकी सलाह से हमें कोई मदद नहीं मिलती। यही वजह है कि हमारा उत्पादन लगातार गिर रहा है और हमारा बागवानी क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है। इसके अलावा, हमारे क्षेत्र में कई और गंभीर समस्याएं भी हैं। 2023 की आपदा से हुए नुकसान की भरपाई को लेकर भी स्थिति गंभीर है। आपदा आए हुए एक साल से ज्यादा हो गया है, हमने सभी जरूरी फाइलें जमा कर दी थीं, लेकिन आज तक न तो हमें कोई स्वीकृति मिली है और न ही हमें डंगे लगाने के लिए कोई सहयोग दिया गया है। ऐसा लगता है कि हमारी पंचायतें पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। गांव के रास्ते भी बेहद खराब हालत में हैं और उनकी मरम्मत के लिए अब फंड जारी नहीं हो रहा है, जिससे बागवानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में बहुत दिक्कत हो रही है।



### जनभागीदारी से हरियाली और समृद्धि की ओर बढ़ता हिमाचल

# राजीव गांधी वन संवर्धन योजना से गांव होंगे सशक्त

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला** हिमाचल में हरित आवरण को बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की है। इस 100 करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से पारंपरिक पौधरोपण की जगह जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे हजारों ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

जानकारी के अनुसार, इस योजना में महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और अन्य सामुदायिक संगठनों को शामिल किया जा रहा है। ये समूह बंजर वन भूमि पर पौधरोपण और उनके रख-रखाव का काम करेंगे। इससे एक तरफ जहां राज्य का हरित आवरण बढ़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ ग्रामीण समुदायों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। यह योजना



जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने, पारिस्थितिकी तंत्र को सुधारने और ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इस योजना की सफलता के लिए हर सामुदायिक संगठन को अधिकतम 5 हेक्टेयर तक की खाली या बंजर वन भूमि आवंटित की जाएगी। वन विभाग गुणवत्तापूर्ण पौधे उपलब्ध कराएगा और नियमित रूप से उनकी निगरानी भी करेगा। योजना को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक हेक्टेयर के लिए 1.20 लाख की धनराशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, रोपे गए पौधों के जीवित रहने की दर के आधार पर 1.20 लाख प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

#### पौधों की जियो-टैगिंग और निगरानी को पोर्टल तैयार

**इस** पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पौधों की जियो-टैगिंग और उनकी निगरानी के लिए एक समर्पित पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। सभी भुगतान सीधे संगठनों के बैंक खातों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से किए जाएंगे, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

#### वन संरक्षण के प्रति लोग होंगे जागरूक

**इस** योजना का उद्देश्य सिर्फ वन क्षेत्र का विस्तार करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, जैव विविधता को बढ़ावा देना और वन संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना भी है।

### शिमला में भूस्खलन से चलती कार पर गिरी चट्टानें एक की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के सुन्नी में मांदरी से चनावग की ओर जा रही एक कार रविवार को भूस्खलन की चपेट में आ गई। यह हादसा गलू दाड़गी नामक स्थान पर सुबह करीब 11 बजे हुआ। अचानक हुए इस हादसे में कार सवार तीन लोगों में से एक, लेखराज (37), की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक विकास (43) और नितेश कुमार (30) घायल हो गए।

घायलों को तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल धामी भेजा गया है। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मृतक लेखराज के शव का पंचनामा कर अस्पताल सुन्नी में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हिमाचल के किसानों को मिला पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की है। इस पहल के तहत, देशभर के 9.70 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है, खासकर हिमाचल प्रदेश के किसानों की ओर से।

राज्य के 7.38 लाख किसानों को 147 करोड़ रुपए से अधिक की मिली राशि



उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 7.38 लाख से अधिक किसानों को 147 करोड़ रुपए से ज्यादा का लाभ मिला है। यह योजना, जो फरवरी 2019 में शुरू हुई थी, छोटे और सीमांत किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. बिंदल के अनुसार, पीएम किसान सम्मान निधि हिमाचल के किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, खासकर क्योंकि उन्हें अक्सर मौसम की मार झेलनी पड़ती है। उन्होंने सिरमौर जिले का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 55,000 से अधिक किसानों को 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि सीधे उनके बैंक खातों में मिली है।

इस योजना के तहत, किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में धनराशि प्राप्त होती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है।

### नालागढ़ में 3.65 ग्राम चिट्टे समेत एक दबोचा



**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नशे के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए जिला पुलिस बद्दी ने नालागढ़ पुलिस थाना के तहत एक कार से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के पुलिस थाना नालागढ़ के अंतर्गत रख कॉलोनी न्यू नालागढ़ में एक युवक सुरजन कुमार पुत्र गुरदास निवासी बीड प्लासी, नालागढ़ के कब्जे से उसकी गाड़ी नंबर एचपी12जी3003 में छिपाकर रखा 3.65 ग्राम हिरोइन/ चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हिमाचल में 74 निकायों का होगा कायाकल्प

## शहरों को मिलेगी नई पहचान, सरकार समावेशी विकास मॉडल करेगी विकसित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार राज्य के सुनियोजित शहरी विकास पर जोर दे रही है। हाल ही में 14 नई नगर पंचायतों का गठन और तीन नगर पंचायतों को नगर परिषदों में उन्नत करने के साथ ही हमीरपुर, ऊना और बद्दी को नगर निगम का दर्जा दिया गया है, जिससे प्रदेश में नगर निगमों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

इस विस्तार के साथ ही शहरी स्थानीय निकायों की संख्या 60 से बढ़कर 74 हो गई है। इन नवगठित और स्तरोन्नत निकायों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10.75 करोड़ का अनुदान प्रस्तावित किया गया है, जिसका उपयोग सड़कों, स्ट्रीट लाइट्स, सीवरेज और पार्किंग जैसी सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों में शामिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए तीन साल तक संपत्ति कर से छूट देने का भी फैसला किया है। इसी कड़ी में 'वन स्टेट, वन पोर्टल - सिटीजन सेवा' की शुरुआत की गई है, जो नागरिकों को ऑनलाइन पारदर्शी और सरल सेवाएं प्रदान करेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना का विस्तार किया जा रहा है, जिसके तहत छोटे व्यापारियों को 1 लाख तक का बैंक ऋण मिलेगा जिसका ब्याज सरकार भरेगी। इससे शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और छोटे दुकानदारों की आजीविका में सुधार होगा।

#### छोटे व्यापारियों को मिलेगी मदद
#### मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना का होगा विस्तार

#### शहरी निकायों के प्रतिनिधियों के मानदेय में वृद्धि

**सरकार** ने शहरी निकायों के प्रतिनिधियों के मानदेय में भी वृद्धि की है, जिससे स्थानीय लोकतंत्र को और अधिक बल मिलेगा। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश एक आधुनिक और समावेशी शहरी विकास मॉडल की ओर बढ़ रहा है।


#### सभी जिलों में स्थापित होंगे म्युनिसिपल कॉमन सर्विस सेंटर

**केंद्र** सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन और अमृत 2.0 का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे शहरी बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। सरकार सभी जिलों में म्युनिसिपल कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित करने की योजना बना रही है, जिसके लिए 49.98 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है।

### गाड़ी पर 'पुलिस' लिखवाकर घूम रहा युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** गगरेट में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति पंजाब नंबर की निजी गाड़ी पर 'पुलिस' लिखवाकर और नीली बत्ती लगाकर सड़कों पर खुलेआम घूम रहा था। मामला तब और संदेहास्पद बन गया जब ट्रैफिक पुलिस द्वारा रुकने के इशारे के बावजूद उक्त गाड़ी चालक ने वाहन भगा लिया।

जानकारी के अनुसार, गगरेट ट्रैफिक पुलिस टीम ड्यूटी पर तैनात थी, तभी उन्होंने एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिस पर आगे और पीछे दोनों ओर 'पुलिस' लिखा हुआ था और छत पर नीली लाइट्स लगी थीं। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी तेज़ी से भगाई और मौके से फरार हो गया, लेकिन मुस्तैद ट्रैफिक टीम ने तत्परता दिखाते हुए अलर्ट जारी किया और मुबारकपुर में उस गाड़ी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। जांच के दौरान गाड़ी चालक कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वह फर्जी तरीके से खुद को पुलिसकर्मी दर्शाने की कोशिश कर रहा था। चालक की पहचान रंजीत सिंह निवासी भगवान नगर, ढोलवाल, लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है। हेड कांस्टेबल परमजीत चौहान के अनुसार गाड़ी मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 6000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।



# बांबू शूट

## सेहत, स्वाद और समृद्धि का बहुआयामी उपहार

### बांस की कोपलें
### जंगल की गोद से सेहत की ओर








**कभी-कभी** एक साधारण वनस्पति हमें प्रकृति, परंपरा और स्वास्थ्य के बीच का गहरा रिश्ता समझा देती है। मेरे लिए वह पौधा था-बांस। पिछले वर्ष जब मैं हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में जंगली खाद्य पौधों की पारंपरिक जानकारी एकत्र करने निकली, तो यह यात्रा सिर्फ पौधों की खोज नहीं रही, बल्कि लोक जीवन से जुड़ी उन अनकही कहानियों की पुनर्खोज बन गई, जो आज भी चुपचाप हमारे आसपास जीवित हैं। इसी दौरान मेरा साक्षात्कार बाडू स्थित, हिल थ्रिल एग्रो प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड के मालिक रविंदर कुमार से हुआ। इनसे बातचीत से मुझे एक अचंभित बात पता चली कि हिल थ्रिल एक स्थानीय, लेकिन दूर-दृष्टि से भरी इकाई है, जो बुरांश, करेला, लिंगड़, आम और खासकर बांस की कोपलों आदि से बने अचारों का निर्माण करती है और देशभर में इन आर्गेनिक पहाड़ी उत्पादों की सप्लाई की जाती है, लेकिन मजे कि बात यह है कि सारा का सारा बांस का आचार इसके औषधीय उपयोग के कारण पंजाब के लिए सप्लाई किया जाता है। रविंदर से बताया कि मंडी और हमीरपुर के निचले क्षेत्रों से बांस की कोपलें (मानु) एकत्रित की जाती हैं और अचार बनाकर पंजाब भेजी जाती हैं, जहां लोग इन्हें थायरॉइड, गठिया और पाचन संबंधी समस्याओं के लिए घरेलू दवा के रूप में उपयोग करते हैं। इस अनुभव ने मेरी जिज्ञासा और भी बढ़ाई और जब जनवरी 2025 में मुझे आरसीएफसी-एनआर, जोगिंद्रनगर की ओर से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में डोमेन एक्सपर्ट के रूप में भ्रमण का अवसर मिला, तो मैंने पाया कि पंजाब के लोग मसालेदार व तैलीय भोजन और कम शारीरिक श्रम के चलते कई स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं और इन लोगों में दुसरे राज्यों की अपेक्षा स्वास्थ्य समस्याओं की दर कई गुणा अधिक है। हालांकि, उनमें जड़ी- बूटियों से उपचार के लिए जिज्ञासा दिखी और बातचीत के दौरान लोगों ने बताया कि अब वे पारंपरिक ज्ञान की ओर लौटना चाहते हैं तथा कई लोग एलोपैथिक दवाओं के साथ-साथ प्राकृतिक और देशज उपचारों में गहरी रुचि ले रहे हैं, विशेष रूप से वे ऐसी वनस्पतियों की खोज कर रहे हैं, जो खानपान में शामिल होकर धीरे-धीरे शरीर की तकलीफों को दूर करें। ऐसे में 'मानु' यानी बांस की कोमल कोंपलें उनके लिए एक स्वस्थ विकल्प और स्वादिष्ट औषधि बनकर उभरी हैं। बांस के औषधीय उपयोग के अनुभव पिछले साल मंडी की स्थानीय विक्रेता मीना कुमारी ने भी साझा किए थे। जन उन्होंने बताया कि नियमित रूप से बांस के अचार का सेवन करने से उनकी 18 वर्ष पुरानी थायरॉइड की समस्या में आश्चर्यजनक सुधार हुआ। अब वे न केवल स्वयं अचार बनाती हैं, बल्कि अपने ग्राहकों के साथ भी यह अनुभव साझा करती हैं, जिससे अन्य लोगों को भी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि 'अब कई लोग इसे दवा नहीं, बल्कि भोजन में शामिल करने लायक औषध मानते हैं।'



**डॉ. तारा देवी सेन, विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी**

ये अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक अकादमिक दस्तावेज नहीं थे, बल्कि यह हिमाचल की जंगलों में छिपे एक अमूल्य खजाने की खोज थी, जो थाली, सेहत और स्थानीय अर्थव्यवस्था-तीनों को समृद्ध कर सकता है, परंतु आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में इनका उपयोग न के बराबर है। बांस की अगर बात करें तो यह एक ऐसा अद्भुत पौधा है, जो सदियों से हमारे जीवन का अहम हिस्सा रहा है। इसके बारे में कहावत प्रचलित है 'जन्म से मृत्यु तक का साथी' क्योंकि भारतीय परंपरा में बांस को जन्म से लेकर मृत्यु तक हर चरण का साथी माना जाता रहा है। कई पारंपरिक संस्कृतियों में नवजात शिशु की नाल बांधने के लिए क्लैम्प या नहाने का टब बांस से ही बनाया जाता है। पालने से लेकर चिता तक, बांस अपनी मजबूती, लचीलापन और सहज उपलब्धता के कारण हमारे जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है, लेकिन आजकल के दौर में इसका सबसे अनदेखा हिस्सा है। इसकी कोमल कोपल, जिसे आमतौर पर बांबू शूट्स कहा जाता है और पहाड़ों में यह 'कुर' 'मानु' या 'बांस की करील' आदि नामों से जाना जाता है। हालांकि यह हमारी पारंपरिक भोजन परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है, लकिन पिछले कुछ दशकों से पारंपरिक खाद्य प्रथाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं, नतीजन ये पारंपरिक भोजन धीरे -धीरे हमारी भोजन की थाली से गायब हो गए। अब जब लोगों में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ने लगी हैं, तो बांस जैसी खाद्य औषधीयों की मांग हिमाचल और देश के दुसरे इलाकों में बढ़ने लगी है।

## सेहत और स्वाद का अनमोल संगम

बांबू शूट्स का स्वाद हल्का कसैला और कुरकुरा होता है। इन्हें सलाद, सूप, दालों और सब्जियों में मिलाकर पकाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में इन्हें स्थानीय तौर पर उबालकर और मसालों के साथ अचार बनाकर खाया जाता है या फिर सब्जी के रूप में खाया जाता है।

इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व–प्रोटीन, फाइबर, पोटैशियम, विटामिन बी6, कैल्शियम, जिंक, सेलेनियम, और आयोडीन-इन्हें एक सम्पूर्ण औषधीय आहार बनाते हैं।




## प्राकृतिक औषधि और पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग

**बांस की कोपलें:**

- पाचन में सहायक होती हैं
- शरीर को डिटॉक्स करती हैं
- वजन घटाने में सहायक होती हैं
- कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती हैं
- रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं
- थायरॉइड हार्मोन के संतुलन में मदद करती हैं

### ब्लड शुगर संतुलन में उपयोगी

प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों और हिमालयी लोक परंपराओं में बांस की कोपलों का उपयोग डिटॉक्सिफिकेशन, अपच, कब्ज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, सूजन, और त्वचा विकारों के उपचार में किया जाता रहा है। पूर्वोत्तर भारत, हिमाचल और दक्षिण भारत में यह आहार का अभिन्न हिस्सा रही है।

## थायराइड के उपचार में आशाजनक भूमिका

**थायराइड** की समस्या का एक मुख्य कारण शरीर में आयोडीन की कमी है। बांस की कोपलें न केवल आयोडीन का अच्छा स्रोत हैं, बल्कि इनमें सेलेनियम और जिंक जैसे खनिज भी पाए जाते हैं जो थायरॉइड ग्रंथि की क्रियाशीलता को सुधारने में मदद करते हैं। सेलेनियम थायराइड हार्मोन को सक्रिय रूप में परिवर्तित करने में सहायक होता है, जबकि जिंक थायराइड ग्रंथि की सूजन को कम करता है। इसके अतिरिक्त, इनमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और फाइटोकेमिकल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं, जो थायराइड के लिए लाभकारी है।

### 100 ग्राम उबली हुई बांस कोपलों का पोषण मूल्य इस प्रकार है

| पोषक तत्व | मात्रा |
|---|---|
| कैलोरी | 27 किलोकैलोरी |
| प्रोटीन | 2.6 ग्राम |
| कार्बोहाइड्रेट | 5.2 ग्राम |
| फाइबर | 2.2 ग्राम |
| फैट | 0.3 ग्राम |
| पोटैशियम | 533 मिलीग्राम |
| कैल्शियम | 13 मिलीग्राम |
| आयरन | 0.5 मिलीग्राम |
| विटामिन बी6 | 0.24 मिलीग्राम |
| जिंक | 1.1 मिलीग्राम |
| सेलेनियम | 0.8 माइक्रोग्राम |
| आयोडीन (लगभग) | 5-8 माइक्रोग्राम (प्राकृतिक रूप से उपस्थित) |

***आयोडीन की मात्रा मिट्टी की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।***

**पर्यावरण का रक्षक :** बांस सबसे तेजी से बढ़ने वाले पौधों में से एक है। इसकी कोमल कोपलों को काटना पौधे को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि नई कोपलों के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह मिट्टी के क्षरण को रोकता है, जल संरक्षण करता है, और वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को प्रभावी रूप से सोखता है। बांस की सतत कटाई और इसका उपयोग हमें न केवल एक टिकाऊ आहार देता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा में भी सहायक होता है।

### क्या ध्यान रखना चाहिए?

**बांस** की कोपलों को कच्चा न खाएं। इनमें साइनोजनिक ग्लाइकोसाइड हो सकता है, जो उबालने से नष्ट हो जाता है। जिन लोगों को हाइपोथायरॉइड है, उन्हें चिकित्सकीय सलाह पर ही सेवन करना चाहिए। हमेशा नई, कोमल कोपलों का उपयोग करें।

### अचार से आत्मनिर्भरता तकः एसएचजीएस और युवाओं के लिए अवसर

**पूर्वोत्तर** भारत में बांस शूट प्रोसेसिंग एक उद्योग का रूप ले चुका है। वहीं, हिमाचल में इस दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं। एसएचजीएस महिला मंडल और स्टार्टअप्स के लिए बांस की कोपलों को इकट्ठा करना, उबालना, सुखाना और अचार या रेडी-टू-कुक उत्पाद बनाना आजीविका का सशक्त साधन बन सकता है। स्थानीय स्तर पर इन उत्पादों की ब्रांडिंग कर हम न केवल घरेलू बाजार बल्कि ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर भी जगह बना सकते हैं।

## चलिए, 'बांस' को थाली और बाजार दोनों में लौटाएं

**बांस** कोई साधारण वन उत्पाद नहीं हैं। ये हमारी सेहत, आजीविका, परंपरा और पर्यावरण-चारों को एकसाथ जोड़ने वाली एक पुल हैं। यह एक बहुदेशीय पौधा है, जो पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण, घरेलू उपयोग, फर्नीचर निर्माण, सजावटी वस्तुओं और कृषि उपकरणों सहित अनेक क्षेत्रों में उपयोगी है। इसी कारण इसे 'हरित सोना' कहा जाता है। वर्तमान समय की मांग है कि बांस जैसे पौधों को वानिकी, वास्तु भू-उपयोग तथा एग्रो-फॉरेस्ट्री मॉडल में अधिक से अधिक शामिल किया जाए, ताकि सतत विकास और ग्रामीण आजीविका को प्रोत्साहन मिल सके। विशेष रूप से हिमाचल जैसे राज्य, जहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है और जो वर्तमान में ऋण के बोझ तले दबते जा रहे हैं, उनके लिए बांस जैसी प्राकृतिक संपदाएं आर्थिक पुनरुत्थान का एक सशक्त माध्यम बन सकती हैं। बांस की खेती और कोंपलों की सतत कटाई हिमाचल के जलवायु अनुकूल खेती मॉडल में शामिल की जा सकती है। 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत इसे मंडी या हमीरपुर जैसे जिलों से जोड़ा जा सकता है।



# बाल झड़ना

***गत सप्ताह में हमने बाल झड़ने के कारणों के बारे में विस्तार से समझा। आइए जानते हैं इस समस्या का इलाज कैसे करें। आपने जब हर तरीका आजमाया हो और फिर भी बालों का झड़ना न रुके, तो यह केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी गहरी चोट पहुंचा सकता है। यह आत्मविश्वास को कम कर सकता है और कई बार चिंता, तनाव या अवसाद का कारण बन सकता है।***

**याद रखें**

आप अकेले नहीं हैं-बाल झड़ना एक आम समस्या है और इसका समाधान भी संभव है। खासकर जब इसका इलाज संपूर्ण दृष्टिकोण से किया जाए, जिसमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलू शामिल हों। बाल झड़ने और पुनः वृद्धि के लिए होम्योपैथिक दवाएं रोग के कारण पर आधारित होती हैं। यदि कारण को सही ढंग से पहचाना जाए और उपचार उसी के अनुसार किया जाए, तो होम्योपैथी उपचार अधिक प्रभावशाली और स्थायी हो सकता है। कुदरती उपचार नीचे दिखाए गए है। ये करने से बाल झड़ने को रोका जा सकता है एवं जिनको बाल झड़ने की समस्या हो तो उसको कम किया जा सकता है।



**डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)**

**1. मसाज (सिर की मालिश)**
बालों के तेल या हेयर मास्क से सिर की नियमित मालिश स्कैल्प को उत्तेजित करती है और इससे रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे बालों की जड़ों को अधिक पोषण मिलता है। यह बालों की मोटाई बढ़ाने और झड़ने से रोकने में मदद कर सकता है।

**कैसे करें मालिश :** हल्के गुनगुने तेल (जैसे नारियल, बादाम, अरंडी या भृंगराज तेल) से सिर पर उंगलियों की मदद से धीरे-धीरे मालिश करें। गोल-गोल गति में 5-10 मिनट तक स्कैल्प को दबाएं।

**ऐलोवेरा :** Aloe Vera स्कैल्प को शांत करता है और बालों की जड़ों को पोषण देकर बालों के झड़ने को रोकने में मदद कर सकता है। स्कैल्प की जलन और सूजन को कम करता है हेयर फॉलिकल्स को unclog करता है (खुला करता है) बालों को कंडीशन करता है और कोमल बनाता है। ताजे ऐलोवेरा जेल को सीधे स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट तक रहने दें, फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार उपयोग करें।

**नारियल तेल :** नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड बालों की जड़ों तक गहराई में जाकर प्रोटीन लॉस को रोकता है। साथ ही संतुलित आहार, प्रोटीन युक्त आहार, आयरन और विटामिन बी12 युक्त आहार, तनावमुक्त दिनचर्या, मेडिटेशन, योगा से भी फायदा होता है। कुछ प्रभावी होम्योपैथिक दवाएं नीचे बताई गई है।

1. **Natrum Muriaticum :** बाल झड़ना भावनात्मक तनाव या दुःख के बाद। स्कैल्प ऑयली हो जाता है और बाल चिपचिपे लगते हैं।
2. **Phosphorus:** जब बाल झड़कर पैचेज में गिरते हैं। सिर की त्वचा संवेदनशील होती है, बाल धोते समय झड़ते हैं
3. **Lycopodium :** बाल झड़ना खासकर सिर के आगे और किनारों से। पाचन गड़बड़ी या गैस की समस्या से ग्रस्त लोगों के लिए।
4. **Fluoric Acid :** पुराने या लंबे समय से झड़ते बालों के लिए। बाल जल्दी सफेद होना और कमजोर हो जाना
5. **Silicea:** बालों की जड़ें कमजोर होना, बाल आसानी से टूट जाना। साथ ही सिर पर पसीना आना
6. **Thuja Occidentalis:** बाल झड़ना डैंड्रफ या फंगल संक्रमण के कारण। स्कैल्प पर चिकने या गीले पैचेस

***नोटः होम्योपैथिक दवा स्वयं न लें, बल्कि एक अनुभवी होम्योपैथिक डॉक्टर से व्यक्तिगत लक्षणों के आधार पर परामर्श लें।***

# बरसात के मौसम में स्क्रब टाइफस जानलेवा, समय पर उपचार जरूरी

**तेज बुखार**
**शरीर में दर्द और गिल्टियां होना मुख्य लक्षण**



बरसात के मौसम में अमूमन स्क्रब टाइफस के मामले देखने को मिलते हैं। इस बीमारी में लोगों को 100, 101, 102 या इससे भी तेज बुखार हो सकता है। इसके अलावा शरीरी में दर्द और गिल्टियां भी देखने को मिलती है। वहीं, जिस जगह पर कीट काटता है, उस जगह पर एक निशान पड़ता है जो धीरे-धीरे काला पड़ने लगता है। इस निशान में दर्द नहीं होता, जिस कारण लोगों को इसका पता नहीं चल पाता. यह निशान पीठ या ऐसी जगहों पर भी हो सकता है, जिसे व्यक्ति देख नहीं पाता। इसका पता इसलिए भी नहीं चल पाता, क्योंकि इस निशान में दर्द नहीं होता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि बरसात में इस प्रकार की अधिकतर दिखती है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि बरसात में 2 बीमारियां हिमाचल में अधिकतर देखने को मिलती हैं। इनमें लेप्टोस्पायरसिस और स्क्रब टायफस शामिल है। इनके लक्षण लगभग एक जैसे ही है। इसके अलावा मलेरिया के ज्यादा मामले यहां देखने को नहीं मिलते हैं। मौसम के अनुसार स्क्रब टाइफस का इलाज किया जाता है। इसके लिए बहुत ही असरदार एंटीबायोटिक्स मौजूद है, जो बहुत जल्द अपना असर दिखाती है।



**डॉ. एनके गुप्ता।**

## लापरवाही हो सकती है जानलेवा

**स्क्रब** टाइफस का इलाज नहीं लेने पर डबल निमोनिया, एआरडीएस, दिमागी बुखार, किडनी, लीवर के फेल होने के चांस रहते हैं। स्क्रब टाइफस के बढ़ने से रोगी की मौत भी हो सकती है। स्क्रब टाइफस बीमारी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसका इलाज संभव है। चिकित्सक से परामर्श लेकर स्क्रब टाइफस का इलाज लें। अजिथ्रोमाइसीन और डॉक्सीसाइक्लिन टैबलेट इसके लिए कारगर है, लेकिन डॉक्सीसाइक्लिन टैबलेट गर्भवती महिलाओं को नहीं लेनी चाहिए। यह रोग हर आयु वर्ग में हो सकता है, लेकिन ज्यादातर एडल्ट्स में देखा जाता है।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान**

## स्क्रब टाइफस के कारण और बचाव

**बरसात** के मौसम में झाड़ियों या खेतों में चूहे पनपते हैं, जिनमें चिगर्स कीट होता है। डॉ. गुप्ता बताते हैं कि यह चीगर्स कीट ही स्क्रब टाइफस का कारण बनते हैं। इनके काटने पर व्यक्ति के शरीरी पर निशान पड़ता है, लेकिन उससे दर्द नहीं होता, जिससे लोगों को स्क्रब टाइफस होने का पता नहीं चल पाता। इससे बचने के लिए खेतों में दस्ताने और फुल लेंथ के जूते पहन कर जाए। इसके अलावा खेतों या झाड़ियों के बीच से जब भी घर पर पहुंचे, तो स्नान करे और कपड़ों को अच्छी तरह से धो लिया जाए, तो स्क्रब टाइफस से बचा जा सकता है।

## उपचार जरूरी



**ऐसे** लोग जो खेतों या जंगलों में काम करते हैं, इनमें स्क्रब टाइफस होने की ज्यादा संभावना रहती है। स्क्रब टाइफस होने की स्थिति में यदि जल्द डॉक्टर को न दिखाया जाए और इलाज न करवाया जाए तो मुश्किलें पेश आ सकती है। व्यक्ति को जॉन्डिस, किडनी की समस्या, ब्लीडिंग, क्लॉटिंग, मानसिक बीमारी आदि समस्या हो सकती है। स्क्रब टाइफस में खास बात यह है कि इलाज के बाद दवाई का एक डोज बहुत जल्द असर दिखाना शुरू करता है, इसलिए इसका इलाज समय रहते करवाना बहुत जरूरी है।

## 10 दिन बाद दिखने लगते स्क्रब टाइफस के लक्षण

**इस** बैक्टीरिया जनित बीमारी पिस्सु के काटने के 10 दिन बाद लक्षण दिखने शुरू होते हैं। इससे संक्रमित व्यक्ति को बुखार आने के साथ ठंड लगती है। सिरदर्द और बदन दर्द के साथ मांसपेशियों में भी तेजी से दर्द होता है। अधिक संक्रमण होने पर हाथ पैरों और गर्दन के साथ कूल्हें के नीचे गिल्टियां होने लगती हैं। इसके साथ ही इसके संक्रमण के बाद सोचने समझने की क्षमता में तेजी से बदलाव होता है।

# बरसात में बीमारियों का खतरा सतर्कता बरतना है जरूरी

**बरसात** के मौसम में जलजनित और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन हालातों को देखते हुए एनआर अस्पताल चांदपुर (बिलासपुर) के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पंकज ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। डॉ. पंकज ने बताया कि इस मौसम में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार, टाइफाइड और दस्त जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं, जो समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती हैं। बरसात में बढ़ती नमी और गंदगी बीमारियों को न्योता देती है। लोग अगर थोड़ी सी सतर्कता बरतें, तो इन रोगों से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं। सावधानी ही सबसे अच्छा बचाव है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से भी अपील की कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि समय रहते लोग सतर्क हो सकें।



**-डॉ. पंकज, वरिष्ठ चिकित्सक एनआर अस्पताल चांदपुर (बिलासपुर)**



## डायरिया, टाइफाइड और वायरल बुखार के मामले बढ़े

**डॉ.** पंकज के अनुसार, इन दिनों डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इसके साथ ही दूषित पानी और भोजन से हैजा, दस्त (डायरिया), टाइफाइड और वायरल बुखार के मामले भी बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कई जगह पानी जमा हो रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि अगर किसी को तेज बुखार, लगातार उल्टी-दस्त, थकावट या बदन दर्द जैसी शिकायत हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और खुद से इलाज करने से बचें।



**प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू**

## सावधानियां

- साफ और उबला हुआ पानी पिएं
- भीगने के बाद कपड़े तुरंत बदलें और शरीर को सूखा रखें
- खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें
- बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें
- घर के आसपास पानी जमा न होने दें, ताकि मच्छर न पनपें

8हाथों की स्वच्छता बनाए रखें, खासकर खाने से पहले और शौच के बाद

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावितों की सुख शांति के लिए हवन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में बरसात के मौसम के चलते हो रही प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों की शांति और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए रविवार को जय मां काली युवा क्लब और रामलीला क्लब पासू की ओर से शिव मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। क्लब सदस्यों ने सभी के कल्याण की प्रार्थना की। इसके पश्चात काली माता मंदिर पासू के पास खीर का लंगर लगाकर राहगीरों और वाहन चालकों को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं, शाम को काली माता मंदिर में सितंबर में आयोजित होने वाली रामलीला की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें प्रधान स्वरूप कुमार और उपप्रधान प्यार सिंह ने रामलीला में निभाए जाने वाले किरदारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न कमेटियों का गठन कर सभी की जिम्मेवारी तय की गई।

### सेवा ही जीवन का वास्तविक धन है : हरिशानंद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मटौर (कांगड़ा) स्थित बीपी शर्मा के निवास स्थान पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक संगोष्ठी का उद्देश्य श्रद्धालुओं के आत्मिक उत्थान व सेवा भाव को जागृत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा मनप्रीत ने सुमधुर भजन-कीर्तन से की, जिससे समूचा वातावरण भक्तिभाव से भर गया। इसके पश्चात दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरिशानंद ने ओजस्वी प्रवचन देते हुए सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेवा ही जीवन का सच्चा धन है, जो आत्मा को शुद्ध कर मनुष्य को भीतर से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि आत्मसाक्षात्कार के बिना सेवा अधूरी है। जब मनुष्य स्वयं को पहचानता है, तभी उसकी सेवा पूर्ण होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

### संस्कृत भारती 6 से मनाएगी 'संस्कृत सप्ताह'

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** संस्कृत भारती 6 से 12 अगस्त तक 'संस्कृत सप्ताह' का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति जनजागरण फैलाना है। यह सप्ताह श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) से तीन दिन पहले शुरू होकर तीन दिन बाद तक चलेगा। आयोजन में शोभायात्रा, भजन संध्या, स्तोत्र पाठ और पत्र वितरण जैसे कार्यक्रम होंगे। प्रदेश देहरा जनपद प्रचार प्रमुख डॉ. शैलेश कुमार तिवारी ने बताया कि संस्कृत को पुनः समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु यह सप्ताह 'संस्कृतम् जीवनस्य आधार' की भावना के साथ मनाया जाएगा। 5 अगस्त को बलाहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में इसका उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें विद्वान, विद्यार्थी और संस्कृत प्रेमी भाग लेंगे।

### गुलेर में की आंखों और कान की जांच

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गुलेर में युवा शक्ति संगठन द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में आंख और कानों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस कैंप में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, विशेषकर बुजुर्ग और बीमार लोगों को घर द्वार पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हुईं। आंखों की जांच के लिए टीम श्री बालाजी अस्पताल कांगड़ा से और कानों की जांच के लिए टीम मोहाली से पहुंची थी। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट शिवेंद्र सैनी ने बताया कि यह पहल ग्रामीणों की सेवा के उद्देश्य से की गई, जिससे उन्हें सुविधाजनक तरीके से इलाज मिल सके।

### 'आप' ने किया सरकारी स्कूलों का विजिट

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष विनोद कुमार ने प्रदेश में 'आप' द्वारा चलाए जा रहे 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया गया। पार्टी ने वर्तमान सरकार पर शिक्षा के क्षेत्र में केवल कागजी योजनाएं बनाने का आरोप लगाया, जबकि जमीनी स्तर पर हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। खासकर बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण का अभाव चिंता का विषय है। आम आदमी पार्टी ने स्कूल बंद होने की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और जनता से अपील की कि वे इस अभियान में शामिल होकर सरकारी शिक्षा के अधिकार के लिए आवाज उठाएं। यह समय बच्चों के भविष्य के लिए खड़े होने का है।

### सेवानिवृत्ति पर प्रवक्ता सुशील किए सम्मानित



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालकरूपी के वाणिज्य प्रवक्ता सुशील सियाल की सेवानिवृत्ति पर प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के मुख्य संरक्षक राकेश भडवाल, मुख्य सलाहकार विजय राणा जिला अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, उपमंडल जयसिंहपुर के अध्यक्ष पृथीपाल, मुख्य वैव सचिव लेख राज हीर, संरक्षक पंकज भारती, राजेश राणा आदि ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं अग्रिम सुखद भविष्य की कामना की। जिला अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास महासचिव बलजीत सिंह अटवाल ने कहा कि सुशील एक अनुशासित व्यक्तित्व कर्मठ प्रवक्ता एवं कुशल मार्गदर्शक रहे हैं।

### मैक्लोडगंज घूमने आए पर्यटक की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत पर्यटन नगरी में घूमने आए एक पर्यटक की शनिवार रात को मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष कुमार (49), निवासी गंगानगर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मनीष देर रात वॉशरूम गया और कुछ देर बाद अचेत अवस्था में पाया गया। उसे तुरंत जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी जांच जारी है।

# धर्मशाला में डेढ़ लाख किलोग्राम चाय उत्पादन की उम्मीद

## जून से जारी बरसात से चाय उत्पादकों की बढ़ी आस, पिछले वर्ष जून के बजाए जुलाई में शुरू हुआ था उत्पादन

- इस बार 15 दिन पहले आई बरसात
- जून से जारी बारिश का सिलसिला लगातार जारी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला में इस बार डेढ़ लाख किलोग्राम चाय उत्पादन की उम्मीद है। चाय उद्योग प्रबंधन की मानें तो इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा 12 से 15 हजार किलोग्राम चाय उत्पादन अधिक रहने की उम्मीद है। जून माह से जारी बरसात से चाय उद्योग प्रबंधन की उत्पादन में वृद्धि की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि इस बार बरसात 15 दिन पहले आई है, ऐसे में जून से जारी बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले वर्ष की बात करें तो जून में बारिश न के बराबर रही थी। जुलाई में बारिश होने के चलते 10 जुलाई के बाद ही धर्मशाला चाय उद्योग में उत्पादन शुरू हो पाया था। हालांकि, इस वर्ष भी शुरुआत में मौसम की बेरुखी ने चाय उद्योग प्रबंधन की चिंताएं बढ़ा दी थी, लेकिन बरसात में जिस तरह से लगातार मेघ बरस रहे हैं, जिसको चाय उत्पादन के लिए फायदेमंद माना जा रहा है।




चाय उद्योग प्रबंधन को उत्पादन में वृद्धि की होने की उम्मीदें।

**पिछले पांच वर्षों में चाय उत्पादन**

| वर्ष | उत्पादन |
|---|---|
| 2020 | 1 लाख 69 हजार 021 किलोग्राम |
| 2021 | 1 लाख 37 हजार 900 किलोग्राम |
| 2022 | 1 लाख 45 हजार 682 किलोग्राम |
| 2023 | 1 लाख 65 हजार 013 किलोग्राम |
| 2024 | 1 लाख 38 हजार 017 किलोग्राम |



**बरसात** का मौसम चाय उत्पादन के लिए इस बार अब तक फायदेमंद रहा है। पिछले वर्ष जून में बारिश न होने के चलते चाय उत्पादन प्रभावित हुआ था और जुलाई में बारिश होने के उपरांत 10 जुलाई के बाद उत्पादन शुरू हुआ था। इस वर्ष बरसात में बारिश कअच्छी होने से उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले अच्छा है। पिछले वर्ष धर्मशाला चाय उद्योग में 1.38 लाख किलोग्राम चाय उत्पादन हुआ था, इस बार बरसात में जिस तरह मौसम साथ दे रहा है, उम्मीद है कि इस बार चाय उत्पादन 1.50 लाख किलोग्राम के करीब होगा।

**-देवेंद्र पठानिया, महाप्रबंधक, धर्मशाला चाय उद्योग**

### करियाडा नाग मंदिर में पहली बार पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के करियाडा स्थित ऐतिहासिक नाग मंदिर में 11 से 15 अगस्त तक पहली बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पांच दिवसीय महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने बताया कि इस आयोजन में आध्यात्मिक अनुष्ठानों के साथ कला, संस्कृति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 15 अगस्त की रात भव्य जागरण का आयोजन होगा, जिसमें लोक गायिका पम्मी ठाकुर, लिटिल चैंपियन डांस ग्रुप और नन्हे कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही, हरिद्वार, पठानकोट और बटाला से आई झांकी मंडलियां आकर्षक झांकियां प्रस्तुत करेंगी। प्रतिदिन हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका नेतृत्व पंडित भवानी शंकर करेंगे। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से रविवार को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

## रणजीत सागर झील में तीन मीटर बढ़ा जलस्तर



रणजीत सागर झील में जलस्तर 515.25 मीटर तक पहुंच गया। है।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** भारी बारिश और निचले क्षेत्रों में सिंचाई की मांग कम होने के कारण रणजीत सागर बांध परियोजना की झील में जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बांध प्रशासन के अनुसार, बीते दो दिनों में झील का जलस्तर तीन मीटर से अधिक बढ़ा है। पहली अगस्त को जलस्तर 512.27 मीटर था, जो तीन अगस्त तक बढ़कर 515.25 मीटर तक पहुंच गया है। झील में जलस्तर बढ़ने का एक अन्य कारण हिमाचल प्रदेश के चमेरा हाइडल प्रोजेक्ट से जारी पानी है। वहां के दो रेडियल गेट, जो दो मीटर खुले हैं, से 27955 क्यूसिक पानी आरएसडी झील में आ रहा है। इससे झील में लगातार जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। प्रशासन ने बताया कि इस समय रणजीत सागर बांध की चार यूनिटों में से दो यूनिटें 140 मेगावॉट प्रति यूनिट की दर से चालू हैं, जिससे कुल 280 मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है। प्रतिदिन लगभग 70 लाख यूनिट बिजली बनाई जा रही है। बांध से शाहपुर कंडी बैराज की झील में 8848 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है।

### नशे में धुत कार सवार ने पुलिस और पत्रकार से की धक्का-मुक्की, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा के पुलिस थाना डमटाल क्षेत्र में शराब के नशे में धुत कार सवार सुरजीत सिंह ने पुलिस और पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की की और हुड़दंग मचाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना चक्की पुल पर सामने आई, जहां पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पठानकोट से मुकेरिया जा रही ऑल्टो कार (पीबी 07जे 8688) को जब पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो कार चालक ने नशे की हालत में पुलिस का पीछा किया। नाके पर रोके जाने पर आरोपी ने पुलिस के साथ करीब आधा घंटा बहस की और जब एक पत्रकार वीडियो बनाने लगा तो उस पर हमला भी किया।

पुलिस ने आरोपी का मेडिकल करवाकर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी पर बीएनएसएस की धारा 126, 170 के तहत मामला दर्ज किया गया है, साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना, ड्रंक ड्राइविंग और बिना लाइसेंस चलाने पर भी चालान किया गया। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जमानाबाद में विसर्जन के साथ सात दिवसीय मिंजर मेला संपन्न

## मेलों से बढ़ता है भाईचारा, युवा जुड़ते हैं संस्कृति से : काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**कांगड़ा** विधानसभा क्षेत्र के जमानाबाद में आयोजित सात दिवसीय मिंजर मेला रविवार को मनूनी खड्ड में मिंजर विसर्जन साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता विधायक पवन काजल ने की।

काजल ने कहा कि मेलों के आयोजन से समाज में भाईचारा बढ़ता है। वहीं, युवा पीढ़ी को अपनी सभ्यता और संस्कृति से रू-ब-रू होने का मौका मिलता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों व पढ़ाई में मन लगाकर अपने जीवन का लक्ष्य हासिल करें। काजल ने कांग्रेस सरकार द्वारा लॉटरी सिस्टम पुनः शुरू करने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की और प्रदेश हित में फैसला वापस लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। मेला ग्राउंड के किनारों पर रिटेनिंग वाल ओर चारदीवारी लगाई जाएगी। काजल ने मेला आयोजन कमेटी को नकदी 51 हजार रुपए की राशि भी भेंट की।



विधायक ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

**वॉलीबाल में दौलतपुर टीम बनी विजेता**

**मेले** के दौरान हॉकी का खिताब मंडी ने कांगड़ा की टीम को हराकर जीता। वॉलीबाल में दौलतपुर विजेता व त्यारा उपविजेता, कबड्डी में शिव क्लब जमानाबाद विजेता व एसके अकादमी उपविजेता रही।

काजल ने मिंजर मेले दौरान आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### पोकलेन ऑपरेटर हत्या के तीनों आरोपी जल्द होंगे पुलिस गिरफ्त में : एसपी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के एसपी मनोज ठाकुर ने प्रेसवार्ता में बताया कि एक दिन के भीतर हत्या के मामले की गुत्थी सुलझा ली गई है। मामला बकनोर मौड़ का है, जहां पोकलेन मशीन ऑपरेटर मनदीप सिंह की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। मनदीप के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी जगीर सिंह, मनजिंदर सिंह उर्फ मन्नू और मुकेश कुमार ने साजिश के तहत मनदीप को पोकलेन मशीन के नीचे फेंककर मार डाला। मृतक के परिजन का कहना है कि वे अक्सर मनदीप को परेशान करते थे और वेतन भी नहीं देते थे। थाना तारागढ़ में हत्या का मुकदमा अपराध 103(1), 3(5) के तहत दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि पठानकोट पुलिस आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। फिलहाल तीनों आरोपी फरार हैं, उनकी जल्द गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**प्रदेश** में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के चलते लंबागांव के ऐतिहासिक कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया है। मंदिर कमेटी के प्रधान बलदेव ठाकुर ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से मंदिर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया, जिससे सीढियों, रेलिंग और दीवार को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने प्रशासन से यहां पर पक्का डंगा लगवाने की मांग की है ताकि ऐतिहासिक मंदिर को नुकसान न हो।

### राधाष्टमी को लेकर मेला कमेटी की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** मेला कमेटी मैक्लोडगंज (पंजीकृत) की महत्वपूर्ण बैठक 5 अगस्त को होटल भागसू के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कपूर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मैक्लोडगंज में राधा अष्टमी के अवसर पर लगाए जाने वाले मेले के संदर्भ में विचार विमर्श किया जाएगा। मेला आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। मेला कमेटी मैक्लोडगंज के अगामी कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

### प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत भी होती कम : शैलेश

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक व जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में कृषि विभाग के आत्मा विंग द्वारा प्रदेशभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों से सीधा संपर्क स्थापित कर उन्हें जैविक खेती के लाभ, तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान की जिम्मेदारी आत्मा विंग नूरपुर के पास है, जिसका नेतृत्व हरजीत सिंह कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञ डॉ. शैलेश पाल सूद ने बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है, बल्कि किसानों की उत्पादन लागत भी कम होती है। गोबर व जैविक पदार्थों से बनी खाद व कीटनाशकों से फसल की गुणवत्ता बढ़ती है और कीट प्रकोप की संभावना घटती है। कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों से फॉर्म भरवा रही हैं। इच्छुक किसान नूरपुर स्थित आत्मा विंग कार्यालय या जाछ के कृषि विभाग कार्यालय में पंजीकरण कर सकते हैं।

## पौधरोपण अभियान के शुभारंभ पर आशीष बुटेल ने रोपा देवदार का पौधा



नंदन पार्क में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते विधायक आशीष बुटेल।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने रविवार को नंदन पार्क में नगर निगम पालमपुर व राजपूत कल्याण सभा के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने देवदार का पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर निगम की 'महिलाएं-एक अमृत मित्र पहल' के अंतर्गत नंदन पार्क परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के आसपास 140 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। विधायक बुटेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे ठोस कचरा प्रबंधन कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि प्लास्टिक कचरे को अलग कर सीमेंट फैक्टरी भेजा जा रहा है, जिससे स्वच्छता और पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिल रहा है। विधायक ने महापौर, उपमहापौर, पार्षदों और नगर निगम कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर शीघ्र शेड निर्माण की घोषणा भी की।

**प्रेसवार्ता** विधायक ने रविंद्र सिंह रवि और रमेश धवाला पर साधा निशाना

# भाजपा नेता जमीनी सच्चाई से कोसों दूर: संजय



ज्वालामुखी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक संजय रत्न।

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** विधायक संजय रत्न ने ज्वालामुखी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को प्रेसवार्ता में भाजपा नेता रविंद्र सिंह रवि और रमेश धवाला पर तीखे हमले किए। उन्होंने विपक्ष पर 'राजनीतिक पर्यटन' का आरोप लगाते हुए कहा कि नेता तब आते हैं , जब न धूप होती है, न बारिश-बस फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं।

भाजपा नेता रविंद्र सिंह रवि अब ज्वालामुखी को भी देहरा की तरह समझने लगे हैं।'टूरिस्ट बनकर आते हैं, टीन का चश्मा पहनकर प्रेस से वाहवाही लूटते हैं। जमीनी सच्चाई से कोसों दूर हैं। विकास का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हकीकत कुछ और है।'

**खैर कटान करने वालों पर होगी कार्रवाई :** पूर्व मंत्री रमेश धवाला और रविंद्र सिंह रवि द्वारा लगाए गए अवैध खैर कटान के आरोपों पर विधायक रत्न ने स्पष्ट कहा कि जानकारी मिलते ही विभाग ने जांच शुरू कर दी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। राजनीतिक संरक्षण के आरोपों पर कहा कि नाम लेकर आरोप लगाएं, साथ ही विपक्ष को विकास पर बहस की चुनौती दी।

**जनसमस्याएं सुनी :** विधायक संजय रत्न ने लोगों की जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर समस्याओं का निपटारा किया। जनसमस्याओं के दौरान वृद्धा पेंशन, पानी की समस्या, हैंडपंप लगाना आदि शामिल था। उन्होंने लोगों की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से फोन के जरिए बात की साथ ही इनका जल्दी हल करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपए देगा ज्वालामुखी मंदिर न्यास

- बोले- मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपी जाएगी राशि
- मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए बना मास्टर प्लान

**ज्वालामुखी** विधायक संजय रत्न ने ऐलान करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए ज्वालामुखी मंदिर न्यास की ओर से 1 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पास इस राशि को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा ज्वालामुखी मंदिर और नगर क्षेत्र के समग्र सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। एनआईटी हमीरपुर से मास्टर प्लान तैयार करवाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर स्तर पर ढांचागत विकास किया जाएगा। उसके बाद आईआईटी रुड़की से भी इसे साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के मुख्य मार्ग के साथ लगती जंगल की पहाड़ी बरसात के मौसम में खतरा बन जाती है। वहां से पत्थर गिरते हैं। मास्टर प्लान के तहत उस क्षेत्र को भी सुरक्षात्मक दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

**स्थानीय जमीन पर होगा मंदिर विस्तार, मिलेगा मुआवजा:** मंदिर की पहाड़ी पर जो स्थानीय लोगों की निजी भूमि स्थित है, उसे मंदिर परिसर के विकास के लिए अधिगृहित किया जाएगा, लेकिन किसी को विस्थापित नहीं किया जाएगा। भूमि मालिकों को पूरी कीमत और मुआवजा दिया जाएगा।

## चट्टान गिरने से घंटों बंद रहा कोटला-त्रिलोकपुर मार्ग, बहाल



हनुमान मंदिर के पास दो नदियों के संगम स्थल पर पहाड़ी से सड़क पर गिरीं भारी भरकम चट्टानें।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** कोटला बाजार से त्रिलोकपुर की ओर जाने वाला पुराना पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार सुबह उस समय बाधित हो गया, जब हनुमान मंदिर के पास दो नदियों के संगम स्थल पर अचानक पहाड़ी से भारी भरकम चट्टानें सड़क पर आ गिरीं।

गनीमत यह रही उस समय कोई भी वाहन इस स्थान से गुजर नहीं रहा था, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सुबह से लगातार पत्थर गिरने की घटनाओं के चलते इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। मार्ग बंद होने के कारण इस रास्ते से गुजरने वाली बसें और अन्य वाहन बीच रास्ते में ही फंस गए, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सभी वाहनों को नए बने पठानकोट-मंडी फोरलेन से गुजरना पड़ा। उधर, लोक निर्माण विभाग कोटला के एसडीओ राजेश ने कहा कि मौके पर मशीनरी भेजी गई और कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को दोपहर तक बहाल कर दिया गया।

### सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में तेजी से बढ़ा रही कदम : सुदर्शन

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने रविवार को जसूर में प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार का अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल जनहित में ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा कड़छम और बांगटू जलविद्युत परियोजनाओं में राज्य की रॉयल्टी 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी करने के फैसले को प्रदेश की बड़ी जीत बताया। इससे हर वर्ष हिमाचल को करीब 250 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। नूरपुर मातृ-शिशु चिकित्सालय के संचालन पर शर्मा ने कहा कि सरकार जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी कर अस्पताल चालू करेगी। वहीं, महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पर कहा कि पात्र महिलाओं की पहचान की प्रक्रिया जारी है और बजट आवंटन के बाद यह योजना जल्द लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और जनकल्याण के लिए लगातार काम कर रही है, और इसकी उपलब्धियों की सूची बहुत लंबी है।



विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रदेश त्रासदी से जूझ रहा था, तब विपक्ष दिल्ली में फोटो सेशन तक सीमित रहा। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल को अब तक कोई विशेष राहत राशि नहीं मिली है, जो चिंता का विषय है।

# हिमाचल में शिमला की ऑर्गेनिक सेब की बर्फी का अनोखा जाइका

## राज्य की सीमा पार भी लगी महकने, जय देवता जाबल नारायण समूह का कमाल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश का शिमला जिला, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सेबों की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है, अब एक नए उत्पाद के लिए जाना जा रहा है सेब की बर्फी। यह स्वादिष्ट मिठाई सिर्फ एक नया उत्पाद नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और नवाचार की कहानी भी कह रही है, जिसे 'जय देवता जाबल नारायण स्वयं सहायता समूह' ने हकीकत में बदला है।

इस समूह ने एक ऐसी अनोखी मिठाई को तैयार किया है, जिसकी मांग अब हिमाचल की सीमाओं को पार कर रही है। यह बर्फी पूरी तरह से ऑर्गेनिक तरीके से बनती है, जिसमें सबसे अच्छे सेबों को चुनकर, उनका गूदा निकालकर और ड्राई फ्रूट्स मिलाकर पकाया जाता है। समूह का दावा है कि यह एक साल तक खराब नहीं होती और इसका स्वाद ताज़ा रहता है। यह सफलता रातोंरात नहीं मिली। वर्ष 2019 में, जाबल गांव की पांच महिलाओं ने मिलकर 15,000 रुपये की शुरुआती वित्तीय सहायता से मटर की खेती शुरू की, जिससे उन्हें पहली फसल में 75,000 रुपये की कमाई हुई। अगले साल यह आय 2.5 लाख रुपये तक पहुंच गई। मटर की खेती से शुरुआत करके, समूह ने धीरे-धीरे एप्पल सीडर विनेगर, जैम, चटनी, अचार और अब सेब की बर्फी जैसे कई उत्पादों को बनाना शुरू किया। आज, यह समूह हर महीने 35,000 रुपये से अधिक की सेब की बर्फी बेच रहा है।



### स्थानीय प्रशासन के सहयोग से बढ़ रही कमाई

**इस** सफलता में हिमाचल सरकार और स्थानीय प्रशासन का भी बड़ा योगदान है, जो उन्हें मेलों और कार्यक्रमों में मुफ्त स्टॉल लगाने की सुविधा देते हैं। उपायुक्त शिमला, ने समूहों के काम की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन उन्हें बुनियादी सुविधाएं और प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे और भी आगे बढ़ सकें।

### ऑर्गेनिक सेब बर्फी की कीमत 325 रुपए किलो

अगर आप इस स्वादिष्ट बर्फी का स्वाद चखना चाहते हैं, तो आप रिज मैदान के पास पद्मदेव परिसर में लगे 'आकांक्षी हाट' में समूह के स्टॉल पर इसे खरीद सकते हैं। एक डिब्बे की कीमत 325 रुपए है। इसके अलावा, समूह ऑनलाइन डिलीवरी की सुविधा भी देता है। समूह की प्रधान आशु ठाकुर बताती हैं कि कुल्लू जैसे जिलों से भी इसकी मांग काफी बढ़ रही है।



# लॉटरी को फिर से शुरू करने पर जिला भाजपा ने किया कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा ने हिमाचल में लॉटरी को फिर से शुरू करने के कांग्रेस सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इस कदम को राज्य की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया है। फाल्टा ने आरोप लगाया कि सरकार अपने विफल कार्यकाल के कारण हो रहे नुकसान की भरपाई अब जुए के माध्यम से करना चाहती है।



उन्होंने याद दिलाया कि 1999 में भाजपा सरकार ने लॉटरी को पूरी तरह से बंद कर दिया था, क्योंकि उस समय लाखों लोग इसकी लत का शिकार हो चुके थे और पूरे प्रदेश में आर्थिक व सामाजिक संकट खड़ा हो गया था। फाल्टा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही, वही अब उन्हें किस्मत आजमाने का रास्ता दिखा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि 10 लाख बेरोजगार युवाओं और 2 लाख से अधिक कर्मचारियों का जीवन इस फैसले से प्रभावित हो सकता है। फाल्टा ने कांग्रेस सरकार पर पहले नशा और अब लॉटरी के माध्यम से हिमाचल को गर्त में ले जाने का आरोप लगाया है।

# कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में अव्यवस्थाएं दुर्भाग्यपूर्ण: एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अभ्यर्थियों की उचित मांगों पर हो शीघ्र कार्रवाई, परीक्षा में अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल इकाई कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा में हुई अनियमितताओं, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। संगठन ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। गत माह आयोजित एसएससी परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्र निर्धारण में गड़बड़ी, तकनीकी समस्याओं के चलते परीक्षाओं का बाधित होना तथा दिल्ली स्थित डीओपीटी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर बल प्रयोग जैसी घटनाओं ने परीक्षा एजेंसी और पूरी प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

एसएससी द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण परीक्षाओं में लाखों युवा अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदें लेकर सम्मिलित होते हैं, उसके आयोजन में अव्यवस्था तथा पारदर्शिता का अभाव अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अभाविप परीक्षाओं में सदैव पारदर्शिता और शुचिता की पक्षधर रही है। इस प्रकरण में परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश पत्र निर्धारित समय से मात्र दो दिन पूर्व जारी करना, अनेक अभ्यर्थियों को सुदूर केंद्र आवंटित करना, परीक्षा के दौरान कुछ केन्द्रों पर तकनीकी समस्याएं उत्पन्न होना और विरोध करने पर अभ्यर्थियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना अत्यंत निंदनीय हैं। अभाविप इसका विरोध करते हुए दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई हेतु मांग करती है।

पूर्व सूचना के बिना परीक्षा को रद्द किया जाना, परीक्षा एजेंसी की पूर्ण विफलता को दर्शाता है। इससे अभ्यर्थियों का समय, श्रम, आर्थिक संसाधन और मानसिक ऊर्जा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अभाविप, इस पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए स्पष्ट मांग करती है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दोषियों को दंडित किया जाए, रद्द की गई परीक्षाओं की तिथि शीघ्र घोषित की जाए, केंद्र निर्धारण में पारदर्शिता लाई जाए तथा अभ्यर्थियों से सम्मानजनक संवाद स्थापित किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने कहा, 'एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में अनियमितता केवल प्रशासनिक अव्यवस्था नहीं अपितु युवाओं के आत्मसम्मान और उनके भविष्य के साथ किया गया अन्याय है।

# सन फार्मा में कार्यरत पूर्व छात्र अशोक महाजन ने छात्रों संग साझा किया अनुभव

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के पूर्व छात्र संघ ने अपनी एलुमनी टॉक सीरीज-1 का सफलतापूर्वक आयोजन ऑनलाइन वेबएक्स मीटिंग ऐप के माध्यम से किया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के पहले बैच (2005-2009) के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र अशोक महाजन शामिल हुए। वर्तमान में सन फार्मा में रेगुलेटरी अफेयर्स मैनेजर के पद पर कार्यरत श्री महाजन के पास 13 वर्षों से अधिक का औद्योगिक अनुभव है। उन्होंने अपने पेशेवर सफर, रेगुलेटरी अफेयर्स के क्षेत्र में गहन जानकारी और इस क्षेत्र में कदम रखने वाले नए छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों को साझा किया।

उन्होंने छात्रों को फार्मासूटिकल उद्योग में रेगुलेटरी अफेयर्स और प्रोडक्शन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। श्री महाजन ने कहा कि रेगुलेटरी अफेयर्स किसी भी दवा को बाजार में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है !जबकि प्रोडक्शन का क्षेत्र सुनिश्चित करता है कि दवाएं उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुसार बनाई जाएं। उन्होंने इन क्षेत्रों में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को बहुमूल्य सुझाव भी दिए। महाजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और कॉलेज को दिया और उन्हें करियर की नींव रखने के लिए धन्यवाद किया। इस सत्र में चौथे वर्ष के बी. फार्मा के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चर्चा में सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# इस बार रक्षाबंधन पर्व में नहीं होगी भद्रा: पंडित शशि पाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**कुमारसैन।** श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पावन पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष शनिवार 9 अगस्त को पूरे देश में श्रद्धा, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के निर्मल प्रेम, पारिवारिक एकता, और कर्तव्यों की भावना का उत्सव है।



कुमारसैन के जाने माने अंक ज्योतिषी एवं वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष पंडित शशिपाल डोगरा ने कहा कि रक्षाबंधन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है।

पंडित डोगरा आगे कहते हैं कि सूर्य व चंद्र दोनों के शुभ प्रभाव के कारण यह दिन ध्यान, संकल्प और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत अनुकूल है। इस दिन भाई-बहन यदि मिलकर शिव-पार्वती का पूजन करें, तो पारिवारिक सौहार्द बना रहता है।

### सुबह 5:47 से दोपहर 1:24 बजे तक हो शुभ मुहूर्त

**अंक** ज्योतिषी पंडित शशि पाल डोगरा ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व तिथि एवं शुभ मुहूर्त इस प्रकार हैं। रक्षा बंधन पर्वः शनिवार, 9 अगस्त, पूर्णिमा तिथि प्रारंभः 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे से पूर्णिमा तिथि समाप्तः 9 अगस्त को दोपहर 1:24 बजे तक है। राखी बांधने का श्रेष्ठ मुहूर्त 9 अगस्त को सुबह 5:47 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक। राहुकाल (राखी न बांधें): सुबह 9: 07 से 10:47 बजे तक है।

# झाखड़ी में खेत जाते समय दो महिलाओं के बीच मारपीट, क्रॉस एफआईआर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पुलिस उपमंडल रामपुर के अंतर्गत थाना झाखड़ी में आज एक ही गांव की दो महिलाओं द्वारा एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने दोनों की शिकायतों पर अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

प्रथम मामला मे गीता देवी पत्नी दीवान चंद, निवासी गांव शाह, डाकघर धारगोरा, तहसील रामपुर ने दर्ज कराई शिकायत में बताया कि दिनांक 1 अगस्त को शाम लगभग 5 बजे जब वह अपने घर से खेत की ओर जा रही थी, तो रास्ते में गांव का ही एक युवक पीयूष कुमार पुत्र विनोद कुमार मिला, जिसने उसके साथ अपशब्द कहे और लात-घूंसों से मारपीट की। इस घटना में गीता देवी को शारीरिक चोटें आई हैं। इस संबंध में थाना झाखड़ी में मामला दर्ज किया गया है।

वहीं दूसरी ओर उसी गांव की अंजना पत्नी विनोद कुमार ने भी थाना झाखड़ी में एक अलग प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने शिकायत में बताया कि शाम करीब 5 बजे जब वह खेत जा रही थीं, तो रास्ते में उन्हें गीता देवी पत्नी दीवान चंद मिली, जिसने बिना किसी कारण के लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। अंजना देवी को भी इस मारपीट में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस दोनों मामलों की गहनता से जांच कर रही है। दोनों शिकायतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# कुपवी में बताए प्राकृतिक खेती के लाभ

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**

**चौपाल/नेरवा।** बागवानी विभाग चौपाल के सौजन्य से उपमंडल कुपवी की ग्राम पंचायत बांदल-कफलाह एवं मझौली के बागवानों के लिए मझौली के लोहाणधार गांव में दो दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ एसडीएम कुपवी अमन कुमार पराशर ने किया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं और युवाओं से विभाग की मुख्यमंत्री मधु विकास योजना,नर्सरी उत्पादन तथा हिमाचल खुंब विकास योजना का लाभ उठा कर अपनी आय सृजित करने का आह्वान किया।

इस मौके पर बागवानों को संबोधित करते हुए विषयवाद विशेषज्ञ बागवानी विभाग चौपाल डॉ. सुरेंद्र जस्टा ने कहा कि आने वाला समय प्राकृतिक खेती का है। प्राकृतिक खेती से अच्छा लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्राकृतिक रूप से तैयार उच्च गुणवत्ता के फलों के फल मंडियों में अच्छे दाम मिलते है, परंतु इसके लिए प्राकृतिक खेती का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए बागवानों को 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' के अंतर्गत आवेदन करना पड़ेगा। डॉ. सुरेंद्र जस्टा ने बागवानों को उद्यान विभाग की केंद्रीय व राज्य सरकार की योजनाओं बारे में विस्तार से जानकारी दी ।



कुपवी में बागीचे का निरीक्षण करते बागवानी अधिकारी।

इस मौके पर कुपवी ब्लॉक के ब्लॉक प्रौद्योगिकी प्रबंधक नितेश ठाकुर ने भी प्राकृतिक खेती का महत्व व जीवामृत, घनजीवामृत, निमास्त्र और अग्निस्त्र बनाने की विधि व प्रयोग करने के बारे में बागवानों को जानकारी दी। शिविर के दूसरे दिन बागवानी अधिकारियों ने नजदीक के बागीचों का निरीक्षण किया। इस मौके पर बागवानी विकास अधिकारी चौपाल श्याम शर्मा,कुपवी किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष तुलसी राम जमालटा, तहसीलदार कुपवी रोहित जाल्टा, उद्यान प्रसार अधिकारी राजेंद्र सामता बीडीसी सदस्य बंडल-कफलाह व मझौली प्रदीप शर्मा,पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# फोरलेन निर्माण में लापरवाही पर भड़के मंत्री राजेश धर्माणी, कंपनियों को चेताया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा एवं शहरी नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश में हो रहे फोरलेन निर्माण कार्यों में लापरवाही पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने निर्माण कंपनियों को चेताते हुए कहा कि प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को अनदेखा कर किया जा रहा सीधा कटाव (सीधी कटिंग) हिमाचल के लिए विनाशकारी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में 'स्टेप बाय स्टेप कटिंग' अपनाना आवश्यक है, ताकि भूस्खलन और पर्यावरणीय क्षति से बचा जा सके। उन्होंने निर्माण कंपनियों पर आरोप लगाया कि उनके गैर-तकनीकी तौर-तरीकों से न केवल राज्य को करोड़ों का नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनता भी प्रभावित हो रही है। मंत्री ने चेताया कि अगर समय रहते कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो सरकार सख्त कदम उठाएगी और जिम्मेदार कंपनियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई करें। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब फोरलेन निर्माण के चलते कई क्षेत्रों में भू-स्खलन और सड़क धंसने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे जनता में असंतोष व्याप्त है।



# झंडूता में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या का होगा समाधान: कटवाल



ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते विधायक जीतराम कटवाल

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या को जल्द ही ट्रांसफॉर्मर अपग्रेड के माध्यम से दूर किया जाएगा। रविवार को मलांगण, घंडीर, बल्हसीणा और पपलोआ पंचायतों के ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान उन्होंने यह आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे विद्युत बोर्ड और केंद्रीय मंत्रालय के संपर्क में हैं। विधायक ने क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण, पुल निर्माण और पेयजल योजनाओं की भी जानकारी दी और बरसात के मौसम में नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की।

## 12.60 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घुमारवीं थाना पुलिस ने शनिवार देर रात बलोह टोल प्लाजा के समीप 12.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम ने कार (एचपी 8ए-6106) को संदेह के आधार पर रोका। जांच के दौरान युवक की पहचान साहिल कुमार पुत्र लाल चंद, निवासी भंगरोटू, तहसील बल्ह, जिला मंडी के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 12.60 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। घुमारवीं के डीएसपी चंद्र पाल ने जनता से अपील की है कि नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# गलासी में शराब के ठेके का विरोध तेज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के तहत बड्डू-गलासी पंचायत में शराब के नए ठेके को लेकर विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों ने ठेके को रिहायशी व संवेदनशील क्षेत्र में खोलने पर आपत्ति जताई है और शनिवार को एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी को ज्ञापन सौंपकर इसकी तत्काल बंद करने की मांग की है। इसके साथ विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को भी ज्ञापन सौंपा है। लोगों का कहना है कि यह ठेका पहले सोई गांव में खोला गया था, लेकिन वहां के लोगों के विरोध के चलते इसे हटा दिया गया।

**ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

अब यह बड्डू व गलासी गांव के बीच खोल दिया है, जो एक प्राथमिक विद्यालय, प्राकृतिक जल स्रोत 'बावड़ी' और रिहायशी मकानों के नजदीक है। इससे महिलाओं, बच्चों और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस जगह पर ठेका खुलने से क्षेत्र में शराबियों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे बच्चों की पढ़ाई और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस असवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विद्या सागर, पंचायत प्रधान नंद लाल, बीडीसी सदस्य रवि कौशल, सोहन लाल, राम प्यारी, विमला देवी, जमना देवी सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# हिमाचल पर्यटन निगम के एमडी को पद से हटाया जाए : ओपी गोयल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट ओपी गोयल ने निगम प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार को पद से हटाने की मांग की है। पत्रकार वार्ता में ओपी गोयल ने कहा कि एमडी द्वारा कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार किया गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में निगम के 30 कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना के धर्मशाला स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें उसी दिन दोपहर 12:30 बजे सूचित कर ज्वॉइन करने का आदेश मिला।



**बोले- कर्मचारियों के साथ किया अनुचित व्यवहार**

इससे कर्मचारियों को मानसिक व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। गोयल ने यह भी कहा कि अगर यह निर्णय पर्यटन निगम अध्यक्ष का था, तो मुख्यमंत्री को भी इसका जवाब देना होगा। उन्होंने सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। गोयल ने चेतावनी दी कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए तो वे उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

# आशा को सीनियर असिस्टेंट पद पर मिली पदोन्नति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घागस मगरोट निवासी आशा ठाकुर को डीटीई स्टूडियो में एचआर सीनियर असिस्टेंट पद पर पदोन्नति मिली है। इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन से संबद्ध इस कंपनी ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। आशा ठाकुर को प्रतिमाह 30,000 रुपए वेतन मिलेगा। कंपनी ने उन्हें एक प्रेरणास्रोत बताते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी समर्पण और विनम्रता से कार्य करती रहेंगी। डीटीई स्टूडियो वैश्विक स्तर पर फैशन, लक्ज़री और लाइफस्टाइल ब्रांड्स के साथ कार्य करती है, जिनमें नाइकी, एडिडास और वर्साचे शामिल हैं। आशा ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे ज्ज1 अपग्रेड कर ई-लेवल रिज़र्व लीडर बनें और अधिक लाभ प्राप्त करें। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

# बजरंग टैक्सी यूनियन ऑफिस का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** बजरंग टैक्सी यूनियन कुठेड़ा के नए कार्यालय का उद्घाटन समाजसेवी और राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सुनील ने टैक्सी यूनियन को स्थानीय अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाला संगठन बताया और उन्हें राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना व ई-टैक्सी सब्सिडी योजना की जानकारी दी। यूनियन प्रधान संजीव कुमार ने कहा कि कार्यालय खुलने से संगठनात्मक कार्यों में मजबूती आएगी और टैक्सी चालकों की समस्याओं का समाधान सुचारु रूप से किया जा सकेगा। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दकड़ी चौक पर गाड़ी की टक्कर से बैल की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के दकड़ी चौक पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर बैठे बेसहारा बैल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बैल लगभग 20 फुट तक गाड़ी के साथ घसीटा गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटने से बची, जिससे बड़ा हादसा टला। घायल बैल को स्थानीय लोगों ने सड़क से हटाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि बैल को नगर परिषद कर्मचारियों की मदद से दफना दिया गया है।

# सरकार का लॉटरी पुनः आरंभ करना विनाशकारी निर्णय: कृष्ण चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा लॉटरी व्यवस्था दोबारा शुरू करने के फैसले पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने इसे प्रदेश के लिए विनाशकारी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य ने लॉटरी जैसे सामाजिक अभिशाप से बड़ी मुश्किल से छुटकारा पाया था, लेकिन अब कांग्रेस सरकार उसे फिर से वापस लाकर प्रदेश को बर्बादी की ओर धकेल रही है। चंदेल ने याद दिलाया कि भाजपा सरकार ने 1999 में लॉटरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था, जिससे हजारों परिवार आर्थिक तबाही से बचे। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस सरकार यदि यह जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लेती, तो भाजपा जनआंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 4-5 करोड़ की आमदनी के लिए लाखों परिवारों की स्थिरता से खिलवाड़ कर रही है और युवाओं को जुए और नशे की ओर धकेल रही है।



**श्रद्धा** श्री नयना देवी में पूर्णाहुति के साथ श्रावण अष्टमी मेले संपन्न

# 5 लाख से अधिक भक्तों ने किए मां के दर्शन

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी में श्रावण अष्टमी मेला पूर्ण आहुति के साथ रविवार को विधिवत संपन्न हो गया। मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल, मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर व सहायक अधिकारी मनीष कुमार ने पूजा-अर्चना और हवन कर मेला का समापन किया। इस धार्मिक आयोजन में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मेला समापन पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, एडीसी ओम कांत ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मंदिर पहुंचे। उपायुक्त ने मेला प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि बारिश और धुंध के बावजूद आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्हें जत्थों में दर्शन करवाए गए और कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रही। उन्होंने मंदिर न्यास अध्यक्ष को निर्देश दिए कि उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मचारियों को 15 अगस्त को सम्मानित किया जाए। उन्होंने मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल को निर्देश दिए कि वह उनके नाम प्रस्तावित करके भेजें। इस बार ग्रीन मेला भी सफल रहा और प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया। दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।



हवन कुंड में पूर्णाहुति डालते उपायुक्त राहुल कुमार।

# दिव्यांगों को हिम प्लस कार्ड शुल्क से छूट दे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**दिव्यांगजनों** के हक की पैरवी करने वाली सामाजिक संस्था 'सामर्थ्य-हमारी पहचान' ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि दिव्यांगों को एचआरटीसी के हिम प्लस कार्ड शुल्क से पूर्ण छूट दी जाए। संस्था के संस्थापक अधिवक्ता लग्नेश कुमार ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार ने हाल ही में हिम प्लस कार्ड को अनिवार्य किया है, जिसकी लागत 200 रुपए रखी गई है। इसमें दिव्यांगजन भी शामिल कर दिए गए हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश दिव्यांगजन बेरोजगार हैं और उनके पास कोई स्थायी आमदनी नहीं है। ऐसे में यह शुल्क उनके लिए आर्थिक बोझ साबित होगा। संस्था ने मांग की कि दिव्यांगों को इस अनिवार्यता से बाहर रखते हुए निशुल्क सुविधा दी जाए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, सहारा पेंशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, सरकारी विभागों में बैकलॉग के तहत रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती और मुख्यमंत्री आवास योजना में दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देने की भी मांग की।



प्रेसवार्ता करते लग्नेश व अन्य ।

**सामर्थ्य संस्था ने सरल पेंशन प्रक्रिया, रिक्त पदों की भर्ती की भी उठाई मांग**

संस्था ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से सीधा संवाद कर आंदोलन की दिशा में कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर अश्विनी चंदेल समेत अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# स्व. आदित्य की स्मृति में वॉलीबाल टूर्नामेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के चांदपुर में स्वर्गीय आदित्य भारद्वाज की पुण्य स्मृति में राम नाटक मंडल चांदपुर और युवा कांग्रेस बिलासपुर के संयुक्त सहयोग से एक वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आदित्य भारद्वाज राम नाटक मंडल में प्रभु श्रीराम का प्रमुख पात्र निभाते थे। टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने किया, जिन्होंने आयोजन समिति को 11,000 रुपए, एक वॉलीबाल और नेट भेंट किए। चांदपुर पंचायत की प्रधान ललिता ठाकुर, पूर्व प्रधान अर्पण संत, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विशेष रूप से वॉलीबाल के अंडर-14 इंडिया कैंप के कप्तान शब्द गौतम को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के लिए कांस्य पदक जीता। राम नाटक मंडल चांदपुर के सदस्यों और ग्रामीणों की सहभागिता से यह आयोजन सफल और गरिमामय रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### सूरी में मिंजर विसर्जन, लोगों में दिखा उत्साह



**अनंत ज्ञान, सलूणी।** विकास खंड सलूणी की पंचायत सूरी में आज चंबा मिंजर के समापन अवसर पर मिंजर विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सलूणी चंद्रवीर सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ समाजसेवी धर्म सिंह पठानिया, पंचायत प्रधान कृष्ण पंडित और उपप्रधान असगर भी मौजूद रहे। मिंजर विसर्जन के दौरान एसडीएम चंद्रवीर सिंह और धर्म सिंह पठानिया ने पारंपरिक विधि से मिंजर का विसर्जन किया और उपस्थित लोगों का मुंह मीठा करवाया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उत्साहपूर्वक इस पारंपरिक आयोजन का आनंद उठाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत सूरी में इस तरह का मिंजर विसर्जन पहली बार आयोजित किया गया है, जिससे क्षेत्र में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। उन्होंने प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए इस परंपरा को आगे भी जारी रखने की मांग की।

### आईटीबीपी जवान के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक राज कुमार नेगी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के करालश गांव के रहने वाले 59 वर्षीय नेगी, अरुणाचल प्रदेश के भालुकपोंग में 59वीं वाहिनी में तैनात थे और देश सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। अधिक ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्र में अपनी ड्यूटी निभाते हुए बीमार पड़ने के बाद उनका डोरिका अस्पताल में इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य का एक बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ बेटा बताया, जिसकी वीरता और सेवा भावना को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### सीएम व डिप्टी सीएम ने किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हमीरपुर जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक मदन लाल कौंडल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौंडल की संगठन के प्रति निष्ठा और समाज सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दें।

### रिवालसर हवानी गलू में लगाए 50 पौधे

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** रिवालसर हवानी गलू में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए पूर्व सैनिक टेक चंद शर्मा (डोगरा रेजीमेंट, इंडियन आर्मी) की अगुवाई में होटल रिवालसर हाइट के सामने करीब 50 पौधे रोपे गए। इस पौधारोपण अभियान में स्थानीय लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। टेक चंद शर्मा ने इस मौके पर कहा कि आजकल जगह-जगह सड़कों के निर्माण व अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हो रही है, जिससे हरियाली तेजी से घट रही है। वहीं गर्मियों में जंगलों में लगने वाली आग भी पौधों की संख्या में भारी गिरावट का कारण बन रही है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान जल रक्षक संघ मजदूर अध्यक्ष जवालु राम, कमल, ईश्वर दास, नरपत राम, प्रेम सिंह, मनचली देवी, पवन कुमार सहित कई स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। फॉरेस्ट गार्ड श्याम राव, रिवालसर ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# मंजरी गार्डन से मिंजर को नारियल से बांधकर रावी नदी में किया विसर्जित

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला संपन्न, विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की शोभायात्रा की अगुवाई

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक ऐतिहासिक एवं अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 आज रावी नदी में मिंजर (Silk Tassel) के पारंपरिक विसर्जन के साथ हर्षोल्लास से संपन्न हो गया।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अगुवाई में अखंड चंडी महल परिसर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई इसमें विधायक नीरज नैय्यर, डॉ. हंसराज, डीएस ठाकुर पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने भी भाग लिया। शोभायात्रा में स्थानीय देवी-देवताओं की पालकियां, सांस्कृतिक दल, पुलिस एवं होमगार्ड की प्लाटून, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के एनसीसी कैडेट सहित विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा चंबा के मुख्य बाजार से होते हुए रावी नदी तट स्थित मंजरी गार्डन पहुंची। विधानसभा अध्यक्ष ने यहां पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मिंजर को नारियल से बांधकर रावी नदी में विसर्जित किया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक कुंजड़ी-मल्हार गायन भी प्रस्तुत किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इससे पहले चंबा के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित मिंजर मेला खेलकूद प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में दंगल प्रतियोगिता में रोचक कुश्ती मुकाबलों का आनंद लिया।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते हुए।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कृषि उपज एवं विपणन समिति ललित ठाकुर, अध्यक्ष नगर परिषद नीलम नैय्यर, सदस्य निदेशक मंडल राज्य पथ परिवहन निगम सुरजीत भरमौरी, जनप्रतिनिधियों में कमल ठाकुर, डीएस पठानिया, यशवंत खन्ना, करतार ठाकुर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### सीएम का दौरा रद्द

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला में सोमवार को सीएम सुक्खू का आगमन प्रस्तावित था, लेकिन किसी कारणवश उनका दौरा रद्द हो गया। दिन में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को सूचना मिली थी कि मुख्यमंत्री मिंजर मेले के अंतिम दिन निकलने वाली शोभायात्रा में भाग लेंगे और शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। लेकिन कार्यक्रम में बदलाव के चलते सीएम का दौरा नहीं हो सका।

## डलहौजी में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया मिंजर विसर्जन समारोह



**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**मुख्य** मिंजर मेले की तर्ज पर डलहौजी उपमंडल में भी रविवार को पारंपरिक मिंजर विसर्जन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने गांधी चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पूजा के बाद मंदिर से पंजपुला तक बैंड-बाजों की धुनों पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पंजपुला पहुंचकर परंपरागत विधि से मिंजर का विसर्जन किया गया। तहसीलदार रमेश चौहान, नायब तहसीलदार रजनीश कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर कमेटी के पदाधिकारी वीरेंद्र ठाकुर, सुभाष चौहान, रंजीत, सूरज प्रकाश, दीपक, गोविंद, राजीव, प्रेम मेहरा भी इस धार्मिक कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पर्व पारंपरिक संस्कृति को जीवित रखने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

## गुज्जर समुदाय ने लगाई जन्म-मृत्यु पंजीकरण व पशु मुआवजा प्रक्रिया को सरल बनाने की गुहार

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला चंबा के गुज्जर समुदाय ने प्रशासन के समक्ष अपनी बुनियादी समस्याओं को रखते हुए दो अहम मांगें उठाई हैं। गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन ने ज्ञापन जारी कर कहा कि घुमंतु जीवन शैली के कारण समुदाय के लोग कई तरह की प्रशासनिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

हसन दीन ने बताया कि गुज्जर समुदाय के लोग वर्षभर अपने पशुओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में घूमते रहते हैं, जिस कारण वे अपनी ग्राम पंचायतों से जुड़े नहीं रह पाते। यही वजह है कि जन्म और मृत्यु का पंजीकरण समय पर नहीं हो पाता, और उन्हें विलंब पंजीकरण की लंबी एवं महंगी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की पुष्टि का अधिकार ग्राम सभा को सौंपा जाए, ताकि समुदाय को समय पर और सरल तरीके से यह सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से लोगों का ग्राम सभा के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल पाएगा।

सभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि गुज्जर समुदाय के लोग पशुपालन पर ही निर्भर हैं और

### प्रधान, पटवारी और पशुपालन विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मिले मुआवजा

#### प्रशासन मांगों पर विचार कर जल्द ले निर्णय: हसन दीन

**हसन** दीन ने कहा, 'हमें आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिला प्रशासन हमारी इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेगा। इससे समुदाय को बड़ी राहत मिलेगी।' गुज्जर कल्याण सभा की इन मांगों का उद्देश्य घुमंतु समुदाय को प्रशासनिक प्रक्रियाओं से होने वाली जटिलताओं से राहत दिलाना है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इन मांगों पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

अपने पशुओं के साथ सालभर घूमते रहते हैं। इस कारण पशुओं को टैग करना संभव नहीं हो पाता। नतीजतन, जब कोई पशु दुर्घटनाओं (जैसे डांक से गिरने, सांप के डसने या बाड़ में फंसने) से मर जाता है तो पशुपालकों को मुआवजा नहीं मिल पाता। उन्होंने मांग की कि पूर्व की तरह ही स्थानीय प्रधान, पटवारी और पशुपालन विभाग के अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा जारी किया जाए।

## मिंजर मेला : चंबा की सांस्कृतिक आत्मा का जीवंत उत्सव

*हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और लोक आस्था का जीवंत प्रतीक अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार भी पूरे धूमधाम के साथ मनाया। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि वह अवसर है जब चंबा की ऐतिहासिक धरोहर, सामूहिक भावनाएं और धार्मिक आस्था एक साथ प्रकट होती हैं। इस मेले में देवी-देवताओं की शोभायात्रा, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और जनता की सहभागिता इसे एक अद्वितीय अनुभव बनाती हैं। अनंत ज्ञान ने इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के लोगों से बातचीत की, जिन्होंने अपने विचार रखते हुए इस मेले की महत्ता और इसके सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को रेखांकित किया।*

### मिंजर जैसा भव्य उत्सव हमारे चंबा की बन चुका पहचान: उमेश ठाकुर



**चंबा** के अधिवक्ता उमेश ठाकुर ने गहरे भाव से कहा 'यह वास्तव में गर्व की बात है कि मिंजर जैसा भव्य उत्सव हमारे चंबा की पहचान बन चुका है। यह केवल एक मेला नहीं है, बल्कि यह हमारी गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और हमारे पूर्वजों की दूरदर्शी सोच का जीवंत उदाहरण है। सदियों पुरानी यह परंपरा आज भी उसी आस्था और श्रद्धा के साथ निभाई जा रही है, जो अपने आप में अत्यंत अद्भुत है।' उन्होंने कहा कि हमारी भूमि को यूं ही 'देवभूमि' नहीं कहा जाता। यहां हर आयोजन की शुरुआत देवी-देवताओं के आशीर्वाद से होती है। मिंजर मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि देवी-देवताओं को सर्वोपरि स्थान देकर उनका आशीर्वाद लेकर उत्सव की शुरुआत की जाती है। यह परंपरा हमें हमारी जड़ों की याद दिलाती है और समाज में आस्था को बनाए रखने का कार्य करती है। उमेश ठाकुर ने यह भी कहा कि मिंजर मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है।

### मुझे हमेशा अपने चंबा की गौरवशाली इतिहास पर होता गर्व: लक्की ठाकुर



**युवा** समाजसेवी लक्की ठाकुर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे हमेशा अपने चंबा की गौरवशाली इतिहास पर गर्व होता है। यह गर्व और भी बढ़ जाता है जब हम मिंजर जैसे आयोजनों का हिस्सा बनते हैं। यह मेला हमें यह एहसास कराता है कि हम केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक जीवंत संस्कृति के संवाहक हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले की सबसे खास बात यह है कि यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक पहचान का उत्सव है। यहां की परंपराएं हमें जोड़ती हैं, हमारी आस्था को और मजबूत करती हैं और हमें अपनी ऐतिहासिक धरोहर पर गर्व करने का अवसर देती हैं। लक्की ठाकुर ने इस आयोजन की सामाजिक उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मिंजर मेला स्थानीय व्यापारियों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। यह उत्सव न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आर्थिक रूप से भी क्षेत्र को सशक्त बनाता है। साथ ही, यह मंच कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने और युवाओं को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर देता है।

### बनीखेत में संत निरंकारी सेवा दल का एकदिवसीय ट्रेनिंग कैंप आयोजित

## सेवा भावना व अनुशासन पर दी विशेष ट्रेनिंग

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** संत निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में संत निरंकारी सेवा दल का एक दिवसीय ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर में चंबा व कांगड़ा क्षेत्र के क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा ने सेवा दल अधिकारियों और सेवादारों को सत्संग संचालन, यातायात व्यवस्था, लंगर प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति व सामाजिक सेवा कार्यों के प्रशिक्षण का संचालन किया। महात्मा डोगरा ने बताया कि सेवा दल न केवल सत्संगों में सेवाएं देता है, बल्कि समाजिक कार्यों जैसे रक्तदान, सफाई अभियान, पौधारोपण और आपदा राहत में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। उन्होंने सेवा भाव को जीवन की सच्ची साधना बताया और कहा कि निष्काम सेवा ही सच्ची भक्ति है। शिविर की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात मार्च पास्ट, गुरु पूजा गीत, सेवादल गीत, क्षमा याचना गीत, अनुशासन व टीम वर्क पर आधारित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।



डलहौजी ब्रांच यूनिट नंबर 638 के सेवादल संचालक महात्मा दीप जसवाल ने क्षेत्रीय संचालक का आभार जताया। इस अवसर पर सेवादल शिक्षक महात्मा संजीव कुमार पामा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर के उपरांत साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें भजनों, कविताओं और विचारों के माध्यम से भक्तों ने निराकार परमात्मा की महिमा का गुणगान किया। एलईडी के माध्यम से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के विचारों को भी श्रवण किया गया।

## सेब कलेक्शन सेंटर न खुलने से बागवानों को भारी परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** जिले में माहोरी शरमला कलीड पंचायत के सेब उत्पादक किसान इस वर्ष सेब कलेक्शन सेंटर के बंद होने से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एचपीएमसी द्वारा इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से संचालित होने वाला कलेक्शन सेंटर इस बार बिना किसी स्पष्ट कारण के नहीं खोला गया है, जिससे बागवानों में भारी रोष है।

भाजपा मंडल मतियाणा के आईटी संयोजक रोहित कालटा ने बताया कि बागवानों को अपना सेब बेचने के लिए लगभग 30 किलोमीटर दूर गुम्मा केंद्र तक जाना पड़ रहा है। इस लंबी दूरी के कारण परिवहन और मजदूरों का खर्च इतना अधिक बढ़ गया है कि यह सेब की कीमत से भी ज्यादा हो रहा है।

### कालटा बोले- बागवानों को जाना पड़ रहा 30 किमी दूर

इसके अलावा, गुम्मा केंद्र पर भी उन्हें लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

इस समस्या को लेकर क्षेत्र के बागवानों ने सरकार और एचपीएमसी अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। रोहित कालटा ने कहा कि यह स्थिति छोटे और सीमांत किसानों के शोषण के बराबर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पांदली पंचायत में स्थित पुराने सेब कलेक्शन सेंटर को तत्काल नहीं खोला गया, तो बागवानों को विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में स्नूकर व पूल टूर्नामेंट का समापन

## निखिल चौना और रवि कुमार ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** में आयोजित पारंपरिक मिंजर मेले के अंतर्गत हुए स्नूकर व पूल टूर्नामेंट का रविवार को शानदार समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया और दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद उठाया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि योगिंदर शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और आयोजन समिति की सराहना की।

स्नूकर में निखिल चौना विजेता बने, जबकि राजत कुमार उपविजेता रहे। वहीं पूल टूर्नामेंट में रवि कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रनब चौहान उपविजेता रहे। इस अवसर पर स्नूकर एंड पूल एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति प्रसाद चौहान, उपाध्यक्ष धीरज, सचिव अनूप कुमार शर्मा और कुलदीप सिंह शर्मा भी मौजूद रहे। अध्यक्ष चौहान ने कहा कि उनका उद्देश्य चंबा के युवाओं को इस खेल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। मुख्यातिथि योगिंदर शर्मा ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।



### सूडोकु नवताल- 7511 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7510 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 4 अगस्त 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** दशमी (11:39) **: नक्षत्र** अनुराधा (09:04), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ब्रह्मा (06:55), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:53)। **राहुकाल** (07:27-09:07)।

### विशेष दिन

- 4 अगस्त 2025: डॉ. वाईएस परमार की जयंती आज।
- 4 अगस्त: अमेरिकी तटरक्षक दिवस आज।

**मेष:** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

**वृष:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मिथुन:** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**कर्क:** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**कन्या:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गोरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनु:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**मकर:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ हो सकता है।

**मीन:** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। होश में रहकर कार्य करें।

## राज्यपाल के साथ नेता प्रतिपक्ष ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ मिलकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राज्यपाल द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से भेजी गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाल ही में राज्यपाल संग की गई शिकारी देवी यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह इलाका पर्यटन की दृष्टि से स्वर्ग के समान है, लेकिन एक ही रात की आपदा ने वर्षों की मेहनत मिट्टी में मिला दी। उन्होंने कहा कि लोगों के घर, पशुधन, खेत और बाग-बगीचे सब कुछ तबाह हो गए हैं। 500 से अधिक घर पूरी तरह बह गए, 1000 से ज्यादा अब रहने लायक नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि सर्दियों से पहले मजबूत अस्थायी ठिकानों की व्यवस्था की जानी चाहिए। पूरे क्षेत्र की पेयजल योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं, सड़कों की स्थिति भी बेहद अस्थाई है। उन्होंने राहत कार्यों में मदद करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब पूरा ध्यान पुनर्वास योजनाओं पर है।

### सुविधाएं स्थायी रूप से बहाल करने पर सरकार को देना होगा जोर

#### अपनी नाकामी छुपाने का जरिया है पत्रकारों पर एफआईआर

**एक** सवाल पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि पत्रकारों पर एफआईआर कर सरकार अपनी नाकामी छुपा रही है। उन्होंने इसे तानाशाही बताया और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की व आपदा में जान गंवाने वाले जेसीबी ऑपरेटर व टिप्पर चालक के निधन पर शोक जताया।

## राज्यपाल ने आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने आज मंडी जिले के सिराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित थुनाग, बगस्याड और जंजैहली क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों से भेंट की तथा राहत सामग्री वितरित की। राज्यपाल ने सबसे पहले थुनाग क्षेत्र में आपदा पीड़ितों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उपमंडल थुनाग इस आपदा से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है, जहां निजी संपत्ति, भूमि और पशुधन को व्यापक क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में तीन करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि के मामलों को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्यपाल ने कहा कि इतने बड़े नुकसान के बावजूद यहां के लोगों का हौंसला अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि 'जो क्षति हुई है उसकी पूर्ण भरपाई संभव नहीं है, लेकिन हर स्तर पर हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।' उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में आंतरिक संसाधनों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रबंधों पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। शुक्ल ने बगस्याड राहत शिविर और लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह थुनाग में भी आपदा प्रभावितों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके पश्चात उन्होंने पंचायत घर पखरेड़ का दौरा कर झुंडी और पखरेड़ पंचायतों के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया।


## अनंत Classifieds

### NAME CHANGE

I, Naina Devi D/o sh.Daya Nand , w/o Anil Kumar age 42 years (6-01-1983) Resident of Village Manikaran P.O. Manikaran Sub.Tehsil Jari Distt. Kullu H.P. do here by solemnly and declare on oath as my all relevant documents include Pan Card or records,My name is recorded as Shanta Devi D/o Jai Nand where as now I have changed my name Shanta Devi D/o Jai Nand to Naina Devi D/o Sh. Daya Nand ,W/o Sh. Anil Kumar . Today onwards my name be considered as Naina Devi W/o Anil kumar for all purpose . Please consider note that.

### कार्यालय ग्राम पंचायत सिध्याणी, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित् वर्ष 2025-26 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है। **सामग्री का विवरण-** (1) रेत (खड्डु/नदी की)- प्रति घन मीटर (2) रेत (क्रशर की)- प्रति घन मीटर (3) बजरी 20 एमएम, 40 एमएम (खड्डु/नदी)- प्रति घन मीटर (4) बजरी 20एमएम,40 एमएम (क्रशर)- प्रति घन मीटर (5) सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर- प्रति घन मीटर (6) पत्थर (कट स्टोन)-प्रति पत्थर (7) पकी इंटे (मिटटी के भटे की)-प्रति ईट (8) मशीन द्वारा कटान (cutting through L&T)- प्रति घंटा (9) मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine)- प्रति घंटा (10) सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (प्रति कि0 मी0)- प्रति घन मीटर एंड प्रति क्विंटल (11) सामग्री ढुलान घोड़े द्वारा 1 कि0 मी0 का - प्रति क्विंटल (12) शटरिंग टाइप 1 (Slab/roof)-प्रति square foot (13) शटरिंग टाइप 2 (Road/path)-प्रति रनिंग मीटर (14) सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर /कार्यस्थल तक (with लोडिंग एंड अनलोडिंग)-प्रति बैग (15) RCC PIPE DIFFERENT DAYA-प्रति मीटर / PER PYPE (16) Wall tyle और फ्लोर tyle-प्रति बॉक्स (17) पेंट सामग्री (सभी प्रकार की)- प्रति लीटर (18) साईन बोर्ड (2 × 2) With all Material-प्रति साईन बोर्ड (19) साईन बोर्ड (3 × 3) With all Material- प्रति साईन बोर्ड (20) PVC PIPE DIFFERENT DIYA-प्रति मीटर / PER PYPE (21) Wall writing/Painting- प्रति वर्ग फुट (22) फर्नीचर (टेबल, कुर्सी) डिफरेंट साइज़- प्रति आइटम (23) टोर सरिया ISI मार्क-प्रति क्विंटल **नियम व शर्ते-** (1) निविदाकर्ता प्लेन पेपर (A4 size) में ही अपना आवेदन यथावत उपरलिखित सामग्री विवरण अनुसार ही भरकर दें। निविदादाता को अपने आवेदन के साथ vehicle RC.No,GST/CST.No(active), PAN Card, aadhar card की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है। (2) ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित रूस्न्नशह्द्ध जमा करवाने होंगे, M-Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी अदाएगी नही की जाएगी। सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी यदि अधूरी व खुली निविदाएं प्राप्त होती है तो उसे रद्द समझा जाएगा। (3) GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी । (4) पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी। (5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। (6) निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । (7) पारित निविदादाता को मु0 25000/-रूपये धरोहर /सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होंगी । (8) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। (9) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी । (10) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । (11) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा । (12) जिस भी निविदाकर्ता की निविदा पास होगी उसे पंचायत द्वारा दिया गया घोषणा पत्र भरकर जमा करवाना होगा । नोटः-उपरोक्त निविदाए पंचायत कार्यालय में दिनांक 11/08/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत सिध्याणी में दोपहर 12:00 बजे से पहले पहुंच जानी चाहिए इसी दिन निविदाएं खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत सिध्याणी, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)**

शिक्षित और अशिक्षित में उतना ही अंतर होता है जितना कि जीवित और मृत में होता है। –अरस्तु

## संपादकीय

## हिमाचल में बढ़ती नशाखोरी

हिमाचल प्रदेश में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी चिंताजनक है। पहले शराब, चिट्टा (हेरोइन), गांजा और स्मैक जैसी पारंपरिक नशे की लत ही समाज के लिए चुनौती थी, लेकिन अब तकनीक का सहारा लेकर युवा ऑनलाइन प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। चंबा जिले से सामने आई ताजा घटनाएं राज्य में इस खतरनाक ट्रेंड का जीता–जागता उदाहरण हैं। चंबा के सरोल अस्पताल के नाम से फर्जी पर्चियां बनाकर युवाओं ने प्रतिबंधित दवाइयां मंगवाईं। ये दवाइयां स्थानीय नहीं, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए बाहर से मंगवाई जा रही थीं। इनमें प्रेगाबालिन, टैम्पेंटाडोल, ट्रामाडोल और प्रायोजाम जैसी मादक दवाइयां शामिल थीं, जिन्हें आमतौर पर न्यूरोलॉजिकल और मानसिक रोगों के इलाज में सीमित मात्रा में प्रयोग किया जाता है।

हाल ही में कोठी क्षेत्र से 4000 प्रेगाबालिन कैप्सूल और 490 पेरासिटामोल टैबलेट जब्त की गईं, जिनकी कीमत करीब 46,000 रुपए आंकी गई। साथ ही, छह फर्जी प्रिस्क्रिप्शन पर्चियां पकड़ी गईं, जिन पर न तो असली डॉक्टर का हस्ताक्षर था और न ही कोई वैध रजिस्ट्रेशन नंबर। इस प्रकरण के बाद स्वास्थ्य विभाग ने चंबा की आठ प्रमुख कुरियर कंपनियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अब से कोई भी प्रतिबंधित दवा बिना आधार कार्ड और वैध पहचान पत्र के पार्सल के रूप में स्वीकार या डिलीवर नहीं की जाएगी। निश्चत रूप से यह एक सराहनीय कदम है, लेकिन इसे पूरे हिमाचल और देशभर में लागू करने की आवश्यकता है।

युवाओं में बढ़ती मादक दवाइयों की लत के पीछे कई कारण होते हैं। हिमाचल के छोटे जिलों और कस्बों में रोजगार के अवसर सीमित हैं। नौकरी की तलाश में असफल युवा धीरे–धीरे अवसाद में चले जाते हैं और फिर नशे की ओर अग्रसर हो जाते हैं। बाजार में चिट्टा जैसे नशे की कीमत बहुत ज्यादा है, जिसके कारण कई युवा अब अपेक्षाकृत 'सस्ती' लगने वाली मादक दवाओं की ओर मुड़ रहे हैं। आज इंटरनेट के माध्यम से कोई भी चीज हासिल करना आसान हो गया है। नशे की दवाएं भी अब क्लिक भर की दूरी पर हैं और उनकी ट्रैकिंग में प्रशासन असहाय नजर आता है। प्रशासन की अब तक की उदासीनता गंभीर सवाल उठाती है कि यह रैकेट आखिर कब से सक्रिय था और अब तक प्रशासन सो क्यों रहा था? यदि ड्रग इंस्पेक्टर सक्रियता न दिखाते, तो शायद यह मामला लंबे समय तक दबा रहता। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी तंत्र और इंटेलिजेंस नेटवर्क बेहद कमजोर हैं।

एनडीपीएस एक्ट (1985) के तहत नशीली दवाओं की खरीद–फरोख्त, भंडारण और वितरण एक संज्ञेय अपराध है। फिर भी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर यह धंधा खुलेआम चल रहा है। जरूरत है कि ई–फार्मा कंपनियों और ऑनलाइन मेडिकल पोर्टल्स पर निगरानी बढ़ाई जाए। ड्रग कंट्रोलर को तत्काल ऐसे सभी पोर्टलों को रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी नियमों के सख्त प्रावधानों से बांधना चाहिए। नशाखोरी पर लगाम के लिए समाज और सरकार को संयुक्त जिम्मेदारी लेनी होगी। नशे के दुष्परिणामों को लेकर स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर विज्ञापन, वर्कशॉप और ड्रामा के जरिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाना होगा। परिवार को अपने बच्चों की गतिविधियों और व्यवहार में आ रहे परिवर्तनों को समय रहते समझना होगा।

खुला संवाद और भावनात्मक जुड़ाव नशे की रोकथाम में एक मजबूत हथियार हो सकता है। राज्य के नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या कम है और जो हैं, उनकी स्थिति खराब है। इन केंद्रों में मनोचिकित्सकों, काउंसलर और पुनर्वास सुविधाओं का विस्तार करना अनिवार्य है। शिक्षा नीति में लाइफ स्किल्स एजुकेशन को मजबूत करना जरूरी है। बच्चों को मानसिक मजबूती, तनाव प्रबंधन और आत्म–संयम सिखाया जाना चाहिए। हिमाचल के युवाओं की नशे की गिरफ्त में फंसने की घटनाएं सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि एक पूरे समाज की असफलता की तस्वीर हैं।

तकनीक के जरिए फैलते नशे के इस नए जाल को रोकना अब प्रशासन, सरकार, समाज और परिवार सभी की साझा जिम्मेदारी है। सिर्फ ड्रग इंस्पेक्टरों की सजगता या एक–दो छापेमारी से यह समस्या हल नहीं होगी, बल्कि हमें एक ठोस, सतत और समग्र रणनीति बनानी होगी—जिसमें कानूनी सख्ती, जनभागीदारी और भावनात्मक सहारा शामिल हो। अगर अभी भी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं जब देवभूमि हिमाचल को 'ड्रग भूमि' के रूप में याद किया जाएगा। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## मशहूर अभिनेता, गायक और गीतकार

**किशोर** कुमार भारतीय संगीत के इतिहास में अमर गायक, अभिनेता, निर्देशक, निर्माता और गीतकार थे। किशोर कुमार का असली नाम 'आभास कुमार गांगुली' था। किशोर का जन्म खंडवा, मध्य प्रदेश में एक बंगाली परिवार में हुआ था। हिंदी सिनेमा की ओर उनका बहुत बड़ा योगदान है। किशोर चार भाई बहनों में सबसे छोटे थे। सबसे छोटा होने के नाते किशोर को सबका प्यार मिला। इसी चाहत ने किशोर को इतना हंसमुख बना दिया था कि हर हाल में मुस्कुराना उनके जीवन का अंदाजबन गया। उनके सबसे बड़े भाई अशोक कुमार मुंबई में एक अभिनेता के रूप में स्थापित हो चुके थे और उनके एक और भाई अनूप कुमार भी फिल्मों में काम कर रहे थे। किशोर बचपन से ही एक संगीतकार बनना चाहते थे। किशोर कुमार ने 81 फिल्मों में अभिनय किया और 18 फिल्मों का निर्देशन भी किया। किशोर कुमार की पहली शादी रुमा देवी से हुई थी, लेकिन जल्दी ही शादी टूट गई और इसके बाद उन्होंने मधुबाला के साथ विवाह किया। उस दौर में दिलीप कुमार जैसे सफल और शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे अभिनेता जहां मधुबाला जैसी रूप सुंदरी का दिल नहीं जीत पाए, वहीं मधुबाला किशोर की दूसरी पत्नी बनी। 1976 में उन्होंने योगिता बाली से शादी की, मगर इन दोनों का यह साथ मात्र कुछ महीनों का ही रहा। इसके बाद योगिता बाली ने मिथुन चक्रवर्ती से शादी कर ली। 1980 में किशोर कुमार ने चौथी शादी लीना चंद्रावरकर से की जो उम्र में उनके बेटे अमित से दो साल बड़ी थीं। ■



**किशोर कुमार**
**जन्म :** 4 अगस्त, 1929
**मृत्यु :** 13 अक्तूबर, 1987



कविता

## बहार आने तक

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन ऊना, (हिमाचल प्रदेश)

*मौसम बदले, इंसानियत बदली, धरा डोली।*
*प्रकृति अंगड़ाई, सदियों से खड़े पेड़, क्या बदले?*
*बदल रहा पल–पल मौसम, बदल रहा प्रतिक्षण इंसान।*
*अपनों से दूर प्रेम को भूल, मोह माया के भ्रमवश।*
*भ्रमित हो अपना रहा, कुत्सित का मार्ग।*
*भूल रहा है वह, पत्तों का गिरना,*
*शाखाओं का टूटना, होती है यह प्राकृतिक प्रक्रिया।*
*गर रही जड़ मजबूत, चाहे मौसम बदले या बदले इंसान।*
*यही पेड़ लाते, पतझड़ के बाद खुशियों की बहार।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लॉटरी की वापसी फायदेमंद या सामाजिक जुआ?



यथार्थ



समरजीत

हिमाचल सरकार ने राज्य में जबसे दोबारा लॉटरी सिस्टम शुरू करने का फैसला लिया है तबसे प्रदेश का सियासी पारा खूब चढ़ा हुआ है। भाजपा सुक्खू सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए इसे जनता के साथ धोखा बता रही है और युवाओं को गुमराह करने और प्रदेश को पीछे ले जाने का आरोप जड़ रही है। यह भी याद दिलाया जा रहा कि भाजपा और कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल और वीरभद्र सिंह ने लॉटरी को इसलिए बंद किया था, क्योंकि इसकी वजह से कई परिवार बर्बाद हो गए थे। दूसरी ओर सरकार तर्क दे रही है कि यह निर्णय राज्य की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और संसाधनों की तलाश की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। करीब 26 साल पहले, जब धूमल सरकार ने लॉटरी की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था, तो उसके पीछे गंभीर सामाजिक और आर्थिक कारण थे। अब जब वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार इसे फिर से शुरू करने जा रही है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या अब वे सभी खामियां दूर की जा चुकी हैं? क्या यह निर्णय वाकई हिमाचल की आर्थिक स्थिति को संबल देगा या समाज में जुए की एक नई विकृति को जन्म देगा?

**इसलिए बंद हुई थी लॉटरी :** 1998 में पारित हिमाचल प्रदेश लॉटरी (विनियमन) अधिनियम की धारा 7, 8 और 9 के तहत 1999 में राज्य सरकार ने सभी प्रकार की लॉटरी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह निर्णय कई शिकायतों के बाद लिया गया था। दरअसल, तब आम लोग लगातार लॉटरी खरीदकर अपने आपको आर्थिक रूप से तबाह कर रहे थे।

बहुत बार विजेता को पुरस्कार राशि मिलने में देरी होती थी या पैसा ही नहीं मिलता था। ड्रॉ की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी थी। राज्य के भीतर घोटाले जैसी आशंकाएं उठ रही थीं। धूमल सरकार ने इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया था। इसके बाद राज्य में ऑफलाइन लॉटरी बंद हो गई, जबकि ऑनलाइन लॉटरी पर स्पष्ट रूप से रोक नहीं लगी थी, क्योंकि अधिनियम में इसका जिक्र नहीं था।

**वर्तमान सरकार की सोच :** राज्य की आर्थिक स्थिति आज जिस कगार पर है, उसमें नए संसाधनों की तलाश जरूरी हो गई है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित सरकार की रिसोर्स मोबिलाइजेशन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार–केरल सरकार ने वर्ष 2023–24 में लॉटरी से 13,582 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। पंजाब ने 235 करोड़ और सिक्किम जैसे छोटे राज्य ने 30 करोड़ तक कमाए। वर्तमान में देश के 13 से अधिक राज्य लॉटरी का संचालन कर रहे हैं और सरकारों को इससे 50 करोड़ से 100 करोड़ तक की सालाना आय होती है। केरल के लॉटरी मॉडल को सबसे पारदर्शी और सामाजिक दृष्टि से उत्तरदायी माना जाता है। वहां लॉटरी के लाभ से स्वास्थ्य बीमा योजना 'करुणा' चलाई जाती है। हिमाचल सरकार को उम्मीद है कि यदि पारदर्शी और डिजिटल प्रणाली अपनाई जाए तो यह राज्य के लिए एक मजबूत राजस्व स्रोत बन सकता है।

**हिमाचल की आर्थिक स्थिति :** वर्तमान में हिमाचल पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का भारी भरकम कर्ज है। वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता ही जा रहा है और केंद्र से मिलने वाली सहायता सीमित होती जा रही है। पर्यटन, हाइड्रोपावर और टैक्सेशन के अलावा राज्य के पास सीमित संसाधन हैं। ऐसे में सरकार को लॉटरी जैसे वैकल्पिक स्रोत की ओर देखना ही पड़ा। लॉटरी दोबारा शुरू करने के पीछे प्रदेश सरकार मुख्य तर्क यह दे रही है कि यह राजस्व का वैकल्पिक और लगातार प्राप्त होने वाला स्रोत हो सकता है। साथ ही यदि इसे केरल की तरह सोशल वेलफेयर योजनाओं से जोड़ा जाए तो इसका सामाजिक प्रभाव भी सकारात्मक हो सकता है।

**संभावित फायदे :** राजस्व में वृद्धि होगी, जिसका सीधा फायदा सरकार के खजाने को होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रिंटिंग, वितरण, प्रचार, आईटी सपोर्ट, ग्राहक सेवा इत्यादि में रोजगार की संभावनाएं ज्यादा हो जाएंगी। वेलफेयर योजनाओं में निवेश होगा, जिससे राजस्व का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत में किया जा सकता है। इसके अलावा, डिजिटलीकरण को बढ़ावा मिलेगा और ऑनलाइन सिस्टम से पारदर्शिता एवं निगरानी आसान होगी।

**संभावित नुकसान :** आर्थिक शोषण की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। कमजोर वर्ग के लोग अपनी बचत लॉटरी में गंवा सकते हैं। इसके साथ ही लत का खतरा भी बढ़ेगा, क्योंकि लॉटरी की लत सामाजिक और मानसिक तनाव को जन्म देती है। यही नहीं, धोखाधड़ी और घोटालों की आशंका भी बराबर बनी रह सकती है। यदि सिस्टम पारदर्शी न हो तो पुराने घोटाले दोहराए जा सकते हैं। इसके अलावा, अपराधों में वृद्धि की संभावना बराबर बनी रहेगी। कुछ केसों में यह देखा गया है कि लॉटरी के कारण चोरी, घरेलू कलह, या कर्ज बढ़ने की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

**क्या सरकार ने सबक लिया?:** सरकार के अनुसार, यह लॉटरी सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन, डिजिटल और रीयल टाइम ट्रैकिंग पर आधारित होगा। ड्रॉ की प्रक्रिया लाइव स्ट्रीम की जा सकती है। केंद्र सरकार और अदालतों की ओर से निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन किया जाएगा। एक स्वतंत्र निगरानी तंत्र और शिकायत निवारण प्रणाली भी बनेगी। इन उपायों के बावजूद यह बेहद जरूरी है कि आम जनता में साक्षरता और जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि वे समझ सकें कि लॉटरी एक खेल है, निवेश नहीं।

**ब्रिटेन का लॉटरी सिस्टम सर्वश्रेष्ठ :** विदेश में भी लॉटरी का प्रचलन अच्छा खासा है। अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के हिसाब से अमेरिका में लॉटरी का संचालन राज्य सरकारें करती हैं। लॉटरी से एकत्र पैसा ऊंची शिक्षा और पेंशन पर खर्च किया जाता है। जापान में म्युनिसिपल लॉटरी का संचालन करती है और उससे जमा पैसा राष्ट्र के विकास, खासकर डिजास्टर मैनेजमेंट पर खर्च होता है। वहीं, ब्रिटेन में लॉटरी का संचालन नेशनल लॉटरी बोर्ड करता है, जिससे एकत्र हुआ पैसा कला, खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च होता है। दुनियाभर में ब्रिटेन की नेशनल लॉटरी को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है, जहां हर ड्रॉ की जानकारी सार्वजनिक होती है और प्राप्त राजस्व का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक सेवाओं में जाता है।

**शौकीन बरतें सावधानियां :** लॉटरी खेलने के शौकीन लोगों के लिए यह जरूरी है कि वे हमेशा सतर्कता और समझदारी से काम लें। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि आप केवल सरकार से मान्यता प्राप्त, वैध और अधिकृत लॉटरी टिकट ही खरीद रहे हैं। अनधिकृत या निजी लॉटरी स्कीमों से दूरी बनाए रखें, क्योंकि इनमें फर्जीवाड़े की संभावना अधिक होती है और आपका पैसा डूब सकता है। लॉटरी को कभी भी निवेश या नियमित आय के विकल्प के रूप में न देखें। यह पूरी तरह से भाग्य पर आधारित है और इसमें जीत की संभावना बहुत कम होती है। अत: अपनी मासिक आय का एक सीमित और गैर–जरूरी हिस्सा ही इस पर खर्च करें, ताकि यदि नुकसान हो भी जाए तो आपके जीवन पर उसका कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। टिकट खरीदने के बाद उसकी रसीद और ड्रॉ की तारीख, समय व परिणामों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। यदि आप विजेता बनते हैं, तो उचित बैंकिंग प्रक्रिया अपनाएं और पहचान संबंधी दस्तावेज सही ढंग से प्रस्तुत करें। लॉटरी से जुड़ा कोई भी निर्णय भावनाओं के बजाय तर्क से लें। लालच में आकर बड़ा दांव लगाना आपकी आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। सूझ–बूझ से खेलें, सुरक्षित रहें।

**आगे की राह :** हिमाचल में भी केरल का लॉटरी मॉडल अपनाया जाए तो बेहतर रहेगा। इससे जहां पारदर्शिता आएगी तो वहीं, सामाजिक उपयोग और सशक्त प्रचार भी हो सकेगा। लॉटरी के सुचारु संचालन के लिए निगरानी बोर्ड बनाया जाए, जिसमें नागरिक प्रतिनिधि, एनजीओ और तकनीकी विशेषज्ञ हों। लॉटरी साक्षरता अभियान चलाया जाए जिससे लोग इसके जोखिम समझ सकें। सख्त कानून बनाए जाएं जो ठगी या फर्जी लॉटरी को रोक सकें। राजस्व का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन या युवा कल्याण योजनाओं में किया जाए।

**सामाजिक संतुलन और जवाबदेही लाजिमी :** हिमाचल प्रदेश में लॉटरी की वापसी सरकार का एक साहसी और रणनीतिक कदम है, जो मौजूदा आर्थिक संकट के बीच राजस्व के वैकल्पिक स्रोत की तलाश को दर्शाता है। जब राज्य की आमदनी सीमित हो और खर्चे बढ़ते जा रहे हों, तब इस तरह की पहल एक व्यावहारिक समाधान बन सकती है। हालांकि, इस फैसले की सफलता केवल राजस्व बढ़ाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक संतुलन और जवाबदेही के साथ जोड़ा जाना चाहिए। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि लॉटरी प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और नियामकीय ढांचे के तहत संचालित हो। इससे न केवल जनता का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि धोखाधड़ी की संभावनाओं पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही, लॉटरी से प्राप्त आय का एक निश्चित हिस्सा जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और नशा मुक्ति अभियानों में लगाया जाए तो इसका सामाजिक प्रभाव भी सकारात्मक हो सकता है। वहीं, आम जनता को भी यह समझना होगा कि लॉटरी कोई सुनिश्चित आय या भविष्य संवारने का साधन नहीं है, बल्कि यह एक मनोरंजन और भाग्य पर आधारित खेल है। संतुलित सोच और सीमित निवेश के साथ ही यह व्यवस्था समाज के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# यशवंत सिंह परमार एक युग पुरुष ही नहीं, एक दार्शनिक एवं दूरदृष्टा भी थे



**ऋषि कुमार भारद्वाज**
प्रवक्ता, राजनीति विज्ञान



डॉ. वाईएस परमार की जयंती पर विशेष

हिमाचल प्रदेश के निर्माण में डॉ. यशवंत सिंह परमार का अतुलनीय योगदान रहा है। उनके योगदान के कारण ही उन्हें 'हिमाचल निर्माता' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को अस्तित्व में लाने तथा विकास की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लगभग तीन दशकों तक कुशल प्रशासक के रूप में जन–जन की भावनाओं और संवेदनाओं को समझते हुए उन्होंने प्रगति के पथ पर चलते हुए हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए नई दिशाएं पेश की। उन्होंने अपना सारा जीवन प्रदेश की जनता के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. यशवंत सिंह परमार एक युग पुरुष ही नहीं बल्कि एक दार्शनिक एवं दूरदृष्टा भी थे जिसने पहाड़ की भोली–भाली, कम साक्षर व भौगोलिक परिस्थितियों से जूझती जनता को न केवल विकास के सपने दिखाए, बल्कि उनका पूरा ताना–बाना बुनकर उन्हें भविष्य की राह पर चलना भी सिखाया।

उच्च शिक्षित होने के बावजूद उन्होंने धन दौलत व उच्च पद का लोभ त्यागकर पहाड़ी प्रदेश को नई पहचान दिलाने के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया। डॉ. परमार न केवल राजनयिक थे बल्कि एक जननायक भी थे। यह उनकी दूरदर्शिता और बुद्धिमता थी जिसके बलबूते उन्होंने संवैधानिक तरीके से प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने में सफलता प्राप्त की। अनेक बाधाओं के बावजूद डॉ. परमार ने एक आधुनिक व खुशहाल राज्य बनाने की नींव रखी। उन्होंने निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। प्रदेश का समग्र विकास, गरीब, किसान, बागवान का उत्थान हमेशा उनकी प्राथमिकता रहा। डॉ. परमार ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने खुद को पहाड़ी कहने पर गर्व महसूस किया और हिमाचलियों को मिटटी से जुड़े रहने का एहसास करवाया। सन 4 अगस्त 1906 को सिरमौर जिले के चंहालग में जन्मे डॉ. परमार की आरंभिक शिक्षा सिरमौर में ही हुई तथा 1922 में मेट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके उपरांत फोरमैन क्रिश्चिन कॉलेज लाहौर से सन 1926 में बीए (ऑनर्स), सन 1928 में केनिंग कॉलेज लखनऊ से एमए तथा एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। वह सिरमौर रियासत में सेशन जज की नौकरी छोड़ कर लाहौर में निर्वासित रह रहे थे। उन्हें लाहौर से शिमला लाने में लीलादास वर्मा और कांशी राम उपाध्याय की प्रेरणा रही।

शिमला आकर डॉ. परमार वकालत करने के साथ–साथ स्वाधीनता संग्राम में भी सक्रिय हो गए। 1947 में उन्हें हिमालयन हिल स्टेट्स रीजनल कौंसिल का अध्यक्ष भी चुना गया। 1948 में परमार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया और बाद में नवगठित हिमाचल प्रदेश प्रांत के मुख्य आयुक्त का सलाहकार नियुक्त किया गया। उन्होंने 1948–50 तक हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। डॉ.परमार के कुशल नेतृत्व के कारण ही 15 अप्रैल 1948 को 30 छोटी–छोटी पहाड़ी रियासतों को मिलाकर हिमाचल प्रदेश अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश के गठन से लेकर पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने में यशवंत सिंह परमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पहाड़ के लोगों के दर्द की समझ रखने वाले डॉ. परमार ने न केवल हिमाचल का इतिहास बदला, बल्कि भूगोल को भी बदलने का काम किया। 1952 के विधानसभा चुनावों में जीतने के पश्चात 8 मार्च 1952 को डॉ. यशवंत सिंह परमार ने हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। परमार के प्रयासों से ही 1954 में बिलासपुर रियासत का भी हिमाचल में विलय हो गया।

अनंत ज्ञान

वर्ष 1956 में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने हिमाचल को पंजाब के साथ मिलाने की संतुति की, लेकिन डॉ. परमार ने पहाड़ी भाषा एवं संस्कृति के आधार पर पहाड़ी प्रदेश का अलग अस्तित्व बनाए रखने की अपील की और दिल्ली में विभिन्न बड़े नेताओं से मुलाकात की। अपने प्रयासों से वह सफल रहे और हिमाचल का अलग अस्तित्व बना रहा। 1 नवंबर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के आधार पर पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों को हिमाचल में मिला दिया गया। इस प्रकार 1966 के पश्चात विशाल हिमाचल अस्तित्व में आया और इसका क्षेत्रफल बढ़कर 55673 वर्ग किलोमीटर हो गया। अंतत: 25 जनवरी 1971 को देश के 18वें राज्य के रूप में हिमाचल अस्तित्व में आया और पुन: तीसरी बार डॉ परमार ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

प्रदेश को साधन संपन्न बनाने के लिए ही डॉ. परमार ने पांच बातों पर हमेशा जोर दिया– जलविद्युत परियोजना, बागवानी, त्रिमुखी वन खेती, सड़क विस्तार और पर्यटन एवं औद्योगिक विकास। अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप ही उन्होंने प्रदेश में सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। डॉ. परमार कहा करते थे कि सड़कें पहाड़ की भाग्य रेखाएं हैं......जो आज प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ साबित हुई हैं। जिस ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ डॉ. परमार ने मुख्यमंत्री जैसे प्रतिष्ठित पद की गरिमा को बनाए रखा वह बेमिसाल है। उन्होंने राजनीति की उच्च परंपरा को विकसित किया, जो आज के दौर में धूमिल हो चुकी है। हालांकि परमार का जन्म एक समृद्ध और शिक्षित परिवार में हुआ था, लेकिन 18 वर्ष तक हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के बाद भी उन्होंने हमेशा सादा जीवन जिया। उनकी सादगी का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद वे किसी वीआईपी प्रोटोकॉल में नहीं, बल्कि शिमला बस स्टैंड से एचआरटीसी बस में बैठकर सिरमौर वापस गए थे। जब 2 मई 1981 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा उस समय उनके बैंक खाते में मात्र 563 रुपए 30 पैसे थे। निसंदेह सादा जीवन और उच्च विचार वाले डॉ. परमार वास्तव में हिमाचली जहाज को मझधार से निकालकर किनारे तक सुरक्षित लाने वाले महार थे। डॉ. परमार पहाड़ी संस्कृति के परिचायक थे। उन्होंने पहाड़ी संस्कृति को खूब प्रोत्साहित किया। यह डॉ. परमार की दूरदर्शिता और सक्षम नेतृत्व ही था, जिसके कारण प्रदेश के अस्तित्व में आने के कुछ वर्षों बाद ही हिमाचल प्रदेश पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए एक आदर्श बन गया है। प्रदेश के निर्माण, प्रगति और संवैधानिक विकास के लिए डॉ. परमार को हमेशा हिमाचल निर्माता के रूप में याद किया जाएगा। डॉ. परमार की 119वीं जयंती पर प्रत्येक प्रदेशवासी की तरफ से उन्हें कोटि–कोटि नमन।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जंगलों और पहाड़ों पर जड़ी-बूटियों का संरक्षण जरूरी



**तुलसी राम डोगरा**
पालमपुर (हि.प्र.)



हिमाचल प्रदेश कुदरत ने जंगल, पहाड़, कलकल करते झील–झरने, नदी–नालों से भरपूर नवाज कर इस ईश्वर रूपी राज्य को दैवीय शक्ति प्रदान की हुई है। बहती नदियों के पानी से ऊर्जा, पहाड़ों के पत्थरों से सीमेंट, जंगलों में उगने वालीं प्राकृतिक जड़ी–बूटियों द्वारा निर्मित रोगों को दूर करने वालीं चमत्कारिक स्वास्थ्य–शक्तिवर्धक निर्मित दवाएं, हरे–भरे घने जंगलों से पर्यावरण को शुद्ध कर देने वालीं ताजा समीर, वन्य प्राणी और देवदार–चीड़, कैल– सांगवान पडतल, बांस व अन्य तरह की लकड़ी जिससे इमारती तथा आधुनिक फर्निचर की शान वाले वृक्ष इत्यादि–इत्यादि संपदा इस राज्य को गर्वित प्रदान करने का एहसास दिलाती है, लेकिन इनका दोहन अभी तक भरपूर नहीं हो रहा है। दूसरी ओर कुछ लोग अपनी इच्छापूर्ति के लिए जहां कीमती वृक्षों और जड़ी–बूटियों का आए दिन चोरी–छुपे व अवैध रूप से कटान कर रहे हैं, वहीं पर चीड़ के वृक्षों को रात के अंधेरे में छलनी कर उनसे बिरोजा निकालते हैं। वनों में पैदा होने वाली बेशुमार कीमती जड़ी–बूटियों को उखाड़कर कुछ तत्व चंद सिक्कों की खातिर चोरी छिपे से उनकी तस्करी करते हैं। कुछ समय पूर्व पर्यटन नगरी नारकंडा के निकट कैंची मोड़ के पास पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक ट्रक में अवैध रूप से ले जा रही जड़ी–बूटियों की 76 बोरियां पकड़ी थी। ट्रक में राखड नामक दुर्लभ प्रजाति की यह जड़ी बूटी कैंसर रोग के दवा बनाने के काम आती है, जिसकी कीमत लाखों रुपए की आंकी जा सकती है। हिमाचल प्रदेश पुलिस और वन विभाग की टीम द्वारा संयुक्त अभियान के तहत जड़ी–बूटी का पकड़े जाना सराहनीय ही नहीं, बल्कि प्रशंसनीय कार्य था।

प्रकृति मनुष्य की सहचरी है, इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। वनों में उगने वालीं नाना प्रकार की जड़ी– बूटियां भयानक से भयानक बीमारी व अन्य प्रकार के रोगों के इलाज के लिए रोजमर्रा इस्तेमाल की जाती हैं, वहीं इसका दोहन कुछ तत्व अपनी जेबें भरने के लिए इसकी चोरी–छुपे तस्करी करते हैं और औने–पौने दामों में बेच देते हैं। एक आकलन के अनुसार प्रचुर मात्रा में स्व: उत्पन्न होने वाली औषधि जड़ी–बूटियों जिनकी 1600 से भी अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जो कि प्रतिवर्ष करोड़ों से भी अधिक हैं, अगर इनका दोहन का एक व्यापारिक दोहन सही रूप में किया जाए तथा इनका संरक्षण और संवर्धन के लिए वन विभाग में आयुर्वेद चिकित्सकों को रखा जाए, तो राज्य के राजस्व में भी इजाफा हो सकता है, ऐसा मानना है इन पंक्तियों के लेखक का। पौधे प्रकाश संश्लेषण आज के युग में प्रदूषण नियंत्रित करने हेतु पेड़ लगाने के लिए भगीरथ प्रयास किए जा रहे हैं।

अनंत ज्ञान

वनों को काटने से बचाने के लिए पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा ने जो 'चिपको आंदोलन' चलाया था, इससे समस्त देश–विदेश में उनके इस आंदोलन की सर्वत्र प्रसिद्धी मिली अपितु प्रशंसा भी की गई। इसके लिए उन्हें 'जमुनालाल बजाज' से लेकर 'राइट लीवलीहूड' पुरस्कार से भी अलंकृत किया गया था। उनके इस अभियान से पेड़ों की अंधाधुंध कटान पर अंकुश ही नहीं लगा, बल्कि वन में उगने वाली जड़ी–बूटियां भी सुरक्षित हुई। हिमाचल प्रदेश में वन संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसका आकलन लगाया जाए, तो दस अरब रुपए से भी अधिक है। प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार ने देवदार, चीड़, कैल, शीशम व अन्य कीमती पेड़ों को आरक्षित किया हुआ है।

अवैध कटान पर भारत सरकार ने भी वैसे भी पेड़ काटना कानूनी अपराध लागू कर रखा है, लेकिन, वहीं इसके बावजूद कुछ शरारती किस्म के लोग येनकेन प्रकरण अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और अवैध कटान और आग की भेंट कर बेशकीमती संपदा को नष्ट कर देते हैं। आग की भेंट चढ़ने से जहां वन संपदा को तो नुकसान होता ही है। दूसरी ओर, जीव प्राणी, जीवन–जंतु भी अपना आशियाना खो देते हैं और अनेक इस भयंकर आग की भेंट चढ़ जाते हैं। राज्य सरकार इस तरह के प्रकरणों से निपटने के लिए एक वनों से सटे गांव के स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करे और उन्हें प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह मेहनताना दे, जिसके माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं वनों का समुचित संरक्षण भी होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा पीड़ित 4 परिवारों को गोद लेंगे डॉ. एसएस गुलेरिया

## अनंत ज्ञान में खबर छपने के बाद न्यूयॉर्क से पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ आईएएस ने लिया फैसला

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



डॉ. एसएस गुलेरिया

**सरकाघाट।** ठीक एक माह पहले भीषण आपदा के दौरान अपना सब कुछ लुटा चुके धर्मपुर क्षेत्र की सकलाना पंचायत के भद्राना गांव के 4 परिवारों को पूर्व राज्य सूचना आयुक्त और वरिष्ठ आईएएस से गुलेरिया गोद लेंगे।

अनंत ज्ञान में खबर छपने के बाद न्यूयॉर्क से पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ आईएएस डॉ एसएस गुलेरिया ने कहा कि वह वापस लौटते ही इस गांव के चारों परिवारों को गोद लेंगे। उन्होंने भद्राना पीड़ित परिवारों के घर बनाने के लिए दिल खोलकर दान देने की भी घोषणा की है। यही नहीं उन्होंने इससे पहले स्याठी गांव पहुंच कर निजी तौर पर एक लाख रुपए देने के अलावा राशन और एक जीप पीने के पानी की बोतलों की दी थी। अब जब सराज व मंडी में प्राकृतिक आपदा आई तो फिर उन्होंने 3 पिकअप जीप दो मंडी विपाशा सदन और एक पंडोह करीब एक हजार बॉटल ग्लोइंग स्प्रिंग वेल्स कंपनी की प्रदान की। मूल रूप से धर्मपुर के पैतृक निवासी डॉ. एसएस गुलेरिया ने कहा कि वह जल्द ही अमेरिका से वापस आने बाद भद्राना गांव का पुनर्स्थापन करने के अलावा सराज घाटी में भी यथासंभव सहायता करेंगे।

गौरतलब है कि बीते 30 जून को धर्मपुर में आई भीषण आपदा के दौरान धर्मपुर क्षेत्र के स्याठी कपाही और भद्राणा में करीब 25 मकान पूर्णतया गिरकर नष्ट हो गए थे। इनमें से स्याठी और कपाही के 21 परिवारों जिन्होंने मंदिर में शरण ली है। इनके लिए सरकार और प्रशासन से लेकर प्रदेशभर की जनता ने दिल खोलकर मदद की है। इस सब के बावजूद भद्राणा के चार पीड़ित परिवारों जिनके घर गिर चुके हैं। परिवार दूसरे के घरों पर पनाह लेने को मजबूर हैं। सरकार और प्रशासन 10 हजार देने के अलावा अब तक कोई भी फूटी कौड़ी प्रदान नहीं कर सका है। इसी भेदभाव को लेकर अनंत ज्ञान द्वारा खबर छपने के बाद अब कई संस्थाएं इन पीड़ितों के मदद देने में आगे आई है।

### सेवा संकल्प समिति व सर्वोदय जन कल्याण संस्था आई आगे

**भद्राना** के आपदा प्रभावित परिवारों की मदद को लेकर सरकाघाट और चोल्थरा की प्रमुख सामाजिक संस्थाए सेवा संकल्प समिति और सर्वोदय जन कल्याण संस्थाएं आगे आई है। दोनों संस्थाओं ने पीड़ित गुलजारीलाल, प्रकाश चंद, पूनम कुमारी और सुनील कुमार को 11000 और 7500 प्रति व्यक्ति राहत राशि प्रदान की है, जबकि मंडी और हमीरपुर की कई संस्थाएं भी उनके लिए अब आगे आई हैं।

# मंडी जिले में आपदा प्रभावित 1085 मामलों में 4 करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत: उपायुक्त

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला मंडी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा व सड़क दुर्घटना के कारण प्रभावित लोगों को राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर अब तक 4.23 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि घरों, निजी संपत्ति व पशुधन को हुए नुकसान तथा जानी नुकसान के प्रति आपदा प्रभावित 1085 मामलों में स्वीकृत हुई है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा आपदा में प्रभावित परिवारों को अब तक लगभग 62 लाख रुपए की फौरी राहत राशि वितरित की गई थी। उन्होंने बताया कि उपमंडल थुनाग में सर्वाधिक क्षति हुई है जहां पर लगभग 46 लाख रुपए की फौरी राहत राशि वितरित की गई है जबकि जानी नुकसान, निजी संपत्ति व पशुधन को हुए नुकसान के लिए 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के मामलों को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन करते हुए प्रभावितों को शीघ्र सहायता पहुंचाने के लिए, राहत और पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, होमगार्ड, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भागीदारी से राहत एवं पुनर्वास कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि हर प्रभावित व्यक्ति को समय पर सहायता सुनिश्चित की जा रही है और कोई भी परिवार प्रशासन की मदद से वंचित नहीं रहेगा। आपदा की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन सभी प्रभावितों के साथ मज़बूती से खड़े हैं।

### किराये के मकानों के लिए 22 लाख रुपए जारी



**डीसी** ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावितों के लिए 18 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें 386 व्यक्तियों ने आश्रय लिया है। प्रदेश सरकार द्वारा आपदा में बेघर हुए लोगों को छह माह तक मकान किराए के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पांच हजार रुपए तथा शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपए प्रतिमाह की घोषणा की गई है। इसके तहत जिला में 22 लाख एसडीएम को जारी किए गए हैं और वे आवश्यकता अनुसार जरूरतमंदों को मकान किराया जारी करने का कार्य कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर पंडोह में लगाया खीर का भंडारा



**अनंत ज्ञान, पंडोह।** सावन मास के पावन अवसर पर तीन पीपल शिव मंदिर पंडोह में रविवार को पारंपरिक खीर भंडारा आयोजित किया गया। यह आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हुआ। मंदिर कमेटी के मुख्य सलाहकार नरेंद्र वेद्य ने बताया कि भंडारा सावन की धार्मिक भावना को समर्पित है और इसका उद्देश्य राहगीरों और श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित करना है। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में नेशनल हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों और स्थानीय लोगों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस पुण्य कार्य में पंडोह क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव से सहयोग किया। मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### माहूंनाग तरौर देवता को दिया मेले का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्राम पंचायत कसाण की प्रधान भिंतरा देवी व पंचायत सदस्यों ने माहूंनाग तरौर देवता के चैल चौक में आयोजित साईलू मेले के लिए रविवार को औपचारिक निमंत्रण दिया। देवता के पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देवता 19 तारीख को अपने भंडार गृह से मेले के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि कोटली क्षेत्र में देवता की गहरी आस्था है और लोग साल भर मन्नतें मानते हैं। मेले के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। समापन समारोह में देवता तुंगल क्षेत्र के लोगों की रक्षा की कार बांधते हैं और फिर अपने भंडार लौट जाते हैं। देवता के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्राम पंचायत कसाण की यह पहल सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रतीक मानी जा रही है। यह जानकारी पुजारी दीनानाथ शर्मा ने दी।

### मां जालपा मंदिर जंगल में लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के बनाई हार गांव में श्री अजियापाल युवक मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। मां जालपा मंदिर के जंगल में पौधारोपण किया गया, साथ ही वहां स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई भी युवाओं द्वारा की गई।इस अवसर पर बनाई हार गांव से लेकर प्राथमिक पाठशाला तक की नालियों में फैले प्लास्टिक कचरे को भी युवाओं ने श्रमदान कर साफ किया। युवक मंडल ने ग्रामीणों को साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में युवक मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल के प्रधान दीपन कुमार ने की, जबकि उपप्रधान सतीश कुमार, सचिव भारत भूषण, मीडिया प्रभारी साहिल ठाकुर, मुख्य सलाहकार यशपाल, सलाहकार रामकृष्ण, सदस्य रोहित ठाकुर समेत अन्य युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।प्रधान दीपन कुमार व समस्त कमेटी सदस्यों ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखें, वनों की सुरक्षा करें तथा अपने घर व आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से ही हम स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं और दूसरों को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

### महादेव में शिव महापुराण कथा आज से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव महादेव के पांडवकालीन प्राचीन शिव मंदिर में 4 अगस्त से 14 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में भाग लेंगे। 4 अगस्त को सवा 12 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। 4 से 13 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 10 बजे तक मूल पाठ होगा। कथा वाचन आचार्य संदीपन (सोलन) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। रात्रि 8 से 9:30 बजे तक भजन-कीर्तन होंगे। 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे प्रवचन एवं पूर्णाहुति तथा 11 बजे कथा का समापन होगा। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### सुंदरनगर में ड्राइविंग टेस्ट 6 व 23 को

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन ने अगस्त माह के लिए गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां घोषित कर दी हैं। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) अमर नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 और 22 अगस्त को गाड़ियों की पासिंग बीबीएमबी कालौनी करनोडी स्थित मॉडल स्कूल के पास मैदान में की जाएगी। वहीं, ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 6 और 23 अगस्त को इसी स्थान पर लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि लाइसेंस टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया जारी है, इच्छुक आवेदक समय रहते आवेदन करें।

### भद्रकाली मंदिर भराड़ी में श्रीमद्भागवत कथा 12 से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भागवत सेवा समिति भराड़ी द्वारा भद्रकाली माता मंदिर में 12 अगस्त से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा से होगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे से सायं 4:30 बजे तक कथा प्रवचन होंगे, तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक आरती व कीर्तन किया जाएगा। 13 से 17 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 6 से 9 बजे तक मूल पाठ, दोपहर 1 से 4:30 तक कथा प्रवचन और रात्रि 8 से 10 बजे तक आरती-कीर्तन होंगे। 18 अगस्त को पूजन, हवन व पूर्णाहुति के बाद कथा समापन पंडित तेजस्वी दत्त शर्मा द्वारा किया जाएगा।

# मलबा खाली कर रहा टिप्पर खाई में गिरा; चालक की मौत, एक घायल

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बालीचौकी।** रविवार को उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी से 6 किलोमीटर दूर परजोलीधार में लोक निर्माण विभाग का एक टिप्पर गहरी खाई में गिर गया, जिससे चालक हेम राज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना में घायल एक मल्टी टास्क वर्कर कश्मीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग का यह टिप्पर बालीचौकी-सुधराणी सड़क मार्ग पर धवेहड नामक स्थान के समीप सड़क पर गिरे मलबे को उठाने का कार्य कर रहा था। इस दौरान रेशम विभाग के कार्यालय के समीप परजोलीधार नामक स्थान पर जब यह मलबे से भरे टिप्पर को खाली कर रहा था तो अचानक टिप्पर सड़क से काफी दूर एक खाई में जा गिरा। इस दौरान चालक की मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल को घटना स्थल से निकाला और 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी बालीचौकी पंहुचाया। बालीचौकी में प्राथमिक उपचार के बाद शलाणू के केंची मोड़ निवासी कश्मीर मंडी रेफर किया गया। मृतक हेम राज का शव पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक मंडी शहर के समीप टांडू पंचायत के महेड़ गांव के निवासी थे व काफी लंबे समय से बालीचौकी लोक निर्माण विभाग में बतौर चालक कार्य कर रहे थे। मौत को लेकर स्थानीय निवासी भी शोक व्यक्त कर रहे हैं।

# पत्थर गिरने से एक घंटे बंद रहा एनएच

## चंडीगढ़-मनाली सड़क पर हणोगी के पास गिरा था मलबा, भूस्खलन का खतरा बना



**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली सड़क जोगणी मोड़ हणोगी के पास रविवार को प्रातः पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण एक घंटे तक बंद रहा। यह बंद प्रातः 9.45 से 10.45 तक बंद रहा। मलबा-पत्थर हटाने में लोक निर्माण विभाग की जेसीबी ने मात्र 40 मिनट लगाए। यहां पहाड़ी से पानी भी लगातार आ रहा है। ऐतिहातन पुलिस ने सड़क मार्ग को कुछ समय के लिए बंद रखा। सड़क मार्ग सुचारू तो कर दिया गया है मगर अभी यहां भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। चौकी प्रभारी पंडोह अनिल कटोच ने ख़बर की पुष्टि करते हुए लोगो को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### पंडोह-शिवा मार्ग को सुचारु करने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह-शिवा सड़क मार्ग 1 अगस्त को पंडोह डैम के भारी भूस्खलन के कारण बंद हो गया था। जिसके मलबा तो हटा दिया गया मगर बड़ी बड़ी चट्टानों को तोड़ना जेसीबी के वश में नहीं था। इसलिए यह सड़क मार्ग सुचारू नहीं हो सका। लोक निर्माण विभाग ने इन चट्टानों को हटाने के लिए एक निजी ठेकेदार को वर्क आर्डर दिया है। जिसने रविवार प्रातः 9 बजे से ही काम करना शुरू कर दिया है। इन चट्टानों को ब्लास्टिंग से ही तोड़ा जाना है। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से इस स्थान से ठीक निचे जहां दो दिन एन एच सड़क मार्ग बंद था, वहीं पर कुछ समय के लिए बंद करना पड़ेगा। ठेकेदार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। फिर भी इन चट्टानों को तोड़ने और फिर इनका मलबा हटाने में समय लग जाएगा। बता दें कि 18 किलोमीटर पडोह शिवा सड़क मार्ग के शिवा सनोर घाटी के हजारों लोग प्रभावित हो रहें हैं। इस संबंध में सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने बताया कि इसी सड़क मार्ग पर भारी भूस्खलन की चट्टानों को हटाया जा रहा है।



## भराडू पंचायत की ग्राम सभा में उठा पांच साल के विकास का सवाल

# सड़क व श्मशानघाट को लेकर ग्रामीणों में रोष

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**



**जोगिंद्रनगर।** भराडू पंचायत में रविवार को आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने बीते पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों का हिसाब मांगते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को कठघरे में खड़ा किया। सभा में गडूही-भोरा कस सड़क की जर्जर हालत, पेटू गांव के श्मशानघाट तक पक्के रास्ते की कमी, महिला भवन निर्माण में देरी और शहीद पार्क की बदहाली जैसे मुद्दों पर तीखी बहस हुई। ग्राम सभा में गडूही से भोरा कस तक की सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताई। वहीं गांव पेटू में मौजूद श्मशानघाट तक अभी तक पक्का रास्ता नहीं बन पाया है। महेश ठाकुर ने बताया कि यह घाट पांच से छह वार्डों के लोगों के लिए एकमात्र विकल्प है, लेकिन पंचायत ने इसे नजरअंदाज किया है। शव यात्रा के दौरान लोगों को कीचड़ और पथरीले रास्तों से गुजरना पड़ता है।

गांव की महिलाओं ने पंचायत द्वारा दिए गए सीमेंट बैग का हिसाब न मिलने और महिला मंडल भवन का कार्य शुरू न होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने एक सुर में पंचायत से विकास कार्यों की पारदर्शिता की मांग की और कहा कि सार्वजनिक धन का सही उपयोग होना चाहिए। पंचायत प्रधान सीमा देवी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेने और प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूरे करने का आश्वासन दिया। वहीं, जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने अपने फंड के उपयोग का ब्यौरा दिया और निष्पक्ष जांच की बात कही। ग्रामीणों ने साफ किया कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि परिणाम देखने का समय है।

# 9 से शुरू होगी श्री गुग्गा देव सनोरिया की वार्षिक परिक्रमा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के सकमान्द डा. द्राहल गांव से श्री गुग्गा देव सनोरिया की वार्षिक परिक्रमा 9 अगस्त (रक्षाबंधन) से आरंभ होकर 17 अगस्त तक संपन्न होगी। यात्रा संयोजक अमर सिंह राणा ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा हर वर्ष सावन माह में आयोजित की जाती है और क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चरणबद्ध ढंग से निकाली जाती है। यात्रा के दौरान भारी वर्षा होने पर किसी गांव की परिक्रमा स्थगित होने पर श्रद्धालुओं से सहयोग और क्षमा की अपील की गई है। साथ ही भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे पूजा में चूड़ियां, रिबन व सुहागी जैसे चढ़ावे न चढ़ाएं, क्योंकि यह परंपराओं के विपरीत है। परिक्रमा समखेतर, सुआं, पंजालतर से शुरू होकर कई गांवों से होती हुई बैला गांव में समाप्त होगी।

# माइंड ऑपरेशन अकादमी के आठ छात्रों ने पास की अग्निवीर परीक्षा

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** माइंड ऑपरेशन अकादमी पधर के आठ होनहार विद्यार्थियों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सफल अभ्यर्थियों में सक्षम, नीतीश, राहुल, अंकित, करण, राजीव, अभिषेक, मुकुल और अनिकेत शामिल हैं। अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और अकादमी के शिक्षकों द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि अकादमी में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों की मानसिक और भावनात्मक सुदृढ़ता के लिए नियमित रूप से मैडिटेशन और काउंसिलिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं।

निदेशक ठाकुर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों का ध्यान भटकाने वाला एक बड़ा कारण बन चुका है। ऐसे में मेडिटेशन बच्चों को आत्मचिंतन और आत्मअनुशासन के मार्ग पर लाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इससे न केवल विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्य को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं, बल्कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रह सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को मेडिटेशन की विधि अवश्य सीखनी चाहिए, क्योंकि यह उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच विकसित करने में भी मदद करता है।

# बालीचौकी में आर्ट ऑफ लिविंग शिविर में युवाओं को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

**आर्ट** ऑफ लिविंग सेंटर बालीचौकी में 26 जुलाई से 2 अगस्त तक एक 8 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में स्थानीय युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक राजकुमार मित्तल तथा मनीष ने शिविर में भाग ले रहे युवाओं को प्रशिक्षण दिया। शिविर में 2 दर्जन के आसपास प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग की बालीचौकी इकाई के अध्यक्ष जोगिंदर शर्मा ने बताया कि इस दौरान दीपा ठाकुर, मोनिका ठाकुर, शालिनी, रोहित ठाकुर, संजना और हिमानी ने शिविर को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका हीरा ठाकुर ने बताया कि 14 अगस्त से बालीचौकी में आरएएमपी का शिविर आयोजित किया जाएगा।

# डॉ. पीसी को मिला मुंशी प्रेमचंद अवार्ड और विश्व काव्य पदम कलाधर उपाधि

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल को उनकी साहित्यिक उत्कृष्टता के लिए दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सम्मानोपाधि संस्थान और अंतरराष्ट्रीय कला सम्मान परिषद द्वारा उन्हें 'कहानी सम्राट मुंशी प्रेमचंद अवार्ड' उनकी चर्चित कहानी 'फर्ज' के लिए तथा 'विश्व काव्य पदम कलाधर उपाधि' उनकी काव्य रचना 'कोई फर्क नहीं पड़ता' के लिए प्रदान की गई है। डॉ. कौंडल मंडी जिला की ग्राम पंचायत ढाबन के गांव डडोह निवासी हैं और 1990 से साहित्यिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका 'हिम खंड' के संपादक भी हैं। उन्हें अब तक 815 से अधिक साहित्यिक, सामाजिक व शैक्षणिक सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इस सम्मान के लिए उन्हें देशभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# जलाह गांव के टमाटर किसानों से 15 लाख की धोखाधड़ी, पुलिस में शिकायत की दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंदिर टांडा सलवाहण के जलाह गांव के टमाटर किसानों ने दिल्ली के एक व्यापारी बाप-बेटे पर करीब 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए धुनोटू थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

किसानों मनु, जितेंद्र, संजीव, राजकुमार, अभी, प्रभु, शिवराम और अनंत राम ने बताया कि व्यापारी ने अंतिम खेप के टमाटर यह कहकर ले लिए कि जल्द ही भुगतान कर देगा। चूंकि वह कई वर्षों से यहां के किसानों से टमाटर खरीदता रहा था, इसीलिए किसान भरोसे में आ गए।

दो हफ्ते बीतने के बाद जब किसानों ने संपर्क किया तो व्यापारी ने टालमटोल शुरू कर दी। परेशान होकर किसानों ने रविवार को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व नाचन कांग्रेस नेता ब्रह्मदास चौहान की अगुवाई में थाना धनोटू में शिकायत दर्ज करवाई।

ब्रह्मदास चौहान ने पुलिस से आग्रह किया कि वह तुरंत कार्रवाई कर किसानों को उनका भुगतान दिलवाए। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि व्यापारी को जल्द ही तलब किया जाएगा।

इस घटना से छोटे किसान बेहद चिंतित हैं, जिनकी फसल लागत तक नहीं निकाल पाई।


कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व नाचन कांग्रेस नेता ब्रह्मदास चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए किसान।

# हाईकोर्ट का फैसला, धर्मपुर व जोगिंद्रनगर मंडलों के 67 मजदूरों को मिलेगा नियमितीकरण का लाभ

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दो अलग-अलग फैसलों के माध्यम से प्रदेश लोक निर्माण विभाग के धर्मपुर व जोगिंद्रनगर मंडलों के 67 दिहाड़ी मजदूरों के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। इन फैसलों में कुल 48 याचिकाएं शामिल थीं। न्यायालय ने इन मजदूरों को उनके दिहाड़ी कार्यकाल के आठ वर्ष पूरे होने की तिथि से नियमित करने और समस्त सेवा लाभ प्रदान करने के आदेश दिए हैं।

धर्मपुर मंडल के 44 मजदूरों को न्यायालय ने राहत देते हुए कहा कि उन्हें वर्षों पहले ही नियमित कर दिया जाना चाहिए था। इनमें रमेश चंद, नेकराम, यादव सिंह, धोबी देवी, लज्जा देवी, रणजीत सिंह, शांता देवी, शारदा देवी, राकेश कुमार, शीला देवी, और अन्य मजदूर शामिल हैं। ये सभी कई वर्षों से विभाग में कार्यरत थे लेकिन नियमित नहीं किए गए थे।

जोगिंद्रनगर मंडल के मजदूरों को 1996 से 2002 के बीच जानबूझकर काम में ब्रेक देकर 240 दिन पूरे नहीं करने दिए गए। अदालत ने इन ब्रेकों को अवैध करार देते हुए आदेश दिए कि इन वर्षों को सेवाकाल में जोड़ा जाए और आठ साल पूरा होते ही मजदूरों को नियमित किया जाए। इसमें मिलाप चंद, ज्ञानचंद, अशोक कुमार, प्रेम सागर, सावित्री देवी, विनय कुमार, रामसरण सहित अन्य के नाम शामिल हैं। वहीं, कमला देवी, कीमा देवी और संसार चंद को भी नियमित करने का आदेश जारी हुआ।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी पात्र मजदूर अब सेवा लाभ, बकाया वेतन और पेंशन के भी अधिकारी होंगे। इन याचिकाओं की पैरवी अधिवक्ता सुरेश शर्मा द्वारा की गई। मजदूरों और उनके परिवारों में इस फैसले से खुशी की लहर है।

**टूर्नामेंट** | चोट के बावजूद दिखाया दम, हिमाचल से पहली बार खिलाड़ी और कोच भारतीय कुराश टीम में चयनित

# शौर्यवीर ने एशियन कुराश चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल खेलों में शामिल हुए केवल एक वर्ष के भीतर ही हिमाचल के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। मंडी जिले के सुंदरनगर से ताल्लुक रखने वाले 16 वर्षीय शौर्यवीर यादव ने दक्षिण कोरिया के च्यांगजू शहर में आयोजित जूनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि और भी खास इसलिए है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई हिमाचली खिलाड़ी और उसका कोच भारतीय टीम में चयनित होकर एशियन कुराश चैंपियनशिप में शामिल हुए और पदक जीतकर इतिहास रचा। प्रतियोगिता में एशिया के 25 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें शौर्यवीर ने 90 किलोग्राम जूनियर बॉयज़ वर्ग में यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। प्रदेश के लिए यह भी गौरव की बात है कि हिमाचल कुराश एसोसिएशन के महासचिव और प्रदेश में कुराश खेल के संस्थापक वीरेंद्र सिंह धौलटा को भारतीय कुराश टीम का कोच नियुक्त किया गया, जो कि खुद कॉमनवेल्थ जूडो के पदक विजेता हैं और स्पोर्ट्स कोटा से शिक्षा विभाग में वाणिज्य के प्रवक्ता नियुक्त हैं। उन्होंने ही इस उभरते हुए युवा पहलवान को कुराश खेल की बारीकियां सिखाई। धौलटा ने बताया कि भारतीय टीम 30 जुलाई को दक्षिण कोरिया रवाना हुई थी और 6 अगस्त को वापसी होगी। धौलटा ने कहा, 'हमें पहले से ही शौर्यवीर से बड़ी उम्मीदें थीं और स्वर्ण पदक की उम्मीद थी, लेकिन कमर में चोट की वजह से स्वर्ण से चूक गए। इसके बावजूद उन्होंने चोट की परवाह न करते हुए विश्वास को जीत में बदल दिया। यह प्रदेश के लिए ऐतिहासिक पल है।'

### शौर्यवीर को परिवार से मिला खेल का संस्कार

**शौर्यवीर** एक प्रतिष्ठित खेल परिवार से आते हैं। उनके पिता डॉ. संजय यादव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और परशुराम पुरस्कार विजेता हैं, जिन्हें हाल ही में राज्य शिक्षक पुरस्कार-2024 से भी सम्मानित किया गया। उनके ताया जगदीश पहलवान भी कुश्ती में हिमाचल केसरी और हिमाचल कुमार जैसे प्रतिष्ठित खिताब जीत चुके हैं।




### कई मंचों पर चमके, एसोसिएशन ने दी बधाई

**शौर्यवीर** ने इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय जूनियर कुराश प्रतियोगिता में रजत पदक और नेशनल स्कूल गेम्स-2025 (छत्रसाल स्टेडियम, दिल्ली) में कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा राज्य स्कूली इंडोर खेलों के दौरान कुराश में उन्हें बेस्ट प्लेयर का खिताब भी मिल चुका है। वहीं हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के चेयरमैन कौशल मंगटा, अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुल्ला और कोषाध्यक्ष हरदेव नेगी ने शौर्यवीर को इस अद्भुत उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि बहुत जल्द शौर्यवीर और कोच वीरेंद्र धौलटा का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी आशा जताई कि वे भविष्य में विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी भारत और हिमाचल का नाम ऊंचा करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** थाना गगरेट के अंतर्गत एक युवक ने मौत को गले लगा लिया। उसकी पहचान अरुण कुमार पुत्र सतवीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 2 चलेट तहसील घनारी जिला ऊना के तौर पर हुई। इस युवक की उम्र करीब 17 साल थी जिसने घर के बरामदा में बल्ली के साथ देर रात गले में चुनी डालकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी है।

### किसान निधि से किसान हुए मजबूत : विनोद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने बताया कि इस किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देश के किसानों का मनोबल बढ़ा है और इससे हिमाचल प्रदेश के किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। विनोद शर्मा ने बताया कि पीएम किसान योजना से जो भी किसान लाभार्थी के रूप में जुड़े हैं उन्हें आज 20वीं किस्त का लाभ मिल गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के लगभग 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खाते में 20वीं किस्त भेजी है। इन किसानों के बैंक खातों में कुल 20 हजार 500 करोड़ रुपए हस्तांतरित की गई है। वहीं, केंद्र सरकार ने अपने बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट भी बढ़ा दी गई है। पहले इसकी लिमिट 3 लाख रुपए थी, जिसे बढ़ाकर अब 5 लाख कर दिया गया है। यही नहीं इस लोन पर लगने वाले ब्याज में भी सरकार ने छूट जारी रखने का फैसला किया है। शर्मा ने बताया कि पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त से पहले अब तक 19 किस्तों में 3.69 लाख करोड़ रुपये किसानों के खाते में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। जिसके तहत देश के करोड़ों गरीब किसानों की आर्थिक मदद के लिए हर साल 6,000 रुपए दिए जाते हैं। जो तीन किस्तों में सीधे किसानों के खाते में पहुंचते हैं। ऐसे में इस योजना के माध्यम से किसानों को अपनी आए दुगना करने में भी काफी मदद मिल रही है।

### खेत में पत्थर फेंकने को लेकर हुआ विवाद

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत मैड़ी खास में खेत में पत्थर फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पीड़ित सुखराज पुत्र मंगत राम निवासी मैड़ी खास ने थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह अपने खेतों में घास काट रहा था, तो रविंद्र ठाकुर पुत्र धनी राम ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी जमीन पर पत्थर फेंक रहा था। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो रविन्द्र के साथ मौजूद अतुल ठाकुर पुत्र प्यारा सिंह, श्रीमती रीना ठाकुर (ग्राम पंचायत प्रधान), अमित ठाकुर पुत्र प्यारा सिंह ने एकजुट होकर उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की। सुखराज ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसके साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। पीड़ित के अनुसार, यह भूमि उसकी निजी मलकीयत है, जिस पर पहले से ही मामला विचाराधीन है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकद्दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अजनौली में सैकड़ों कनाल फसल बर्बाद



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय से सटे गांव अजनौली में घटिया इंजीनियरिंग का एक बड़ा उदाहरण सामने आया है, जहां एक बड़ी खड्ड पर बेहद छोटी और क्षमताहीन पुली बना दी गई है। यह पुली इतनी संकरी है कि इसके नीचे से मुश्किल से कोई व्यक्ति लेटकर निकल सकता है। नतीजतन, हालिया भारी बारिश के दौरान खड्ड का तेज बहाव इस पुली को पार नहीं कर पाया और पानी तटबंधों को तोड़ता हुआ खेतों में जा घुसा। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पुली की क्षमता से कहीं अधिक पानी के दबाव ने सैकड़ों कनाल जमीन पर खड़ी फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई होना मुश्किल दिख रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस खड्ड पर महज 100 मीटर पीछे नेशनल हाइवे पर पहले से ही एक चार पारादान वाला मजबूत पुल बना हुआ है, जिसकी क्षमता भरपूर है और जो अब भी पानी के बहाव को सहन कर रहा है, लेकिन संबंधित इंजीनियरिंग विभाग ने इस मौजूद पुल की अनदेखी करते हुए आगे जाकर निचले क्षेत्र में यह कम क्षमता वाली पुली बना दी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि इंजीनियरिंग सही योजना और स्थानीय सर्वेक्षण के आधार पर की जाती, तो इस तरह की भारी क्षति से बचा जा सकता था। लोगों ने मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और ऐसी परियोजनाओं को मंजूरी देने से पहले तकनीकी की समीक्षा की जाए।

### भाजपा ने सोलर प्रोजेक्ट पेखुबेला में किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा ने पेखुबेला स्थित 220 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित 32 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भाजपा के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा, भाजपा मंडलाध्यक्ष राहुल देव शर्मा, मंडल के महामंत्री परमिंद्र सिंह, नरेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जसविंद्र सिंह, युवा मोर्चा के मंडलाध्यक्ष रुपिंद्र, हरीश शर्मा, युवा मोर्चा के प्रवक्ता विकास पुरी, रजत ठाकुर, लविश गर्ग, विकास शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने सरकार पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की लागत में ही करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है जिस कारण एक बड़ा अधिकारी की भी खुदकुशी कर मौत हुई है जिसकी सीबीआई द्वारा जांच की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लगने से पहले लोगों को रोजगार दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन जो लोग यहां पर काम कर रहे हैं उनको पिछले कई महीने से वेतन तक नहीं मिला है वह लोग जहां पर हड़ताल पर बैठे हुए हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी सुध लेने तक नहीं आया है। इस मामले को ऊना विधानसभा के विधायक सतपाल सत्ती ने विधानसभा के अंदर भी उठाया है कि इस प्रोजेक्ट में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। विनय शर्मा ने कहा कि सोलर प्रोजेक्ट के साथ बिल्कुल इंडियन ऑयल का तेल का डिपो है जो भाजपा सरकार में सतपाल सत्ती जी के प्रयासों से लगा वहां पर पानी के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ है लेकिन कांग्रेस सरकार के समय में स्थापित सोलर पावर प्रोजेक्ट में पानी भर गया है इसके पीछे जहां पर बुनियादी ढांचे को सही तरीके से तैयार नहीं किया गया है जिस कारण करोड़ों रुपए की लागत से लगाया गया यह सोलर पावर प्रोजेक्ट बरसात की भेंट चढ़ गया है उन्होंने कहा है कि भ्रष्टाचार की पोल खोलने को लेकर वह आवाज उठाते रहेंगे।

# मानवीय लापरवाही से आई ऊना में बाढ़

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**ऊना।** पानी में डूबा ऊना शहर सबने देखा होगा? पानी नालों से उफनकर सड़कों को तोड़ता हुआ भी देखा होगा? कॉलोनियां पानी में डूबी दिखाई दी, मगर नगर के योजनाकार कहीं छिपकर तमाशा देख रहे थे। सख्त शब्दों में लिखा जाए तो इसे बाढ़ नहीं मानव निर्मित आपदा समझा जा सकता है।

ऊना जिला मुख्यालय का रुतबा बढ़ गया है। यहां तक की नगर परिषद से अब नगर निगम हो गया है। शहर विकसित हो रहा है। तरक्की भी हो रही है, लेकिन तरक्की सिर्फ कंक्रीट की दीवारों और बिना योजना के भवन और शॉपिंग मॉल बनाने में हो रही है। कौन लोग इन कंक्रीट के स्ट्रक्चर निर्माण की अनुमति किस लालच में दे रहे हैं? क्या शॉपिंग मॉल में बेसमेंट बनाने और अप्रूव करने से पहले इन लोगों ने अध्ययन किया था? क्या टीसीपी ने मौके पर स्थिति देखी? क्या नगर निकाय के अधिकारी कर्मचारी कथित गलत निर्माण को देखने आगे आए? जवाब होगा कुछ नहीं, महज राजनीति दवाब और हिसाब पूरा होने पर भवन और कंक्रीट की दीवारें बनाने की परमिशन दे दी गई। ऊना में बाढ़ जैसी आफत पहले भी कई दफा आई, जिसे अनदेखा कर दिया गया।

### शहर में खड़े पुराने भवन कभी भी बन सकते हैं हादसे का कारण

**ड्रेनेज** सिस्टम किसी विकासशील शहर की रीढ़ होती है। यहां यह कहां दिखता है? हैरानी तब होती है जब अपनी गलतियों का ठीकरा प्रशासन और सरकार के सिर फोड़ा जाता है। अब जिम्मेदार तो बेतरतीब बेसमेंट बनाने वाले ही हैं। ऊना शहर का प्रारूप ही कहीं न कहीं गलत है। कुछ हिस्सा पुराना शहर तंग गलियों से घिरा है, कभी भी कोई पुराना स्ट्रक्चर किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है। आपात स्थिति में वहां दोपहियां वाहन ले जाना भी कठिन हो जाए। कोई 100 साल से पुराने भवन हैं, लेकिन खंडहर हैं, इन खंडहरों के मालिक विदेशों में रह रहे हैं। हालात इतने बुरे हैं कि किसी ग्राम पंचायत से भी बुरी स्थिति यहां की है। नगर का नाम है, लेकिन अब निगम बना दिया गया। क्या मास्टर प्लान बनाया गया? सियासी ताकतों और मौजूदा इंतजामिया साहिबान को इसका खुलासा कर देना चाहिए।

आखिर क्या कारण है कि पानी सरकारी अदायरों में सबसे पहले भर जाता है? स्कूल भवन पानी में डूब जाते हैं। कहीं न कहीं कोई कमी दिखती होगी। वार्ड एक जसल मार्केट और उस लाइन में सब जगह दुकानों, होटलों और अन्य भवनों ने रोटरी चौक से फ्रेंड्स कॉलोनी तक एक तरह से कंक्रीट की दीवार का रूप धारण कर लिया है और कुछ कसर बची थी, पुराना होशियारपुर रोड, बैहली मोहल्ला जो मिनी सचिवालय के सामने का क्षेत्र है वहां भी भवन यहां तक कॉलोनी बसा दी गई। जिनकी जितनी भूमि थी उसका पैसे के लालच में बेचकर या भवन निर्माण करके कवर कर लिया।

### पानी निकासी के लिए नहीं बची जगह

**बरसाती** पानी के लिए पहले इक्का दुक्का जगह निकलने के लिए बची थी अब वह भी बंद हो गई। ऐसे में बरसाती पानी की निकासी के लिए सिर्फ गिने चुने विकल्प बचे हैं। लोगों ने छोटे छोटे नालों पर पूरी बरसाती पानी की निकासी का भार लाद दिया है। ऐसे में क्यों नहीं बाढ़ यहां नुकसान नहीं करेगी। पानी ने अपना रास्ता लेना है और जो भी उसका प्राकृतिक वहाब क्षेत्र है उससे वह अपने तरीके से तलाश करके रहेगा। अब मुसीबत में ऐसे परिवार हैं जो निर्धन हैं और अपनी हैसियत से अपने घरों को ऊंचा नहीं उठा सकते। बड़े साहूकारों और व्यापारियों की गलतियों का खामियाजा उनको भुगतना पड़ रहा है जो दशकों पहले से स्थाई निवासी हैं। अधिक बरसात की स्थिति में शहर का पूरा पानी अब ऐसे गरीब लोगों की बस्तियों और घरों को निशाना बनाने लगा है। नगर निगम को समय रहते इस बारे में हल खोजना होगा, अन्यथा कब शहर प्राकृतिक आपदा में घिर आए किसी को मालूम नहीं।

# बाढ़ से हालात हुए खराब : राहत और बचाव कार्यों में आई तेजी



बाढ़ के बाद चंद्रलोक कॉलोनी के पास बहने वाली खड्ड का स्वरूप।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मानव निर्मित आपदा से जिला मुख्यालय में करोड़ों का नुकसान हुआ है। हालांकि जिलाभर में भी इस बारिश ने ऐसे जख्म दिए जो जल्दी भरने वाले नहीं हैं। मानव निर्मित आपदा जिसने बाढ़ का रूप लिया था, उसने ऊना को काफी जख्म दिए हैं। रविवार को दिनभर सारी मशीनरी प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में जुटी रही। मुख्य और संपर्क मार्गों को बहाल कर दिया गया। कई ग्रामीण इलाकों में काम जारी था।

रविवार सुबह भी यह अभियान जारी रहा। दुकानदार स्वयं भी अपनी दुकानों की सफाई करते दिखे। इससे पहले दमकल विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर दुकानों और अन्य व्यावसायिक भवनों में भरे पानी को बाहर निकाला। जल भराव के चलते शहर की कई सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। महिला पुलिस स्टेशन को जाने वाला चंद्रलोक कॉलोनी का रास्ता भी शामिल है।

कुटलैहड़ के बंगाणा के समीपवर्ती कोटला खास बेला गांव का रास्ता बंद है। यहां ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऊना के महिला पुलिस स्टेशन के रास्ते में गाद जमा हो गई है। हालांकि राहत और बचाव के कार्य जारी हैं। उपायुक्त जतिन लाल ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।

शनिवार को ऊना शहर का कोई ऐसा वार्ड नहीं बचा जहां नुकसान नहीं हुआ है। कई जर्जर भवनों और डंगों के गिरने जिससे अन्य भवनों के गिरने का खतरा मंडरा रहा है।

# चिकित्सा शिविर में 60 लोगों ने करवाई जांच

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** जसाणा पंचायत के अंतर्गत टेठा अंब ऐसन गांव में 3 अगस्त को एक विशेष निःशुल्क न्यूरोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर गो सेवा समिति दमोहड़ के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को बिना दवा और सर्जरी के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति 'न्यूरोथेरेपी' के माध्यम से उपचार प्रदान करना था।

शिविर का संचालन प्रदेश के प्रसिद्ध न्यूरोथेरेपिस्ट महिंद्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में उपस्थित मरीजों और ग्रामीणों को न्यूरोथेरेपी की मूल अवधारणा,



निःशुल्क न्यूरोथेरेपी चिकित्सा शिविर में चिकित्सक को सम्मानित करते स्थानीय लोग।

कार्यशैली और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिंद्र सिंह ने बताया कि न्यूरोथेरेपी शरीर की नसों, ग्रंथियों और अंगों के तालमेल को संतुलित करके शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होती है।

इस शिविर में लगभग 60 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और निःशुल्क उपचार प्राप्त किया। इस आयोजन में समिति के संयोजक रामलोक शर्मा, पवन कुमार शर्मा और बालकृष्ण डोगरा ने समर्पित भावना के साथ कार्य करते हुए शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मोहिंद्र पाल, अर्चना सूद, अंजना, दीपिका और पवन सहित कई सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

# होटल में खाना खाने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** गगरेट-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर स्थित एक होटल में खाना खाने आए एक उद्योग के कर्मचारी की अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल चुरा ले गया। खाना खाकर बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब देखकर दंग रह गया।

हालांकि उसने अपने स्तर पर मोटरसाइकिल की तलाश करने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुआ तो उसने मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर गगरेट पुलिस थाना में दी है। गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित एक उद्योग में कार्यरत उपमंडल अंब के बग्गा बरोटा गांव के गुरपाल सिंह पुत्र स्व. धर्म चंद ने गगरेट पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 31 जुलाई को सायं करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए एक होटल में गया। उसने अपनी बाइक होटल के बाहर बनी पार्किंग में खड़ी कर दी।

जब वह खाना खाकर होटल से बाहर आया तो बाइक गायब देखकर दंग रह गया। इसके बाद दो अगस्त को पुलिस से मदद मांगी। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देसी कट्टा रखने के आरोप में दो युवक काबू

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने और सोशल मीडिया पर उसका प्रदर्शन करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार टाहलीवाल थाना की पुलिस ने एक पूर्व मामले में पूछताछ के लिए आरोपी अरमान राणा पुत्र प्रेम सिंह को थाना सदर ऊना लेकर गए थे। पूछताछ में अरमान के मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसमें देसी कट्टे के साथ बनाई गई वीडियो और स्टोरीज सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई पाई गईं। अरमान ने हथियार अपने मित्र दिशांत राणा निवासी टाहलीवाल को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर काबू कर लिया है।

# मोदी और ट्रंप की दोस्ती पड़ेगी महंगी : जगत राम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के सचिव कमरेड जगतराम शर्मा ने देश के लोगों को याद दिलाया कि जो ट्रंप की बातों को लेकर इतने उत्तेजित हो रहे हैं वह सच्चाई यह है कि अमेरिका भारतीय सरकार से 1947 से ही भारत आजादी के विरुद्ध है। जब देश आजाद हुआ तो स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू अमेरिका के पास सहायता के लिए गए थे, लेकिन अमेरिका ने सहायता देने से इनकार कर दिया था।



रूस ने भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। देश के बड़े-बड़े सार्वजनिक उद्योग लगाने के लिए भारत को सहायता दी और विदेश नीति से लेकर आर्थिक नीति में सहयोग दिया । स्व. इंदिरा गांधी के युग में रूस और भारत की मित्रता इतनी मजबूत हुई इसको कोई हिला नहीं सकता। राष्ट्रीय इंटक देश का सबसे बड़ा संगठन अपने कर्तव्य पर चलते हुए लगातार मजदूर, किसानों, कर्मचारियों को निरंतर करने को लगातार सचेत करती है मोदी और ट्रंप की दोस्ती भारत के लोगों के लिए महंगी पड़ेगी।

# विधायक विवेक शर्मा ने सुनीं समस्याएं, कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को चम्याडी पंचायत के गांव सरोह में महिला मंडल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र में बीते दिनों हुई भारी बारिश से हुए नुकसान का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया और जरूरतमंद क्षेत्रों में तेज़ी से काम करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक विवेक शर्मा ने सरोह में महिला मंडल के सक्रिय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनका सामाजिक विकास में योगदान सराहनीय है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विवेक शर्मा ने घोषणा की कि सरोह सहित चम्याड़ी पंचायत के अन्य गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक निधि से 5 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

विवेक शर्मा ने क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश से हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और बताया कि कई घरों में पानी घुस गया है, सड़कें टूटी हैं और कुछ इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे राज्य सरकार को भेजकर पीड़ितों को जल्द आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।



# डीएवी स्कूल विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करता रहेगा : नसीब

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** डीएवी पब्लिक स्कूल लठियानी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। यह अवसर विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और नैतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, और सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतिभा का प्रदर्शन का भी बहुत बढ़िया मंच दिया गया। वार्षिक समारोह में बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल ने मुख्य अतिथि एवं तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार और डीएवी संस्था के एआरओ नमित शर्मा वशिष्ठ समारोह के मुख्यातिथि की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डीएवी गान से वातावरण में संस्कार और संस्कृति की गरिमा स्पष्ट झलकी।

प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने राज्य



एसडीएम सोनू गोयल ने मेधावी छात्र सम्मानित किए, साथ हैं अन्य।

- डीएवी लठियानी स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह
- विद्यार्थियों ने नशा और मोबाइल के दुष्प्रभावों पर नाटक से किया जागरूक

और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डीएवी लठियाणी का मान सम्मान बढ़ाया है।

विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शकों ने बहुत ही प्रशंसा की । सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक पहाड़ी नाटी, पंजाबी भांगड़ा, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, प्रेरणादायक नाटक 'ऑपरेशन सिंदूर' और सामाजिक संदेश पर आधारित प्रस्तुतियां दी , विद्यार्थियों ने नशा और मोबाइल के दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक ने मंच को जीवन्त बना दिया और दर्शकों को सोचने पर विवश किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्व छात्र किए सम्मानित

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेलकूद तथा पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि सोनू गोयल ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। स्कूल की वार्षिक गतिविधियों में जानकारी के अनुसार स्कूल के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ खेलों में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाकर स्कूल एवं क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया है।

स्कूल के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने सभी आगंतुकों, अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों के अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूल्य आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करता रहेगा।

# योजनाओं से युवाओं के भविष्य से किया जा रहा खिलवाड़ : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



प्रवास कार्यक्रम के दौरान देवेंद्र भुट्टो और अन्य।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने समूर, लमलेहड़ी, बरनोह और दान डंगोली गांवों में आयोजित ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रमों में शिरकत की।

इन कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक गिनाया। उन्होंने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला और युवा वर्ग के साथ हो रहे कथित छल की कड़ी आलोचना की। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहे। देवेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्व में सम्मान और आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। दूसरी ओर उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि इन योजनाओं में स्थायित्व और पारदर्शिता का घोर अभाव है, जिससे प्रदेश का शिक्षित युवा वर्ग ठगा हुआ महसूस कर रहा है, देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि कांग्रेस सरकार अब लॉटरी सिस्टम जैसे निर्णयों के माध्यम से लोगों की आकांक्षाओं और भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

**आस्था** | माता चिंतपूर्णी के चल रहे श्रावण अष्टमी के मेले शांतिपूर्वक संपन्न

# 6 लाख श्रद्धालुओं ने किए मां की पावन पिंडी के दर्शन

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में चल रहे श्रावण अष्टमी मेला बड़े शांतिपूर्वक माहौल के साथ संपन्न हुआ।

मंदिर प्रशासन द्वारा मेले का आयोजन 25 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक किया गया था। इस दौरान लगभग 6 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किए। 25 जुलाई से लेकर 1 अगस्त तक श्रद्धालुओं द्वारा 1 करोड़ 42 लाख 84 हजार 862 रुपए मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं।



### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम

**मंदिर** प्रशासन द्वारा मेले के सफल आयोजन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण सीमित साधन होने के बावजूद भी मंदिर प्रशासन द्वारा बेहतर सुविधा प्रदान की गई।

### श्रद्धालुओं की आस्था

**श्रावण** अष्टमी मेला के दौरान लाखों की तादाद में श्रद्धालु चिंतपूर्णी पहुंचे और मां की पावन पिंडी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की कामना की। यह मेला श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक शांति का अनुभव करवाता है।

### अधिकारियों की रही अहम भूमिका

सफल मेला आयोजन के लिए मंदिर आयुक्त एवं डीसी ऊना जतिन लाल और मेला अधिकारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र गुर्जर के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मेला सह अधिकारी एवं एसडीएम अंब सचिन शर्मा, मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल, मंदिर सुरक्षा एवं परिचालन अधिकारी कर्नल मनीष धीमान, पुलिस के उच्च अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एक टीम की तरह कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा सुनिश्चित की गई।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन कोटला की टीम रही विजयी



मुख्यातिथि राजेंद्र वशिष्ठ को सम्मानित करते क्रिकेट क्लब के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के थानाकलां में संकट मोचन युवा क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को देवभूमि ग्रुप ऑफ इंडिया के चेयरमैन राजेंद्र वशिष्ठ ने किया।

इस भव्य आयोजन में क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि राजेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में सहायक होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं बल्कि टीम भावना और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाते हैं। राहुल शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डोहक और कोटला के बीच खेला गया, जिसमें कोटला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।

वहीं दूसरा मैच थानाकला और खुरवाई के बीच खेला गया, जिसमें मेजबान टीम थानाकला विजयी रही। राजेंद्र ने संकट मोचन युवा क्लब की इस पहल की सराहना की।

# मनाली के सक्षम ने स्नाइपर बॉक्सिंग में झटका स्वर्ण



**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला कुल्लू के मनाली निवासी सक्षम सिंह ने सना सूरी द्वारा आयोजित स्नाइपर बॉक्सिंग प्रमोशन की सबसे बड़ी फाइट नाइट जो 2 अगस्त को अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित हुई। इसमें भारत वर्ष के सभी दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मुकाबले में मनाली के सक्षम सिंह ने हरियाणा के बॉक्सर को हराकर गोल्ड मेडल जीता और हिमाचल का नाम रोशन किया। सक्षम सिंह पिछले 10 सालों से बॉक्सिंग की फील्ड में हैं, लेकिन बीच में स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण बेड रेस्ट पर था। इस मुकाबले के लिए सिर्फ एक महीने की तैयारी करने के बाद सक्षम सिंह ने इस मुकाबले में स्वर्ण पदक हासिल कर देवभूमि का नाम रोशन किया। इस आयोजन में महाराष्ट्र के खेल और युवा कल्याण अल्पसंख्यक विकास मंत्री दता राय विठोबा बहाराणे विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं, संजय दीना पाटिल पार्लियामेंट सदस्य, पद्मश्री मनोज जोशी सिनेमा की एक महान हस्ती, विंदू दारा सिंह प्रतिष्ठित अभिनेता गुलशन ग्रोवर जैसी हस्तियां भी वहां मौजूद रहीं, जिन्होंने सक्षम सिंह को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सक्षम सिंह की बहन दिव्यांगना मेहता ने भी अनेक सौंदर्य प्रतियोगिता में अनेक खिताब अपने नाम कर देवभूमि का नाम रोशन कर चुकी हैं और वर्तमान में भी अनेक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं और अनेक सौंदर्य प्रतियोगिता में जज और ग्रुमर का किरदार बहुत बेहतरीन निभाया है।

# कराड़ पंचायत के कोठी वार्ड में दो मंजिला मकान गिरा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** ग्राम पंचायत कराड़ के कोठी वार्ड में भारी बारिश के कारण एक दो मंजिला कच्चा मकान गिरने की दुखद सूचना प्राप्त हुई है।

यह मकान तावे राम पुत्र मेद राम का था, जो भूमि धंसने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मकान में चार कमरे थे। गनीमत रही कि प्रशासन और परिवार की सतर्कता के चलते 25 जुलाई को ही संभावित खतरे को देखते हुए पीड़ित परिवार का सारा सामान सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करवा दिया गया था। तावे राम, उनकी पत्नी, बेटा और उसका परिवार वर्तमान में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। वर्तमान में नुकसान का विस्तृत प्रकलन तैयार किया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द राहत प्रदान की जा सके। वहीं, इस मौके पर कराड़ पंचायत के उपप्रधान यशपाल सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया और व्यक्तिगत रूप से बचे हुए पूरे कार्यकाल का अपना मानदेय इस परिवार को देने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी हर प्रयास करेंगे। लगातार हो रही बारिश ने क्षेत्र में कई स्थानों पर भूस्खलन और मकानों को खतरे की स्थिति में ला दिया है। तावे राम के दूसरे दो मंजिला मकान को भी खाली करवा दिया गया है क्योंकि उसके भी गिरने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन और पंचायत ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और खतरे की स्थिति में तुरंत नजदीकी अधिकारियों को सूचित करें।



भारी बारिश के चलते सड़क पर आए मलबे को हटाने में जुटी मशीनरी, लोगों को मुश्किलों का करना पड़ा सामना।

## लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर नई टेंशन, पागल नाले ने बदला रास्ता

**अनंत ज्ञान, सैंज**

भारी बारिश के चलते लारजी-सैंज संपर्क मार्ग पर लोगों को परेशानी में डालने वाले पागल नाले ने अब रास्ता बदल लिया है।

सड़क से निकलने वाले मलबे से संपर्क मार्ग अलग-अलग दो स्थानों पर आठ घंटे के लिए यातायात बंद रहा। विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रही तथा किसानों, बागवानों, स्कूली छात्रों व आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर पागल नाले के पास सड़क पर भारी मलबा आया, जिस कारण लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर आठ घंटे यातायात बंद रहा। बारिश के कहर ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सड़क बंद होने के कारण फल व सब्जी विक्रेताओं के अतिरिक्त आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिछले पांच दिनों से घाटी में लगातार बारिश आम लोगों के लिए आफत बन गई है। भारी बारिश के कारण रविवार को एक बार फिर सैंज संपर्क मार्ग आठ घंटे बंद रहा। इस कारण दोनों तरफ सैकड़ों गाड़ियां फंसी रही। हालांकि, मौसम खुलते ही लोक निर्माण विभाग की मशीनरी ने सड़क को बहाल कर दिया है, लेकिन बारिश लगातार हो रही है। इस कारण सड़क मार्ग दोबारा अवरुद्ध होने के आसार हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन सिंह ने बताया कि विभाग की मशीनों ने यातायात को बहाल कर दिया है। वहीं, बंजार के उपमंडल अधिकारी पंकज कुमार ने आम लोगों से आग्रह किया कि सड़कों पर ध्यानपूर्वक सफर करना ही उचित समझें तथा बाहर आने-जाने की गतिविधियों पर फिलहाल विराम दें।

## दरेड नाले में आई बाढ़ से पुल बहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल के दरेड नाले में आई बाढ़ से उदयपुर-तिंदी-पांगी-किलाड़ को जोड़ने वाला एकमात्र पुल बह गया है। इससे सड़क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। बाढ़ देर रात आई जिस कारण कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन सड़क बंद हो जाने से दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई है। मनाली से शुभ पांगी गए वाहन उदयपुर में रुक गए हैं, जबकि पांगी से मनाली आ रहे वाहन तींदी में फंस गए हैं। बीआरओ सुबह से ही अस्थायी सड़क बनाने में जुटा हुआ है, लेकिन नाले में पानी अधिक होने से सड़क बहाली में दिक्कत हो रही है। दूसरी ओर मयाड़ घाटी के करपट नाले में बाढ़ आने से पुल की नींव को नुकसान पहुंचा है। नींव के कमजोर हो जाने से तथा एबेटमेंट खिसकने से पुल के गिरने का खतरा बढ़ गया है। वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है।

उदयपुर-किलाड़ सड़क मार्ग में बना दरेड पुल बाढ़ की चपेट में आने से तिंदी से किलाड़ सड़क संपर्क अवरुद्ध हो गई है। बीआरओ के अधिकारियों से आग्रह किया कि शाम तक वैकल्पिक सड़क बना दें, ताकि दोनों ओर फंसे लोग अपने गंतव्य को ओर जा सकें। बीआरओ अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर पुल बनाने का आश्वासन दिया है।

**डॉ.रामलाल मार्कंडेय पूर्व मंत्री।**

मयाड़ घाटी के करपट नाले में बाढ़ आने से पुल को नुकसान पहुंचा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

**अनुराधा राणा विधायक लाहौल-स्पीति।**

## न्यूज ब्रीफ

### वेद प्रकाश अध्यक्ष दमन लाल बने महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी टिकरा बावड़ी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से वेद प्रकाश सूद को अध्यक्ष तथा दमन लाल को सचिव नियुक्त किया। इसके अलावा अनिल चोपड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ईश कुमार अरोड़ा को उपाध्यक्ष, निशा पराशर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला विंग), दविंद्र उप्पल को मुख्य सलाहकार, मनोहर लाल कौशल को चेयरमैन, नरेंद्र सूद को वाइस चेयरमैन, नरेश सदाना और रजनीश को कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा को सहसचिव, हैप्पी गुप्ता वअभिरूप सल्हुरिया को मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं, मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

### अब 24 अगस्त को बनेगी पीटीए कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में रविवार को आयोजित पीटीए की दूसरी बैठक भी बेनतीजा रही। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सोम किशन शर्मा ने बताया कि रविवार को आयोजित दूसरी बैठक में अभिभावकों की संख्या निर्धारित मानक से काफी कम थी। इसके चलते नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को दोपहर 11 बजे अंतिम बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्राचार्य ने अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### मणिमहेश यात्रा में कचरा लौटाओ पैसे पाओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रसिद्ध धार्मिक मणिमहेश यात्रा इस बार केवल आध्यात्मिक यात्रा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की मिसाल भी बनेगी। पहली बार प्रदेश में पर्यावरण विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम शुरू किया गया है। 1 से 31 अगस्त तक चलने वाली इस पवित्र यात्रा के दौरान यात्रियों को प्लास्टिक बोतल, मैगी जैसे उत्पाद क्यू आर कोड के साथ दिए जाएंगे, इन्हें यात्रा पूरी करने के बाद निर्धारित कलेक्शन सेंटर पर लौटने पर तुरंत नकद राशि वापस की जाएगी। इस पायलट योजना के तहत भरमौर उपमंडल के 4 जगह में 10 कलेक्शन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें हडसर से लेकर मणिमहेश तक के 350 से अधिक दुकानों और 30 से अधिक लंगर प्वाइंट्स को शामिल किया गया है। पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए 15 फिल्ड एग्जीक्यूटिव दो मैनेजर और स्थानीय प्रशासनिक टीम में तैनात की गई है। इस टीम में कुल्लू जिला की समाजसेवी श्रुति कश्यप भी शामिल हैं। श्रुति कश्यप समय-समय पर समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। कोरोना के समय भी श्रुति ने बेहतरीन कार्य किया था। इसी कड़ी में अब श्रुति प्रसिद्ध धार्मिक मणिमहेश यात्रा के दौरान भी सेवाएं दे रही हैं। निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वायड वन विभाग और पुलिस के पांच-पांच कर्मियों को हर जोन में जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

### लॉटरी प्रथा पर जनता को खुलेआम गुमराह कर रहे नेगी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि वह लॉटरी प्रथा पर हिमाचल की जनता को खुलेआम गुमराह कर रहे हैं। जगत सिंह नेगी एक ओर दावा करते हैं कि सरकार ने अभी तक लॉटरी शुरू करने को लेकर अधिसूचना जारी नहीं की है, लेकिन वहीं दूसरी ओर यह भी दावा कर देते हैं कि यह लॉटरी पूरी तरह ऑनलाइन होगी और दुकानों में ऑफलाइन नहीं बिकेगी। ठाकुर ने सवाल किया की जब अधिसूचना ही जारी नहीं हुई, तो उनको यह कैसे पता कि यह ऑनलाइन होगी और दुकानों में ऑफलाइन नहीं बिकेगी। यह उनकी दोहरी मानसिकता और जनता को गुमराह करने की साजिश को उजागर करता है।

### महाकालेश्वर मंदिर कमेटी को भेंट किए डेढ़ लाख

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर परिषद मनाली के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने महाकालेश्वर (भूत नाथ) मंदिर कमेटी को 151000 रुपए की राशि भेंट की। उनसे प्रेरित होकर उनके दोस्त ने भी 50000 रुपए की राशि भेंट की। मंदिर में भव्य छत का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने यह राशि कमेटी के वरिष्ठ सदस्य हरवंश अवस्थी को भेंट की। चमन कपूर ने महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी भाग लिया। उन्होंने मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि दानी सज्जनों के सहयोग से महाकालेश्वर मंदिर कमेटी को भव्य रूप दे रही है, जो सराहनीय है। उन्होंने मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करने वालों का भी आभार जताया। कपूर ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे समुदाय को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

### मणिकर्ण की जनता का दर्द किसी को नहीं दिखाई दे रहा

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** पर्यटन व धार्मिक नगरी मणिकर्ण घाटी की दुर्दशा को लेकर जिला परिषद सदस्य ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मैंने मणिकर्ण घाटी के पुलों और सड़कों की दुर्दशा को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवाया, लेकिन कोई प्रगति नजर नहीं आई। शायद मणिकर्ण की जनता का दर्द किसी को नहीं दिखाई दे रहा है मलाणा, बलाधी में एक मात्र पुल बचा था इसे भी स्थानीय लोगों द्वारा बड़ी मेहनत से बनाया, वह भी बाढ़ की चपेट में आ गया। पार्वती घाटी के बलाधि गांव ग्राम पंचायत तल्पिणी में स्थानीय लोगों द्वारा दो पुल बनाए गए थे। एक पुल कुछ दिन पहले चले पानी में बह गया, अब दूसरा पुल भी बाढ़ की चपेट में आने से नदी में समा गया। जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया ने कहा कि भारी बारिश के कारण पिछले दो वर्षों से मेरे वार्ड में लगातार नुकसान हो रहा है।

### वरदान बनी पीएम किसान सम्मान निधि: रिमन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री और भाजपा किसान मोर्चा मनाली मंडल के पूर्व अध्यक्ष रिमन सिंह ठाकुर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने जारी एक प्रेस बयान में कहा कि यह योजना देश भर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इस योजना के तहत सहायता राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डाली जाती है। इससे पारदर्शिता बनी रहती है और फंड के दुरुपयोग की कोई गुंजाइश नहीं रहती। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करता है कि सहायता राशि सीधे पात्र किसानों तक पहुंचे, जिससे उन्हें अपनी कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है। रिमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के किसानों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ खेती करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

# पतलीकूहल में पहाड़ी से गिरे पत्थर सब्जी के खोखे को पहुंचा नुकसान

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**



पतलीकूहल चौक में पहाड़ी से भूस्खलन के कारण गिरे पत्थरों को हटाते हुए लोग।

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू में बीती रात काफी बारिश हुई। इस कारण जिलेभर में नुकसान हुआ है। वहीं, बारिश के कारण पतलीकूहल चौक के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटना भी सामने आई है।

रविवार सुबह इस घटना में एक सब्जी के खोखे को नुकसान पहुंचा है, जबकि निजी बस इसकी चपेट में आने से बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार को सुबह से लेकर शाम और रातभर हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन सब्जी के खोखे को आंशिक नुकसान पहुंचा है। लोगों का कहना है कि आखिर पतलीकूहल में अवैध खोखे कैसे बन रहे हैं और यदि कभी इन खोखों में जान-माल का नुकसान होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। लोगों ने जिला प्रशासन से अवैध रूप से क्षेत्र में खोखे चला रहे लोगों पर शिकंजा कसने की मांग की है। वहीं, लोगों का कहना है कि इस घटना में निजी बस जो उस समय क्षेत्र से गुजर रही थी, वह इसकी जद में आने से बच गई। यदि बस को नुकसान पहुंचता तो बड़ी संख्या में यात्रियों को चोटें लग सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पहाड़ी से गिरे मलबे को हटाया और उसके उपरांत आवाजाही सुचारु हो सकी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।

## संस्कृत के संरक्षण को लेकर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला संस्कृत परिषद की ओर से कुल्लू जिला मुख्यालय के ढालपुर देवसदन में संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन को लेकर व्याकरण विषय पर शोध पत्र पढ़े गए। वहीं, कार्यक्रम में संस्कृत के विद्यार्थियों ने नृत्य और गीत-संगीत से भी लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान जिला संस्कृत परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम ठाकुर ने कहा कि संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है और इसे रक्षाबंधन के दिन आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम सप्ताह भर चलता है, लेकिन कुल्लू जिले में अति वृष्टि होने के चलते एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आज ढालपुर में किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता रोहित महाजन मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रोमिला ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

## श्रीखंड महादेव यात्रा के सफल आयोजन पर एसडीएम निरमंड ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, आनी**

- रेस्क्यू टीमों व प्रशासनिक अमले की कुशलता से संपन्न हुई धार्मिक यात्रा

एसडीएम निरमंड एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह की ओर से इस वर्ष की श्रीखंड महादेव यात्रा के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

एसडीएम ने कहा कि इस पवित्र और चुनौतीपूर्ण यात्रा के संचालन में रेस्क्यू टीमों एबीवीआईएमएएस, एसडीआरएफ, होम गार्ड्स और पुलिस विभाग, सेक्टर मजिस्ट्रेट्स, बेस कैंपों में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य सभी सहयोगियों ने विषम परिस्थितियों में भी अत्यंत कुशलता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। साथ ही श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के संस्थापक सदस्यों व अन्य ट्रस्टियों के निरंतर सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने विशेष रूप से श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष व डीसी कुल्लू के कुशल मार्गदर्शन, दिशा-निर्देशों और सहयोग के लिए भी आभार जताया है। श्रीखंड महादेव यात्रा उत्तर भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक मानी जाती है। इसमें 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित भोले बाबा के दर्शनों को करीब 35 किलोमीटर की खतरनाक पगडंडी को पार करना पड़ता है। इस वर्ष आधिकारिक तौर पर यह यात्रा 10 जुलाई से शुरू हुई थी और 24 जुलाई को अंतिम जत्था यात्रा पर रवाना हुआ था। इस वर्ष 7500 से ज्यादा यात्रियों ने बेसकैंप में अपना पंजीकरण करवा कर यात्रा पर निकले थे।

## सरकार की चार दिन तक चली कैबिनेट का परिणाम जुए व सटे का प्रारूप लॉटरी: अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा जिला कुल्लू के अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार प्रदेश सरकार ने चार दिन तक कैबिनेट बैठक करने का निर्णय लिया, तो जनता ने सोचा कि प्रदेश सरकार कुछ बड़े निर्णय लेकर कुछ राहत देने की तैयारी में है, लेकिन जब इसका परिणाम निकला तो पूरा प्रदेश हतप्रद हो गया क्योंकि सरकार के चार दिन के मंथन का परिणाम लॉटरी के रूप में निकला।



प्रदेश सरकार के इस निर्णय की निंदा करते हुए अमित सूद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ये शब्द कहे। उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि सरकार रोजगार और अन्य मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर कुछ निर्णय लेती, लेकिन प्रदेश सरकार ने अपने आर्थिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए युवाओं को बर्बाद करने का निर्णय लिया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा पूर्व में लॉटरी के कारण प्रदेश के सैकड़ों युवा बेरोजगार और अन्य नागरिक अपनी जिंदगी तक खो चुके हैं और अनेक बसे-बसाए घर उजड़ चुके हैं। इसी कारण 17 अप्रैल, 1996 को उच्च न्यायालय ने प्रदेश में सिंगल डिजिट लॉटरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था और उसके बाद भाजपा सरकार में उस समय के मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने 1999 में पूरे प्रदेश में पूरे लॉटरी सिस्टम को ही बंद कर दिया था और इस निर्णय को समाज के हर वर्ग ने सराहा था। प्रदेश में लॉटरी का इतिहास सुखद नहीं रहा है, जब प्रदेश में लॉटरी सिस्टम चलता था तो हर श्रेणी के लोग चाहे वे कर्मचारी हों, सेवानिवृत्त हों मजदूर हों या बेरोजगार सभी ने पैसे कमाने के लालच में लॉटरी खरीदनी शुरू कर दी थी और इसके लिए उन्होंने अपना वेतन, मकान और अपने जीवन की पूरी जमा पूंजी तक दांव पर लगा कर अपना सब कुछ तबाह कर दिया था।

## 26 से 30 तक होगी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, आनी।** सिरिगढ़ स्पोर्ट्स क्लब की बैठक रविवार को क्लब के प्रधान दुष्यंत परमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी खेलकूद प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई और आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 अगस्त तक किया जाएगा। आयोजन में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए विविध प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रधान दुष्यंत परमार ने बताया कि पुरुष वर्ग में होने वाली प्रतियोगिताओं में कबड्डी ओपन, कबड्डी लोकल, वॉलीबाल ओपन, वॉलीबाल लोकल, बैडमिंटन ओपन, शतरंज (चैस) ओपन, शतरंज अंडर-19 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से सभी लोकल प्रतियोगिताएं जोन वाइज आयोजित की जाएंगी। वहीं, महिला वर्ग में कबड्डी ओपन, रस्साकशी ओपन, लोकनृत्य (महिला मंडल) प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।

## लोगों को तंबुओं में देख मन व्यथित हो गया: अनुराधा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**केलांग।** लाहौल घाटी में बादल फटने और बाढ़ आने से भारी नुकसान हुआ है। ऐसे समय में लाहौल-स्पीति की विधायक लोगों के दुख बांटने में लगी हैं। हर क्षेत्र का दौरा कर हालातों का जायजा ले रही हैं। दुर्गम मयाड़ घाटी के करपट गांव में दो दिन पहले बादल फटने के बाद आई बाढ़ से इलाके में जनजीवन प्रभावित किया है।

मयाड़ वेली के करपट नाले में अचानक आए सैलाब से पुल के एबटमेंट की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे अपर मयाड़ के लिए आवाजाही जोखिम भरा हो गई है। वहीं, बाढ़ की आशंका के खतरे को देखते हुए ग्रामीण अब अस्थायी कैंप में शरण ले रहे हैं। रविवार को स्थानीय विधायक ने एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ करपट गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित स्थल और अस्थायी कैंप का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने कैंप में रह रहे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं व अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि बाढ़ से प्रभावितों की स्थायी सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे भविष्य में इस तरह की आपदाओं के दौरान सभी ग्रामीण सुरक्षित और एक साथ रह सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को तंबुओं में देख मन व्यथित हो गया है और वह हर परिस्थिति में ग्रामीणों के साथ खड़ी हैं।

## बंजार के नए बस अड्डे के समीप की जाए एटीएम की स्थापना

**अनंत ज्ञान, बंजार।** प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन खंड बंजार की मासिक बैठक खंड अध्यक्ष किशन चंद डोगरा की अध्यक्षता में अंबिका माता मंदिर दवाला परिसर में संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में कुछ प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया व सरकार से मांग उठाई गई। इसमें सरकार से मांग की गई कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सैलरी तथा डीए एरियर का एक मुश्त भुगतान जल्द किया जाए तथा लंबित डीए की किस्तों का भी एक मुश्त भुगतान किया जाए क्योंकि अधिकतर उम्रदराज पेंशनर्स बीमारियों से ग्रस्त होने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का चिकित्सा भत्ता 400 से बढ़कर 2000 रुपए प्रति माह किया जाए। सरकार से मांग की गई कि नया बस स्टैंड बंजार में किसी भी बैंक का कोई भी एटीएम नहीं है। पेंशनर फेडरेशन पिछले काफी समय से लोगों की इस मांग को उठा रही है कि नए बस अड्डे में एक एटीएम खोला जाए। इससे लोगों को 1 किलोमीटर दूर पैसे निकालने न जाना पड़े व बे से उतरकर उन्हें वहीं पर एटीएम की सुविधा मिले। बैठक में केहर सिंह, टीकम राम, गुम्मत राम, दिलीप सिंह, देवी राम, लेद राम, अमलु देवी, धना देवी, इंदिरा देवी, चंद्री देवी, भीमी राम आदि सहित कई पेंशनर्स उपस्थित रहे।

**दौरा** घाटी की अधिकतर सड़कें बंद, फल सीजन में सरकार की नाकामी उजागर

# बंजार में प्रदेश सरकार की अनदेखी लगातार जारी: शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

वर्ष-2025 की बारिश ने बंजार विधानसभा क्षेत्र विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को गहरे संकट में डाल दिया है। अभी बरसात का आधा दौर ही बीता है और सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की कथित बातें जमीनी हकीकत पर धराशाही हो गई हैं।

भूस्खलन, सड़क बंद और जनसुरक्षा की अनदेखी ने सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने रविवार को तीर्थन घाटी के एकदिवसीय दौरे के दौरान भूस्खलन प्रभावित घलियाड़ मशियार, पेखड़ी कुबनी, टलिंगा, तींदर रंगछा आदि गांवों में स्थिति का जायजा लिया। इस दौरे के दौरान प्रभावित ग्रामीणों ने विधायक को आपदा से उपजी पीड़ा और प्रशासनिक उपेक्षा के बारे में विस्तार से बताया। विधायक के अनुसार पूरे बंजार क्षेत्र की अधिकांश ग्रामीण सड़कें बदहाली की कगार पर हैं और सरकार की अनदेखी लगातार जारी है। विधायक ने आरोप लगाया कि बंजार से कांग्रेस सरकार विकास के नाम पर भेदभाव कर रही है। इसका खामियाजा यहां की जनता को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो जनता के साथ मिलकर एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी तीर्थन घाटी के एकदिवसीय दौरे के दौरान घाटी में हुए नुकसान का जायजा लेते हुए।

### दो गांवों के 17 परिवार घर छोड़ अस्थायी शिविरों में रह रहे

**घलियाड़** गांव में पहाड़ी दरकने से 10 परिवार प्रभावित हुए हैं और उन्हें अस्थायी शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। कुबनी गांव में भी सात परिवारों को विस्थापित होना पड़ा, जबकि टलिंगा गांव में पहाड़ी से निरंतर गिरते पत्थरों के चलते स्थायी खतरे की स्थिति बनी हुई है। यह भी उल्लेखनीय है कि टलिंगा में बरसात के शुरुआती दिनों में ही चट्टानें गिरने से काफी नुकसान हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार विभाग की निष्क्रियता के चलते लोगों की जान खतरे में पड़ी है और हमें अपने घर छोड़ कर मजबूरन अस्थाई शिविरों में रहना पड़ रहा है।

### घाटी की स्थिति बेहद चिंताजनक

**विधायक** शौरी ने तीर्थन घाटी की वर्तमान स्थिति को बेहद चिंताजनक बताते हुए सरकार व प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो सप्ताह से घाटी में बस सेवा पूर्णतः ठप है। इससे लोगों को टैक्सियों में अत्यधिक खर्च कर यात्रा करनी पड़ रही है। उन्होंने जानकारी दी कि तीर्थन घाटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क आठ पंचायतों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते इस मार्ग की बहाली अब तक नहीं हो पाई है और न ही सरकार ने इस ओर कोई पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया है। फल सीजन के बीच आई इस आपदा में सरकार और विभाग की यह निष्क्रियता क्षोभजनक और निंदनीय है।

## फोजल की महिलाओं ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजी 30,000 की राहत राशि

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



मंडी जिले के सराज में बीते दिनों आई भयानक आपदा के बाद आपदा प्रभावित परिवारों को दानी सज्जन राहत राशि भेज रहे हैं। इसी कड़ी में कुल्लू जिले की मनाली विधानसभा के फोजल गांव की महिलाओं ने मानवीय सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है। गांव की महिलाओं ने मिलकर 30,000 रुपए की राशि इकट्ठा कर थुनाग सराज में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए भेजी।

यह राशि गांव के सभी ग्रामीणों के सहयोग से जुटाई गई। महिलाओं ने यह राशि समाजसेवी बलदेव कुमार बंटी के बैंक खाते में भेजी है, जो आपदा के शुरुआती समय से ही उन दूर-दराज के क्षेत्रों में लगातार मदद पहुंचा रहे हैं, जहां अभी तक कोई सहायता नहीं पहुंची है। उनके निस्वार्थ कार्यों से प्रभावित होकर ही गांव की महिलाओं ने यह राशि उनके माध्यम से प्रभावितों तक पहुंचाने का निर्णय लिया। समाजसेवी बंटी ने सहायता राशि प्राप्त करने के बाद, किन-किन पीड़ितों को कितनी राशि दी गई, उसका पूरा विवरण गांव की महिलाओं को भेजा है। स्वयंसेवियों ने बताया कि फोजल से भेजी गई सहायता राशि में से बगस्याड़ के अंतर्गत खुनागी गांव को 5,000 रुपए और पखरेर पंचायत में 15,000 रुपए की राशि दी गई है। इस मुश्किल घड़ी में, बलदेव कुमार और उनकी टीम के अन्य सदस्यों के निस्वार्थ प्रयासों की सभी ने सराहना की है। फोजल गांव की महिलाओं ने भी बंटी और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है, जो इस आपदा के समय में पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 2 दिन में किए 448 चालान, अवैध शराब भी बरामद

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाकर 2 दिनों में 448 चालान काटे। तेज रफ्तारी, खतरनाक ढंग व लापरवाही से गाड़ी चलाने, बिना नंबर प्लेट व अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि यातायात निमयों की पालना करवाने के मकसद से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खासकर बिना नंबर प्लेट, हेलमेट और बिना कागजात के सड़कों पर चलने वाले दोपहिया वाहनों पर सख्ती से नकेल कसी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग शीर्षकों में दो दिन में 448 चालान काटे गए हैं और कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया है। एएसपी ने बताया के पुलिस का यह विशेष अभियान जारी रहेगा और यातायात निमयों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि नियमों की पालना पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए करते हुए पुलिस का सहयोग करें। वहीं, पुलिस ने बरोटीवाला थाने के तहत बिरला टैक्स टाइल कंपनी के समीप विकास प्रसाद पुत्र नरेश प्रसाद निवासी गांव कडुवाना, डाकघर व तहसील बद्दी के हवाले से 7 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की। एएसपी ने बताया के मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 17 व 18 को मनाया जाएगा गुग्गा नवमीं मेला

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध गुग्गा नवमी मेला आगामी 17 व 18 अगस्त को पबियाना में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेला प्रबंधक कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए नई कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अमर दत, संजीव ठाकुर और प्रेम ठाकुर को उपाध्यक्ष, हरदेव कुमार को सचिव, पदमदेव, संजीव और सुरेंद्र को उपसचिव, राजेंद्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया, जबकि नरेश, विवेक, सतपाल, रणजोत, सुखदेव, सोहन सिंह और विनोद को मुख्य सलाहकार तथा कविल देव व सुरेंद्र को प्रवक्ता और नरेंद्र, प्रेमपाल और मनीष को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष विक्रम ने बताया कि मेले का शुभारंभ गुग्गा महाराज की पारंपपरिक पूजा से होगा। मेले में विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा।

### पांवटा साहिब में शिव विवाह महोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। नगर भ्रमण करते हुए यह दिव्य बारात जब बद्रीपुर स्थित शिव मंदिर पहुंची, तो वहां विधिवत रूप से भगवान शिव और माता पार्वती का पावन विवाह संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं और भक्तों ने फूलों की वर्षा करते हुए बारात का भव्य स्वागत किया। जयकारों और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक अतिकांत वर्मा ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इससे माहौल और भी अधिक आध्यात्मिक और मंत्रमुग्ध हो गया।

### पारंपरिक शनोल मेला आज से शिवपुर में

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र का पारंपरिक शनोल मेला पझौता क्षेत्र के शिवपुर में 4 अगस्त को बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मेला कमेटी के प्रधान देवेंद्र हाब्बी ने बताया कि शिवपुर स्थित शिरगुल मंदिर में हर वर्ष 20 प्रविष्टे श्रावण मास को शनोल मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी समूचे क्षेत्र के लोग मेले में शिरगुंल देवता के आशिर्वाद पाने के लिए आएंगे और पूरे दिन मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के समीप एक संयुक्त पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में आयोजित एलिट क्रिकेट चैंपियनशिप के सदस्य, पत्रकार संघ राजगढ़, साई को-ऑपरेटिव सोसायटी और राइट कंप्यूटर राजगढ़ नवयुवक मंडल रतोली के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गार्ड सुलेखा और रेंज ऑफिसर दिनेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। पत्रकार संघ के सदस्य विकल्प सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है और सभी लोगों को इस वर्षा ऋतु में पौधे अवश्य लगाने चाहिए।

### लॉटरी को पुनः आरंभ करना दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन जिला अध्यक्ष रत्तन सिंह पाल ने कांग्रेस सरकार की चार दिवसीय महामंथन मंत्रिमंडल बैठक में लॉटरी को पुनः आरंभ करने की निंदा करते हुए कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय से हिमाचल प्रदेश केवल मात्र बर्बादी की ओर बढ़ेगा। हिमाचल प्रदेश ने बड़ी मुश्किल से लॉटरी नाम की बीमारी से छुटकारा पाया था और इस बीमारी को एक बार फिर कांग्रेस ने वापस बुला लिया है।

### भाजपा शहरी मंडल सोलन ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल के तत्वावधान में रविवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आयोजन किया गया। इसमं पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ-सम्मान को एक विशेष भाव के साथ जोड़ा गया। इस अभियान का नेतृत्व भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और अपनी माताओं के सम्मान में पौधरोपण कर उन्हें एक जीता-जागता उपहार समर्पित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ लगाकर हम न केवल अपनी मां को सम्मान दे रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण भी सुनिश्चित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। यह आयोजन मातृभक्ति, सेवा और प्रकृति के प्रति जागरूकता का सुंदर उदाहरण बना।

### युवाओं को जुए की लत में झोंकना चाहती है सरकार

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** दून हल्के के पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में पुनः लॉटरी प्रथा शुरू करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे न केवल जनविरोधी, बल्कि सामाजिक दृष्टि से अत्यंत हानिकारक और दिशाहीन कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि बेरोजगार युवा सरकार द्वारा किए गए वादों के अनुसार अपने लिए नौकरी मांगें। सरकार आज लॉटरी प्रथा को शुरू कर युवाओं को जुए की लत लगाकर उन्हें बर्बाद करने पर तुली हुई है । सरकार का या फैसला प्रदेश के कई परिवारों को बर्बादी की कगार पर खड़ा कर देगा।

# फंगल संक्रमण की जकड़ में आ रहे लोग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** लगातार हो रही बारिश से लोग फंगल संक्रमण की जकड़ में आ रहे हैं। इससे सोलन शहर भी अछूता नहीं है। सोलन अस्पताल में 25 से 30 मरीज इस संक्रमण के लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। खारिश, त्वचा पर लाल निशान, खुजली और घाव की शिकायतें आम हो गई हैं। बीमारी के लक्षण त्वचा के अलावा नाखून और बालों तक को प्रभावित कर रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक उमस और बार-बार पसीना आने के कारण यह संक्रमण तेजी से फैल रहा है। कई मरीजों की त्वचा पर घाव बड़े हो गए हैं, जिनका इलाज लंबा और सावधानीपूर्ण होता है।

सोलन अस्पताल में न केवल जिले भर से, बल्कि सिरमौर जैसे आस-पास के क्षेत्रों से भी मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं, जिससे अस्पताल में मरीजों की संख्या में रोजाना इजाफा हो रहा है। डॉक्टर्स की माने तो फंगस एक प्रकार का सूक्ष्मजीव है, जो गर्म और नम वातावरण में पनपता है। फंगल संक्रमण शरीर में सीधे संपर्क, सांस लेने या त्वचा में कटने या जलने के माध्यम से प्रवेश कर सकता है। कुछ फंगल संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकते हैं, जबकि अन्य दूषित वस्तुओं, मिट्टी या जानवरों के संपर्क में आने से हो सकते हैं। इसमें खुजली, लाल या सफेद धब्बे, जलन और सूजन, फटी हुई त्वचा नाखूनों में बदलाव (मोटा होना, बदरंग होना, भंगुर होना) शामिल है। चिकित्सकों ने मरीजों को इस विषय में एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि आजकल मौसम में पसीना अधिक आता है। लिहाजा हमें कोशिश करनी चाहिए कि जितने अधिक हो सके उतने खुले कपड़े पहने जाएं।



### फंगल संक्रमण से बचने के उपाय

**अपनी** त्वचा को साफ और सूखा रखें। अपने हाथों और पैरों को नियमित रूप से धोएं। संक्रमित क्षेत्र को छूने के बाद अपने हाथ धोएं। पूल क्षेत्र और लॉकर रूम में जूते पहनें। अपने नाखूनों को छोटा रखें।

### चिकित्सकों की सलाह

सोलन अस्पताल में कार्यरत स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. अभय गुप्ता ने बताया कि हाल ही के दिनों में फंगल इंफेक्शन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि यह संक्रमण तेजी से फैलता है और यदि सही समय पर इलाज न किया जाए, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। डॉ. गुप्ता ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में शरीर को सूखा और साफ रखना बेहद जरूरी है। पसीने वाले कपड़े बार-बार बदलें और संक्रमित स्थानों पर क्रीम या दवा का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से करें।

## लिक्विफाइड नाइट्रोजन गैस की सप्लाई में कमी से किसान कृत्रिम गर्भाधान सुविधा से महरूम

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** जिला सोलन के कंडाघाट उपमंडल सहित कई क्षेत्रों और जिला शिमला के साथ लगते क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान के टीके को सुरक्षित रखने के लिए उपयोग होने वाली लिक्विफाइड नाइट्रोजन गैस की सप्लाई में कमी के कारण कई जगह किसानों को कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा नहीं मिल रही। इससे उन्हें भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों और गांवों के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों जब उन्होंने अपनी गाय-भैंस बोलने पर टीका लगाने के लिए अपने समीप की पशु डिस्पेंसरियों में संपर्क किए तो इनमें तैनात कर्मचारियों ने असमर्थता जताई।

इस पर उन्हें पता चला कि इस टीके को गांव तक ले जाने वाले सर्विस कंटेंनर में उपयोग होने वाली गैस की कमी चल रही है। इसके कारण गाय भैंस को कृत्रिम गर्भाधान का टीका नहीं लगा पा रहे। गाय भैंस को समय पर यह टीका न लगे तो किसानों को बहुत समस्या और आर्थिक नुकसान होता है। यह क्षेत्र नकदी फसलों और उन्नत नस्ल की बहुत कीमती गाय-भैंस पालक के रूप में जाने जाते हैं। पशुपालक सरकारी फीस अदा करके डिस्पेंसरियों से इस टीकाकरण की सुविधा प्राप्त करते है। इन दिनों सुविधा न मिलने से परेशान लोग सरकार और विभाग से नाराज हैं। उनकी मांग है कि तुरंत व्यवस्था को सुचारु किया जाए, ताकि उन्हें और नुकसान न उठाना पड़े। इस बारे उपमंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानसी ने बताया कि कुछ स्थानों पर इस गैस की कमी है। उन्होंने बताया कि डिस्पेंसरी में बड़े कंटेंनर में जहां अधिक टीके रखे होते हैं, उसमें एक लेबल तक गैस आने के बाद सर्विस कंटेंनर के लिए गैस नहीं निकली जाती।

इससे कई जगह यह समस्या आ रही है। उपनिदेशक पशु पालन विभाग सोलन डॉ. विवेक लांबा ने बताया कि गैस की सप्लाई के लिए 31 जुलाई तक का टेंडर था। प्रदेश निदेशालय स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। फिर भी पिछली फर्म ने अभी सप्लाई दी है, जहां कमी होगी, वहां जल्द भेजी जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाता है कि किसी कंटेंनर में आवश्यक लेबल तक गैस आए, तो उससे गैस नहीं निकली जाती।

## 300 मीटर गहरी खाई में गिरा कैंटर, दो घायल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सनौरा-छैला मार्ग पर नेरीपुल के समीप रविवार को प्रातः करीब 9.30 बजे एक कैंटर का गहरी खाई में गिर जाने से भीष्ण सड़क हादसा पेश आया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कैटर में दो व्यक्ति सवार थे, जो कि इस भीष्ण हादसे में बाल-बाल बच गए। इसमें एक व्यक्ति कैंटर गिरने के दौरान बाहर कूद गया था और दूसरा गाड़ी के नीचे दब गया था। स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से गाड़ी के नीचे गहरी खाई में फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला और दोनों घायल व्यक्तियों को शिमला आईजीएमसी भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आयशर कैटर नंबर यूपी-30सीटी-1314 सेब लाने के लिए कोटखाई क्षेत्र की ओर जा रहा था कि नेरीपुल के समीप यह ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में लुढ़क गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। ट्रक में सवार दोनों व्यक्ति इस भीषण हादसे में बाल-बाल बच गए। हालांकि, वाहन को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सेब का सीजन शुरू हो गया है और प्रतिदिन इस मार्ग पर सैकड़ों वाहनों का आना-जाना लगा हुआ है। यह मार्ग लंबे समय से बदहाल अवस्था में है। बता दें कि बीते 3 दिनों से लगातार इस रोड पर जाम लग रहा है। शनिवार को शलेच कैंची के पास एक ट्रक पलट गया था करीब 4 घंटे रोड पर जाम लगा रहा। लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वैकल्पिक मार्गों की भी सुविधा नहीं है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने प्रशासन से इस मार्ग की जल्द मरम्मत और सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### कालाअंब में दर्दनाक हादसा ट्रैक्टर चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के समीपवर्ती पालियों में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ। घायल को हरियाणा नारायणगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार पालियों क्षेत्र में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए हरियाणा के नारायणगढ़ अस्पताल ले जाया गया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि चालक द्वारा नियंत्रण खो देने के बाद यह ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया। इसमें चालक आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य सवार अनीश घायल हुआ है। उधर, एएसपी योगेश रोल्टा ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## रेलवे फाटक के पास बरामदे में मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, सोलन**

▶ **पुलिस की जांच जारी, परिजनों ने नहीं जताया किसी पर शक**

पुलिस कंट्रोल रूम सोलन में सूचना मिली कि रेलवे फाटक के पास बिल्डिंग के पुराने ढारे के बरामदा में एक व्यक्ति मृत पड़ा है, जिस पर पुलिस चौकी शहर सोलन की टीम मौके पर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति मृत हालत में पड़ा था।

मौके पर मृतक के परिजनों व वहां पर मौजूद लोगों के सामने मृतक के शव का गहनता से निरीक्षण किया, तो निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट-खरोंच के निशान न पाए गए, केवल मुंह से खून निकल रहा था। मौके पर लोगों के ब्यान लेखबद्ध किए गए। सरसरी तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति की पहचान मुकेश कुमार मुन्ना पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव मही डाकखाना व तह कंडाघाट जिला सोलन हिप्र उम्र 37 वर्ष के रूप में हुई। सरसरी जांच पर पाया गया कि मृतक काफी समय से अपने आप को बिमार बता रहा था, जो एक वर्ष पूर्व गिर गया था। इस कारण उसकी पसलियां टूट गई थी तथा गिरने के कारण उसे अंदरूनी चोटें भी लगी थी, जिस पर मृतक का आईजीएमसी शिमला में ऑपरेशन हुआ था तथा कुछ समय तक आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन रहा। इसके उपरांत भी मृतक बिमार ही रहता था। मृतक चंबाघाट में ढाबा में काम करता था तथा मृतक चंबाघाट में ही मौजूद था। जांच के दौरान मृतक की मृत्यु पर उसके परिजनों व अन्य लोगों ने कोई शक शुबा जाहिर नहीं किया है। मामले में जांच जारी है।

## गर्भवती महिलाओं को दी गई अहम जानकारी

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में दाड़लाघाट के रौड़ी ग्राम में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं को एचआईवी/एड्स, ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) और स्तनपान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। इस मौके पर परामर्श विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार द्वारा महिलाओं को बीमारियों के लक्षण, रोकथाम, जांच व उपचार की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के साथ ही स्तनपान बताया। शांडिल ने बताया कि स्तनपान बच्चे के लिए पहला और सबसे संपूर्ण पोषण है। जीवन के पहले 6 महीने तक केवल मां का दूध ही देना चाहिए। इसे एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग कहा जाता है। मां का पहला दूध यानी कोलोस्ट्रम (पीला गाढ़ा दूध) शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।

## 1100 देवदार के पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से आईसी पर्यावरण और भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शिमला ग्रामीण के तहत हिमरी से नलाहा मार्ग पर 1100 देवदार के पौधों का रोपण किया। यह पौधरोपण उस क्षेत्र में किया गया, जहां हाल ही में सड़क निर्माण के कारण कई पेड़ काटे गए थे। पौधरोपण का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा था वह आज समाप्त हुआ है। संस्था के निदेशक ईश्वर चंद्र ने बताया कि हिमरी से नलाहा तक बन रही सड़क के कारण जो पेड़ कटे, उनकी भरपाई के लिए हमने देवदार के पौधे लगाए हैं। हमारा यह कार्य पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक जिम्मेदारी का हिस्सा है, जब यह सड़क पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो जाएगी, उसके बाद भी हम इस मार्ग पर और अधिक पौधरोपण करेंगे। संस्था के निदेशक ईश्वर चंदर ने बताया कि हमारा प्रयास केवल कटे वृक्षों की भरपाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कार्य ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्या से निपटने की दिशा में भी एक योगदान है।।

## सीबीएसई वॉलीबाल क्लस्टर अंडर-17 बालिका वर्ग में किप्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सीबीएसई वॉलीबाल में हिस्सा लेने पहुंची कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कगदाना (हरियाणा) में आयोजित सीबीएसई वॉलीबाल क्लस्टर टूर्नामेंट में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा की अंडर-17 बालिका वॉलीबाल टीम ने अपने बेहतरीन खेल कौशल, सामूहिक तालमेल और आत्मविश्वास के बल पर शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने प्रतियोगिता के प्रथम लीग मैच में आयशर पब्लिक स्कूल को 2-0 से पराजित कर विजयी शुरुआत की।

इसके बाद दूसरे मुकाबले में गुरु नानक मिशन स्कूल, पांवटा साहिब को भी 2-0 से हराकर टीम ने अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध किया। तीसरे मैच में माउंट शिवालिक स्कूल के खिलाफ भी टीम ने 2-0 से निर्णायक जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में अपनी अजेय बढ़त को बनाए रखा। लगातार तीन जीतों के साथ टीम ने यह साबित कर दिया कि उनके खेल में न केवल तकनीकी दक्षता है, बल्कि जज्बा, धैर्य और सामूहिक समर्पण भी भरपूर है।

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया एवं उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने टीम की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सराहां अस्पताल में डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने की मांग

**संजय राजन अनंत ज्ञान**

▶ **विधायक रीना कश्यप विधानसभा में उठाएंगी मुद्दा**

**सराहां।** उपमंडल पच्छाद मुख्यालय का नागरिक अस्पताल सराहां डॉक्टरों के पद रिक्त होने के चलते खुद ही बीमार पड़ा है। लोगों की बार-बार मांग के बावजूद भी अभी तक इस नागरिक अस्पताल में मात्र दो ही डॉक्टर उपलब्ध हैं। मतलब की पच्छाद उपमंडल की 34 पंचायतों सहित हरियाणा राज्य के मोरनी क्षेत्र की करीब दो से तीन पंचायतें भी इसी अस्पताल के भरोसे हैं।

अस्पताल में 11 डॉक्टर्स के पद स्वीकृत है, जिसमें से केवल दो ही डॉक्टर्स दिन-रात सेवाएं देने के लिए मजबूर हैं। पच्छाद की जनता स्वास्थ्य सेवाओं से परेशान चल रही है। इसी समस्या को लेकर पच्छाद विधायक रीना कश्यप ने नागरिक चिकित्सालय सराहां में डॉक्टरों के रिक्त पदों को जल्द भरने तथा लोक निर्माण विभाग मंडल पच्छाद की सड़कों की दुर्दशा बारे एसडीएम पच्छाद के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में विधायक ने कहा कि इस अस्पताल के अंतर्गत पच्छाद क्षेत्र की 34 से 40 पंचायतें लाभान्वित होती हैं। चिकित्सकों के 11 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इस अस्पताल में केवल दो ही चिकित्सक उपलब्ध हैं। इस कारण इन पंचायत के लगभग 50,000 नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रीना कश्यप ने कहा कि यहां डॉक्टर्स न होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए यहां से नाहन, सोलन, शिमला या चंडीगढ़ मरीजों को ले जाना पड़ रहा है। यहां तक की बहुत से लोगों की रास्ते में ही उपचार न मिलने के कारण मौत हो रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जल्द सभी डॉक्टर्स के सभी पदों भरें, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। वहीं, विधायक रीना कश्यप ने अपने निर्वाचन क्षेत्र पच्छाद की विभिन्न सड़कों विशेष कर सराहां- चंडीगढ़, डूंगाघाट किला-कलांच, सराहां-मंडी खडाना, कांगर-मडीघाट -सुल्तानपुर, बागथन-लाणा म्यूं, नैनाटिक्कर-ढंगयार, नैनाटिक्कर-डकोत्थर तथा मडीघाट-बागथन आदि सड़कों की दशा बहुत खराब है। इससे किसानों व बागवान को अपनी नकदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन सड़कों को जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। विधायक रीना कश्यप ने कहा कि वह इन मुद्दों को विधानसभा सत्र में उठाएंगी। रीना कश्यप ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से आग्रह करते हुए कहा कि इन पदों को जल्द भरा जाए तथा सड़कों को जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि यहां की जनता को आंदोलन करने के लिए मजबूर न होना पड़े। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव भंडारी, बीडीसी पच्छाद अध्यक्ष सुरेंद्र नेहरू, व्यापार मंडल सराहां कुनाल गर्ग, प्रकाश भाटिया, जगदीश अत्री आदि मौजूद रहे।

## पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में नन्हें कलाकार अपनी सुरीली आवाज से सभी को आश्चर्य चकित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि का स्वागत विद्यालय के ब्रास बैंड के वाद्ययंत्रों बी फ्लैट, टेनोर, ट्रोंबों, बी फ्लैट कोर्नेट और बी फ्लैट इयुफोनेट की मधुर धुनों से किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत ओक सदन के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई।

स्वागत संबोधन का उद्घाटन अक्षय और यामिनी सिंह द्वारा किया गया। इसके पश्चात ओक सदन के होनहार विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय संगीत की धुन, तबलावादक के ताल-लय और हारमोनियम की आवाज ने हाल में बैठे हुए श्रोतागण और अध्यापक व अध्यापिकाओं का मन मोह लिया। इस शानदार प्रस्तुति के बाद विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका तत त्वम असि प्रस्तुत की गई। लघु नाटिका के पश्चात विद्यार्थियों ने पश्चिमी संगीत की प्रस्तुति से सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। एक के बाद एक उभरते नन्हें कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में हॉल में बैठे सभी श्रोतागण और अध्यापक वर्ग को गाने पर मजबूर कर दिया। पश्चिमी संगीत के बाद विद्यालय की बालिकाओं द्वारा नृत्य-गान व डांस से सब का मन मोह लिया। अंत में ओक सदन के रुशान मेहतानी और अनामिका बेलदार ने सभी का तह दिल से धन्यवाद किया।

**प्रयासरत** जगत सिंह नेगी ने सेब मंडी सोलन और एचपीएमसी संयंत्र परवाणू का किया निरीक्षण

## बागवानी में डिजिटल एग्रीटेक सेवाओं पर 5 करोड़ की योजना

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र को और अधिक विकसित कर रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता का प्रमुख स्तंभ बनाने के लिए प्रयासरत है।

जगत सिंह नेगी सोलन के परवाणू में हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन व प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) संयंत्र का निरीक्षण कर रहे थे। नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसान उद्यम नवाचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यह केंद्र बागवानी उत्पाद के व्यापार और बगावानी क्षेत्र को प्रौद्योगिकी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए डिजिटल एग्रीटैक सेवाएं सृजित की जा रही हैं। इस पर 5 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। इसके अंतर्गत बागवानी प्रथाओं को बढ़ावा देने, उत्पादकता में सुधार, विपणन के लिए डिजिटल प्लेटफार्म और कृषि आय को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एचपी शिवा परियोजना के तहत वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं, ताकि नई किस्म के फलों को तैयार कर बागवानों की आर्थिकी को और मजबूत बनाया जा सके।



मंत्री जगत सिंह नेगी परवाणू में एचपीएमसी संयंत्र का निरीक्षण करते हुए।

बागवानी मंत्री ने कहा कि राज्य में उष्ण कटिबंधीय बागवानी को बढ़ावा देने के लिए उष्ण कटिबंधीय फलों को उच्च घनत्व पौधरोपण के अंतर्गत लाया जा रहा है। इसके तहत 48 सिंचाई योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इससे लगभग 5 हजार किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस कार्य पर 200 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। नेगी ने इस अवसर पर एचपीएमसी के प्रसंस्करण संयंत्र में लगी मशीनरी, शीत भंडारण केंद्र, भंडारण यार्ड आदि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित निर्देश जारी किए। उन्होंने संतोष जताया कि एचपीएमसी प्लांट में फलों के जूस, स्वकैश, जैम, आचार व फ्रूट वाइन आदि के उत्पादन में उच्च गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। बगावानी मंत्री ने इससे पूर्व सोलन स्थित सेब मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सेब विक्रेता तथा आढ़तियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सेब सीजन के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया गया है। सरकार द्वारा बागवानों की सुविधा के लिए यूनिवर्सल कार्टन की व्यवस्था की गई है। सेब को मंडी तक समय पर पहुंचाने के लिए यातायात व्यवस्थाओं को बढ़ाया गया है तथा व्यापारियों के लिए सोलन व परवाणू सेब मंडी में बेहतर प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंध पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त परवाणू प्रोटोकॉल शैफाली शर्मा, नायब तहसीलदार कसौली जगपाल सिंह, एचपीएमसी एटीओ अंकिता सूद सहित प्लांट के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बंगाला बस्ती में नशे का बढ़ता कहर हर तीसरा युवा शराब की गिरफ्त में



मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया जागरूकता अभियान।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। माजरा, बंगाला बस्ती में नशे का जाल इस कदर फैल चुका है कि यहां का हर तीसरा युवा शराब के नशे में धुत दिखाई देता है। आलम यह है कि शाम ढलते ही गलियों में लड़खड़ाते कदम, ऊंची आवाजों में झगड़े और गाली-गलौज आम हो गई है, अब तो बच्चों को भी बाहर भेजने में डर लगता है।

रोज शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। कई बार पुलिस को सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। सबसे चिंताजनक बात यह है कि शराब और नशे के दूसरे पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस को सब कुछ पता है, लेकिन फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है क्या पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। बस्ती में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग हो, अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगे, युवाओं के लिए नशामुक्ति अभियान और पुनर्वास की व्यवस्था हो। नशा मुक्ति केंद्र की भी व्यवस्था की जाए। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग करता है कि इस गंभीर सामाजिक समस्या को नजरअंदाज न किया जाए और तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर मेरा गांव मेरा देश एक सारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता, अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर संजीव कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएससी की छात्रा ने किया सुसाइड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नीट की परीक्षा में कम अंक आने से आहत एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। छात्रा अभी राजस्थान के सीमावर्ती भगवाड़ी में पढ़ाई कर रही थी। साथ ही नीट परीक्षा की भी तैयारी कर रही थी, लेकिन नीट परीक्षा में कम अंक आने से छात्रा तनाव में रहने लग गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छात्रा का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। छात्रा बीएससी फर्स्ट ईयर में पढ़ती थी। जानकारी के अनुसार गांव कुंजपुरा निवासी अंशु ने शनिवार देर शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उसे बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि अंशु ने हाल ही में हुई नीट की परीक्षा दी थी। जिसमें उसके कम नंबर आए थे। रिजल्ट के बाद से ही वह तनाव में थी।

### स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रविवार को चंडीगढ़ में 'मेरा युवा भारत-चंडीगढ़' (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), जीएमएसएसएस खुड्डा अलीशेर की एनएसएस इकाई, करुणा इको कंपैनियंस फाउंडेशन, ग्लोबल यूथ फेडरेशन एवं जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से एक व्यापक स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में एनएसएस एवं 'माय भारत' के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी खुशवंत सिंह ने किया। स्वयंसेवकों ने वन क्षेत्र की झाड़ियों, रास्तों और सीमाओं की सफाई कर एकल उपयोग प्लास्टिक को अलग-अलग थैलों में इकट्ठा किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. नेमी चंद (राज्य समन्वयक अधिकारी, एनएसएस) ने युवाओं के उत्साह की सराहना की और इसे सामाजिक बदलाव की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। विशेष अतिथि विनय कुमार (जिला युवा अधिकारी) ने इसे ऊर्जा और जागरूकता का स्रोत कहा। अंत में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

### टैब वितरण घोटाले की निष्पक्ष जांच करवाए सरकार: सैलजा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार से कोविड काल में हुए टैब वितरण घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 700 करोड़ रुपए खर्च कर खरीदे गए पांच लाख टैबलेट बिना सिम और इंटरनेट सुविधा के आज बंद पड़े हैं और छात्रों के लिए सिर्फ एक खिलौना बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में शुरू हुई थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे बर्बाद कर दिया। इन टैब्स में तीन साल तक का पाठ्यक्रम डाला गया था, लेकिन डेटा अपडेट नहीं किया गया। सरकार की ओर से इनका सही उपयोग सुनिश्चित करने के बजाय छात्रों से टैब वापस ले लिए गए, जबकि दुरुपयोग करने वालों की संख्या बहुत कम थी। उन्होंने कहा कि सरकार बिना ठोस योजना के अधिकारियों पर आंख मूंदकर भरोसा करती है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय और इंटरनेट तक नहीं हैं, ऐसे में डिजिटल उपकरणों का लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने शिक्षा ढांचे को मजबूत करने की प्राथमिकता देने की भी मांग की है।

### जींद-रोहतक रूट पर चांदी टोल प्लाजा शुरू

**अनंत ज्ञान, जींद।** जींद-रोहतक नेशनल हाईवे पर चांदी गांव के पास टोल प्लाजा शुरू हो गया है, जिसके चलते हरियाणा और पंजाब रोडवेज ने बस किराया 70 रुपए से बढ़ाकर 80 रुपए कर दिया है। यह दो महीनों में दूसरी बार किराया वृद्धि है। पहले रोहतक में फ्लाईओवर निर्माण के कारण बसों को पांच किलोमीटर अतिरिक्त घूमना पड़ा था, तब पांच रुपए का इजाफा हुआ था। अब टोल शुल्क के चलते 10 रुपए और जोड़े गए हैं। जींद से रोहतक की दूरी लगभग 64 किलोमीटर है। यात्रियों ने किराया वृद्धि पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकतम पांच रुपए की ही बढ़ोतरी होनी चाहिए थी। उन्होंने मांग की कि फ्लाईओवर निर्माण पूर्ण होने के बाद यदि रूट सामान्य हो जाता है, तो किराया घटाया जाए। जींद डिपो के ड्यूटी इंस्पेक्टर जसमेर खटकड़ ने बताया कि टोल लागू होने पर पंजाब रोडवेज ने पहले ही 10 रुपए किराया बढ़ाया था, जिसे अब हरियाणा रोडवेज ने भी लागू कर दिया है।

# जल्द शुरू होगी 'जल सखी योजना', महिला समूहों को मिलेगा पेयजल प्रबंधन का जिम्मा : सीएम

## देहरादून में आयोजित रक्षाबंधन समारोह को मुख्यमंत्री धामी ने किया संबोधित

**अतंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए जल्द ही 'जल सखी योजना'' शुरू करने जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपने की भी तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में हरबंस कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल, गढ़ीकैंट, देहरादून में आयोजित रक्षाबंधन समारोह 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नए कनेक्शन, बिल वितरण, बिल वसूली और योजनाओं के रखरखाव का काम भी आउटसोर्स के आधार पर महिला समूहों को दिया जाएगा। ये सब केवल योजनाएं नहीं हैं, बल्कि ये बहनों के प्रति मेरी जिम्मेदारी और प्रेम है।



मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन समारोह में माताओं व बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई देते हुए पंचायत चुनावों में व्यापक समर्थन देने के लिए समस्त उत्तराखंडवासियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति के प्रेम और आशीर्वाद से उन्हें प्रदेश की और अधिक सेवा करने के लिए भरपूर ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व पारस्परिक प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व होने के साथ ही हमें हमारे सामाजिक कर्तव्यों का बोध करवाने वाला त्योहार भी है, जो बहनों के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक भाई के रूप में माताओं-बहनों की सेवा में उपस्थित हैं। उन्होंने अपील की कि प्रदेश की किसी भी बहन-बेटी को कभी भी कोई परेशानी हो तो वे सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में संपर्क करें, मुख्यमंत्री का प्रयास रहेगा कि वे स्वयं माताओं व बहनों की परेशानी का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण कर एक भाई होने का कर्तव्य निभा सके। आज देश में प्रधानमंत्री मोदी बेटियों एवं महिलाओं को हर प्रकार से सक्षम, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। देश की महिलाएं खेत में अनाज उगाने से लेकर अंतरिक्ष प्रोगामों का हिस्सा बनने तक और खेलों में मेडल लाने से लेकर सेना में कमान संभालने तक, हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमनें सरकारी नौकरियों में प्रदेश की महिलाओं को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर रोजगार के क्षेत्र में मातृ शक्ति की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमनें 'स्वयं सहायता समूहों' को करोड़ों रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रदेश की महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पाद हमारे 'हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड' के जरिए आज विश्व के कोने-कोने तक पहुंच रहे हैं।

# चंडीगढ़ नगर निगम ने एसडब्ल्यूएम नियमों के उल्लंघन पर पंजाब एंड सिंध बैंक पर लगाया जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**





चंडीगढ़ की स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने की दिशा में एक सख्त कदम उठाते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने सेक्टर 17-बी स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) नियमों के नियम 4 के तहत 5000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

बैंक को अपने परिसर के बाहर निर्माण एवं ध्वस्तीकरण मलबे को बिना अनुमति जमा करने और नगर निगम के बार-बार नोटिस व मौखिक चेतावनियों के बावजूद मलबा न हटाने का दोषी पाया गया। यह मलबा सार्वजनिक असुविधा का कारण बन रहा था और शहर के सौंदर्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा था।

नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने इस कार्रवाई के साथ स्पष्ट संदेश दिया कि सार्वजनिक स्वच्छता के मामले में कोई भी व्यक्ति या संस्था कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने एसडब्ल्यूएम नियमों के पालन में 'शून्य सहिष्णुता नीति' की पुनः पुष्टि की और सभी नागरिकों, संस्थानों एवं व्यवसायों से अपील की कि वे निर्धारित अपशिष्ट निपटान मानदंडों का ईमानदारी से पालन करें।

आयुक्त ने यह भी कहा कि चंडीगढ़ की सुंदरता और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी अपवाद के सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम शहरभर में नियमित निगरानी जारी रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर ऐसे दंडात्मक कदम उठाता रहेगा ताकि शहर की स्वच्छता का स्तर बनाए रखा जा सके।

# मात-पिता गोधाम महातीर्थ में लगाया मासिक भंडारा



**अनंत ज्ञान, मोहाली**

मात-पिता गोधाम महातीर्थ में आज 165वें भंडारे में अन्य राज्यों से पधारे गो भक्तों ने भजन गायक प्रवीन वाधवा के भजनों से मंत्रमुग्ध होकर गो माता का आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि मात-पिता गोधाम महातीर्थ में बना रहे विश्व के प्रथम मात-पिता मंदिर में हर महीने के पहले रविवार को भजन-कीर्तन भंडारा तथा गो माता की सेवा के लिए सैकड़ों की तादात में गऊ भक्त यहां पर पहुंचते हैं।

## सीईटी पास लड़कियों की नौकरी के साथ सरकार न करें राजनीति : जयहिंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा से सीईटी पास महिलाओं का एक प्रतिनिधि मंडल ने जयहिंद से मिलकर अपनी समस्या रखी। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने 2022 में सीईटी पास किया जिसके बाद हमारे एमपीएचडब्ल्यू मेन्स में भी कटऑफ से ज्यादा नंबर आए, लेकिन हमारी ज्वाइनिंग नहीं करवाई गई, जबकि कुछ लोगों की ज्वाइनिंग हुई। इस समस्या को लेकर हम मुख्यमंत्री व आयोग के चेयरमैन से भी मिल चुके है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। महिलाओं ने जयहिंद को आखिरी उम्मीद बताते हुए जयहिंद के सामने अपनी बात रखी। जयहिंद का कहना है कि जब कोई अपनी समस्या लेकर मुख्यमंत्री के दरबार में जाए और फिर भी उसकी समस्या का समाधान न हो, तो यह ठीक बात नहीं है। मुख्यमंत्री सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से अनुरोध है कि समस्या पर गौर कर जल्द समाधान करे। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह से भी अपील की इन बच्चों को न्याय दिलवाइए, कोर्ट के चक्कर मत कटवाइए। जयहिन्द ने बताया कि ये महिलाएं एमपीएचडब्ल्यू की कैंडिडेट हैं, इन महिलाओं का काम जब कोई महिला गर्भवती होती है तो वहां से इनका काम शुरू होता है, और मृत्यु प्रमाण पत्र भी यही बनाती है, यानी गर्भ से लेकर मरने तक का होता है।

# सिरसा : बरसाती पानी से खराब हुई फसल पर किसानों ने चलाया ट्रेक्टर

**अनंत ज्ञान, सिरसा**

सिरसा जिला के गांव ओढां क्षेत्र में पिछले दिनों लगातार हुई बरसात के चलते फसलों में जलभराव होने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों से पानी की निकासी न होने से नरमा व ग्वार की फसल झुलसकर खत्म हो रही है।

गांव नुहियांवाली में कुछ किसानों ने मजबूरन अपनी नरमा व ग्वार की फसल पर रविवार शाम को ट्रैक्टर चला दिया। किसान जगदीश सहारण व रणवीर सिंह ने बताया कि बरसात अधिक होने के चलते नरमा व ग्वार की फसल में कई दिनों से पानी खड़ा था। आस पड़ोस के खेतों में भी जलभराव होने के कारण वे फसल से पानी भी नहीं निकाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि काफी समय से पानी खड़ा रहने के चलते पौधे गलकर खत्म हो रहे थे। ऊपर से और बरसात हो रही है। ऐसे में उन दोनों को करीब 4 एकड़ नरमा व ग्वार की फसल में हल चलाना पड़ा। किसानों ने बताया कि उन्होंने कुछ अपनी व कुछ भूमि ठेके पर लेकर काश्त की थी। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार फसल अच्छी होगी, लेकिन उन्हें खरीफ की फसल में घाटा उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब आगामी फसल का भी समय नहीं है, इसलिए उन्हें दोहरा नुकसान उठाना पड़ेगा।

किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिन किसानों की जलभराव या बरसात की वजह से फसलें खराब हुई है उनकी स्पेशल गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा नाथूसरी चोपटा खंड के करीब 10 गांवों में 2608 एकड़ से अधिक कृषि भूमि जलभराव की चपेट में आ चुकी है। कृषि विभाग के अनुसार, इनमें से 1110 एकड़ में 50 से 75 प्रतिशत तक फसल खराब हो चुकी है, जबकि 1500 एकड़ भूमि पर 100 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है।

## देश-विदेश

# वाराणसी-प्रयागराज के 1 लाख घरों में भरा गंगा नदी का पानी

## बिहार के सभी 38 जिलों में भी तेज आंधी-बारिश का अलर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। राज्य में गंगा-यमुना, बेतवा नदियां उफान पर हैं। काशी में सभी 84 घाट गंगा में डूबे हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है।

**राजस्थान के 9 जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट**

रविवार सुबह 6 बजे गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेंमी ऊपर बह रहा है। खतरे का निशान 71.4 मीटर है। आज राज्य के 71 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 7 जिलों में बहुत तेज बारिश हो सकती है। बिहार के सभी 38 जिलों में भी तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। 18 जिलों में ऑरेंज, तो 20 जिलों में यलो अलर्ट है। बीते 24 घंटे में पटना समेत 13 जिलों में बारिश हुई। पटना में 666.20 मीमी बारिश दर्ज की गई है। यहां सड़कों पर 2 फीट तक पानी भरा।

वहीं, मध्य प्रदेश में 9 जिलों में आज तेज बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। साथ ही अगले 2 दिन तक ऐसा मौसम बना रहेगा। इसके अलावा राजस्थान के 9 जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट है। यहां बीकानेर के नोखा में दो मकान ढह गए। यहां आसपास के 7 मकान भी खाली कराए गए हैं। हनुमानगढ़ में भी एक मकान गिरा। (अनंत ज्ञान)

## डाक विभाग का ऐलान

### अब स्पीड पोस्ट में मर्ज होगी रजिस्टर्ड पोस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग ने बड़ा ऐलान किया है, जिसमें बताया गया है कि 1 सितंबर से रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को अब स्पीड पोस्ट के साथ ही मिला दिया जाएगा। यानी अब ग्राहकों को पार्सल भेजने के लिए सिर्फ स्पीड पोस्ट की ही सुविधा मिलेगी। डाक विभाग ने बताया है कि इस फैसले के बाद पोस्ट सर्विस तेज और आधुनिक बनेगी। भारत में रजिस्टर्ड पोस्ट सर्विस की सुविधा साल 1854 में शुरू की गई थी। इसके जरिए ग्राहक जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ कीमती सामानों को भेजा करते हैं। रजिस्टर्ड पोस्ट सर्विस में प्रूफ ऑफ डिलीवरी और रिसीवर के सिग्नेचर की जरूरत होती थी, जो अब ये स्पीड पोस्ट में मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

# संसद में मतदाता सूची में संशोधन पर चर्चा को सरकार टाल रही : गोगोई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में डिप्टी लीडर ऑफ अपोजीशन गौरव गोगोई ने रविवार को चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है।



असम कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक से पहले मीडिया से बात करते हुए गोगोई ने कहा कि आज जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह है। सरकार इस पर चर्चा से क्यों भाग रही है? क्या यह बीते विधानसभा और लोकसभा चुनावों में की गई किसी गड़बड़ी को छिपाने की कोशिश है? वहीं, जब कांग्रेस नेता से पूछा गया कि सरकार का तर्क है कि चुनाव आयोग किसी विभाग के अंतर्गत नहीं आता, इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती। गोगोई बोले- ये बेतुकी बाते हैं, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री और सरकार करती है, ऐसे में जवाबदेही भी बनती है। (अनंत ज्ञान)

### शाह ने पहलगाम हमले में खुफिया विफलता की जिम्मेदारी नहीं ली

**गोगोई** ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति न तो संवेदना जताई और न ही खुफिया विफलता की जिम्मेदारी ली, जो उनके मंत्रालय के अधीन है। बैठक में कांग्रेस की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हो रही है। असम की 126 विधानसभा सीटों पर चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में संभावित हैं।

# गाजा में अपनी कब्र खोद रहे इसराइली बंधक

## हमास ने वीडियो किया जारी, कहा- आजाद फिलिस्तीनी देश बनने तक लड़ते रहेंगे

**एजेंसी, गाजा**

गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर हमास ने शनिवार को कहा है कि वह आजाद फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनने तक हथियार नहीं छोड़ेगा। हमास का 2007 से गाजा पर नियंत्रण है। हमास ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ की बातों का जवाब दे रहे हैं। विटकॉफ ने कहा था कि हमास हथियार डालने के लिए तैयार है। इस बीच, इसराइल पर दबाव बढ़ाने के लिए हमास ने शनिवार को 24 साल के इसराइली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया।

इसमें डेविड काफी कमजोर और एक गड्ढा खोदता हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में डेविड बताते हैं कि मैं अपनी कब्र के लिए गड्ढा खोद रहा हूं। शुक्रवार को भी डेविड का वीडियो जारी किया गया था। डेविड के परिवार ने हमास पर क्रूर प्रचार और बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया। साथ ही इसराइल और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात की वजह अभी सामने नहीं आई है। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। साथ ही चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी है। (अनंत ज्ञान)



## खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट सुखी की अमेरिका में मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी को खालिस्तानी समर्थकों से लगातार धमकियां मिल रही थीं। फिर भी वह अपनी बात पर अडिग रहे। उनके परिचित बूटा सिंह कलेर ने कहा कि उनकी मौत से भारत समर्थक समुदाय में शोक की लहर है। (अनंत ज्ञान)



## 'कैदी नंबर 15528' अब प्रज्वल की नई पहचान

**एजेंसी, बेंगलुरु।** पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरु की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने शनिवार को जेल में अपनी पहली रात बिताई। बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्र कैद की सजा सुनाई। सांसदों/विधायकों की स्पेशल कोर्ट के जज संतोष गजानन भट ने रेवन्ना पर 11.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को दिए जाएंगे। जेल अधिकारियों ने बताया कि सजा सुनाए जाने के बाद शाम को रेवन्ना का मेडिकल चेकअप करवाया गया। इस दौरान वह मेडिकल स्टाफ के सामने रोता रहा। हालांकि, इस दौरान उसने किसी से कोई बात नहीं की। (अनंत ज्ञान)



# यूक्रेन के परमाणु केंद्र पर हमला

## अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी का दावा, धमाके के बाद धुंआ उठता देखा

**एजेंसी, कीव**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने शनिवार को दावा किया है कि यूक्रेन के एक परमाणु केंद्र पर हमला हुआ है। एजेंसी ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र के नजदीक धमाके की आवाज सुनी और परमाणु केंद्र के एक हिस्से से धुंआ उठता देखा। अभी धमाके में हुए नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने दावा किया यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र पर तैनात उनकी एक टीम ने शनिवार को परमाणु केंद्र के नजदीक धमाकों की आवाज सुनी और साथ ही नजदीकी ठिकाने से धुआं उठता देखा। एजेंसी ने बयान में कहा कि परमाणु संयंत्र की एक सहायक सुविधा पर हमला हुआ। परमाणु निगरानी संस्था ने कहा, 'जापोरिजिया परमाणु ऊर्जा केंद्र की सहायक सुविधाए मुख्य केंद्र की परिधि से 1200 मीटर की दूरी पर स्थित है और की टीम ने दोपहर में भी उस दिशा से धुआं निकलता देखा था।' (अनंत ज्ञान)



### परमाणु केंद्रों पर पहले भी हुआ है हमला

**मार्च** 2022 में भी जापोरिजिया परमाणु संयंत्र पर हमला हुआ था। छह इकाइयों वाले इस संयंत्र पर मिसाइल से हमला किया गया था, लेकिन गनीमत रही कि उससे कोई रेडियोधर्मी पदार्थ नहीं निकला था। रूस की तरफ से यूक्रेन के नागरिक बुनियादी ढांचेए खासकर ऊर्जा प्रणाली पर खूब हमले किए गए हैं। इन हमलों के चलते यूक्रेन में कई बार ब्लैकआउट की स्थिति बनी। जनवरी 2023 में युद्ध को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने यूक्रेन के सभी परमाणु केंद्रों पर अपनी टीम स्थापित कर दी।

## बांग्लादेश में हसीना के खिलाफ मुकदमा शुरू

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ मुकदमा शुरू कर दिया है। यह मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चल रहा है। मामला 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक तरीके से दबाने से जुड़ा है। अंतरिम सरकार ने उन पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया है। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में हसीना के दो मुख्य सहयोगियों के नाम भी शामिल किए हैं। (अनंत ज्ञान)



## टैरिफ — केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह जल्द करेंगे बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात

# टैरिफ के प्रभाव पर कपड़ा मंत्रालय करेगा चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी निर्यात पर निर्भर देश के कपड़ा उद्योग ने भी टैरिफ के प्रभाव का आकलन करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर कपड़ा मंत्रालय ने भी कमर कस ली है। टैरिफ के बारे में जल्द ही केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। इसमे उद्योगपतियों से टैरिफ के प्रभाव के बारे में बात की जाएगी। इस मुलाकात में भारत-ब्रिटेन एफटीए को लेकर भी चर्चा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश सात अगस्त से प्रभावी होगा। पीटीआई को कपड़ा मंत्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार अमेरिकी टैरिफ के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

### उद्योगपतियों की प्रतिक्रिया जानना चाहती है सरकार



**पीटीआई** के अनुसार सरकार अमेरिका के टैरिफ पर उद्योग की प्रतिक्रिया जानना चाहती है। साथ ही ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अप्रयुक्त क्षमता वाले अन्य बाजारों में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। इसलिए केंद्रीय मंत्री ने कपड़ा उद्योग के विभिन्न उद्योगपतियों और परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे। चर्चाएं ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते से कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पन्न होने वाले अवसरों को साकार करने पर भी केंद्रित होंगी।

### अमेरिका को 28 % कपड़े का निर्यात

**भारत** का कपड़ा उद्योग के निर्यात का बड़ा हिस्सा भी अमेरिका पर निर्भर है। आंकड़ों की मानें तो भारत से होने वाला कुल टेक्सटाइल निर्यात का 28 फीसदी अकेले अमेरिका को जाता है। ऐसे में टैरिफ का असर इस सेक्टर पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। दरअसल, अमेरिका ने बीते वर्षों में भारत के साथ-साथ वियतनाम, इंडोनेशिया और बांग्लादेश से बड़ी मात्रा में टेक्सटाइल उत्पादों का आयात किया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### महेंद्र सिंह धोनी बोले- सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं




**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि ऋतुराज गायकवाड़ की वापसी आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी। गायकवाड़ पिछले सत्र में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे। गायकवाड़ की जगह धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी संभाली थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी लगातार संघर्ष करते रही। टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी। धोनी ने चेन्नई में एक निजी समारोह के दौरान इस बात का संकेत दिया कि चेन्नई की टीम गायकवाड़ को टीम में बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे, लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। ऋतुराज वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जाएंगे। धोनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती है। कुछ कमियां थीं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे।

## 5वां टेस्ट चौथा दिन भारत के हाथों से फिसल रहा मैच

# शतक बनाकर आउट हुए हैरी ब्रूक

**एजेंसी, द ओवल**

भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को केनिंग्टन ओवल में आज पांचवें टेस्ट का चौथे दिन का खेल जारी है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने एक विकेट पर 50 रन बनाए थे। बता दें कि भारतीय टीम दूसरी पारी में 396 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। ऐसे में उन्होंने इंग्लैंड के सामने 374 रन का टारगेट रखा। चौथे दिन के खेल की शुरुआत इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोपे ने की। डकेट ने 83 गेंदों में 54 रन बनाए और प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें केएल राहुल के हाथों कैच करवाया। उसके बाद जो रूट ने ओली पोप के साथ पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन पोप भी 34 गेंदों में 27 रन बनाकर चलते बने। उसके बाद हैरी ब्रूक ने जो रूट का साथ दिया और दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों की खूब धुलाई की। हैरी ब्रूक ने 98 गेंदों में 111 रन बनाए। उन्हें आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। उसके बाद जैकब बेथेल बल्लेबाजी करने आए। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 66 ओवरों में चार विकेट के नुक्सान पर 317 रन बना लिए थे। जो रूट (98) और जैकब बेथेल (01) रन बनाकर खेल रहे थे। मौसम खराब होने की वजह से मैच रोक दिया गया। इंग्लैंड जीत के 79 रन दूर है। (अनंत ज्ञान)




शतक लगाने के बाद खुशी जाहिर करता हैरी ब्रूक।

## ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को पांच विकेट से हराया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर यहां दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के पहले मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई। सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55, जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली।

सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया। सुपरस्टार्स की ओर से अभिषेक खंडेलवाल ने 23 गेंद में नाबाद 40 जबकि सार्थक रे ने 35 गेंद में नाबाद 41 रन बनाए। विजन पांचाल ने 29 जबकि आयुश बडोनी ने 25 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## आकाश दीप की बल्लेबाजी से कोच सितांशु खुश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच में अर्द्धशतक लगाने वाले भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने शानदार बल्लेबाजी से सबका दिल जीता। कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने भी आकाश की जमकर तारीफ की। उन्होंने तीसरे दिन शनिवार को करीब दो घंटे तक बल्लेबाजी की और 12 चौकों की मदद से 66 रन बनाए। ओवल टेस्ट में आकाशदीप दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बैटर रहे। आकाश की इस शानदार बल्लेबाजी के लिए कोच सितांशु कोटक से क्या सलाह मिली थी, इसका राज भी खुल गया है। आकाशदीप को लेकर



बीसीसीआई ने रविवार को एक वीडियो जारी किया है, जिसमें भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि जब वो होटल में मुझे लिफ्ट में मिला तो मैंने कहा कि आकाश अगर तुझे गेंद पाले में मिले तो मार देना। डिफेंस नहीं करना, क्योंकि पिछली दो बार से तुम डिफेंस के चक्कर में आउट हो रहे हो। वीडियो में कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमने उसे केवल एक चीज बोली थी कि जो गेंद रडार में हो तो रन बनाने को देखना। गिल ने वीडियो के अंत में कहा कि उसके 66 रन हमारे शतक से कम नहीं है। वीडियो में आकाशदीप ने अपनी बल्लेबाजी को लेकर कहा कि अर्धशतक तो मेरे लिए महत्वपूर्ण है ही, लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मैंने दो घंटे तक सुबह के सेशन बल्लेबाजी की। आकाश ने कहा कि मेरा माइंडसेट ऐसा था कि मुझे आउट नहीं होना। चाहे गेंद मेरे शरीर पर लगे, मुझे बस खेलना है। (अनंत ज्ञान)

## विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर

**एजेंसी, मांट्रियल**

कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब



जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी। (अनंत ज्ञान)

### साक्षी धोनी स्टाइलिश लुक में

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें फैंस में शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर साक्षी के 4.8 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो उन पर खूब प्यार लुटाते हैं।



## ब्राजील ने जीता 9वां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब



**एजेंसी, क्विटो**

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्ता के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता।

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्ता ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया।

गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्ता ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया। (अनंत ज्ञान)

### एलेक्सी पोपिरिन नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, टोरंटो।** ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।



### विश्व तैराकी चैंपियनशिप

## शोआन 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 28वें स्थान पर रहे



**एजेंसी, सिंगापुर**

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शोआन गांगुली रविवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 28वें स्थान पर रहे जिससे भारत का इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निराशाजनक अभियान भी समाप्त हो गया।

इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में नया रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन वह अपने इस प्रदर्शन को यहां नहीं दोहरा पाए और चार मिनट 30.40 सेकंड का समय लेकर आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे।

यह प्रयास उनके सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय 4:24:64 से काफी पीछे था, जो उन्होंने जून में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय तैराकों का विश्व चैंपियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और कोई भी अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। यहां तक कि कोई भी भारतीय खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय में सुधार नहीं कर पाया। (अनंत ज्ञान)

## सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकते : ग्राहम गूच

**एजेंसी, लंदन**

महान बल्लेबाज ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैचों की सीरीज दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारूप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है, लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा।

अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैचों की सीरीज में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की सीरीज में ही हिस्सा लेते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है। गूच ने कहा, ''मुझे लगता



है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।''

गूच ने कहा, ''क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।''

भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की सीरीज में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, ''यह एक शानदार सीरीज रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है, क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।'' उन्होंने कहा, ''दोनों टीमों ने काफी जज्बा दिखाया है। मुझे लगता है कि यह शानदार रहा है।'' गूच को गिल की बल्लेबाजी में कोई तकनीकी समस्या नहीं दिखती और वह उनके स्वभाव से भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ''कप्तान एक बेहतरीन खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि उनकी तकनीक शानदार है। इस सीरीज में उनकी एकाग्रता और उनका धैर्य शानदार रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

### टी20 क्रिकेट आखिरी गेंद पर वेस्टइंडीज ने जीता मैच, सीरीज 1-1 से बराबर

# वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

**एजेंसी, लॉडरहिल ( अमेरिका )**

जेसन होल्डर के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर तीन मैच की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर हासिल की। जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा, जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया।

यह कैरेबियाई टीम की पाकिस्तान के खिलाफ 100 महीने बाद पहली टी20 जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में एक अप्रैल 2017 को जीत हासिल की थी। तब पोर्ट ऑफ स्पेन वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था। होल्डर ने शानदार गेंदबाजी



करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की सीरीज में 5-0 से हराया था। (अनंत ज्ञान)